प्रयागराज, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023
बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 2, वर्ष 12, अंक 5, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00
ईद मुबारक
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित
नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

### अवकाश की सूचना

ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, अभिकर्ताओं, पत्र वितरकों एवं शुभचिंतकों को दिली मुबारकबाद । इस अवसर पर जनसंदेश टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 22 अप्रैल 2023 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 24 अप्रैल 2023 को मिलेगा।

- महाप्रबन्धक

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
SUNDAY OPEN

# अलर्ट के बीच यूपी में अलविदा की नमाज

**ईद आज**

**शहरों में फ्लैग मार्च, ड्रोन से निगरानी, खुफिया इनपुट के बाद पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई**

**आज 29 हजार मस्जिदों और 3865 ईदगाहों में अदा होगी नमाज**



**लखनऊ।** अलविदा जुमे की नमाज यूपी में हाई अलर्ट के बीच सकुशल संपन्न हुई। प्रयागराज समेत सभी शहरों में फोर्स सुबह से ही फ्लैग मार्च करती रही। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी रखी गई। सोशल मीडिया पर भी टीम नजर रखे रही। दरअसल, 15 अप्रैल की रात प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या कर दी गई थी।

हत्याकांड के बाद आज पहला जुमा है। कल यानी 22 अप्रैल को ईद भी है। ऐसे में खुफिया विभाग को इनपुट मिला है कि कुछ अराजक लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। बवाल और हिंसा का इनपुट मिलने के बाद वढ में पुलिस महकमा अलर्ट है। शहर से लेकर गांव तक सभी संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। प्रयागराज में सबसे ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। पूरे मामले पर खुद उट योगी नजर बनाए हैं। ईद-अलविदा जुमे की नमाज को लेकर प्रदेश को 849 जोन और 2460 सेक्टर में बांट कर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। कल यानी शनिवार को प्रदेश के 29 हजार 439 मस्जिदों और 3865 ईदगाहों में नमाज होगी। गौरतलब है कि पिछले साल 3 जून को पैगंबर पर की गई टिप्पणी को लेकर जुमे की नमाज के बाद कानपुर-प्रयागराज में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान जमकर पत्थर बरसाए गए थे।

## योगी सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को दी राहत

**लखनऊ।** यूपी के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियां अब स्मार्ट मीटर का खर्च नहीं वसूल पाएंगी। शुक्रवार को विद्युत नियामक आयोग में हुई जन सुनवाई में उपभोक्ताओं ने बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध किया है। बिजली कंपनियों और उपभोक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद नियामक आयोग के चेयरमैन ने आरपी सिंह ने कहा बिजली कंपनियां अपने खर्च पर स्मार्ट मीटर लगाएं। उपभोक्ता कनेक्शन के समय मीटर का चार्ज देता है उससे दूसरी बार इसके लिए धनराशि नहीं ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर पर होने वाले खर्च को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली उपभोग 15 फीसदी बढ़ा है। नई दरें तय करते समय इसे भी देखा जाएगा। सरकार की सब्सिडी घटाने और कितनी बिलिंग हो रही है। इसे भी आधार बनाया जाएगा। चेयरमैन के इस वक्तव्य से आशय निकाला जा रहा है कि इस साल भी दरों में कोई वृद्धि नहीं होगी।

# गोधरा कांड के आठ दोषियों को जमानत



**फैसला**

**चार की याचिका खारिज, ट्रायल कोर्ट ने 31 को सुनाई थी सजा**

**तीन दिन पहले 11 को जमानत देने से इनकार किया था**

**15 दोषियों की जमानत याचिका खारिज हुई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की बोगी जलाने के 8 दोषियों को शुक्रवार को जमानत दे दी। ये दोषी उम्रकैद की सजा काट रहे थे, कोर्ट ने जेल में बिताए गए 17-18 साल के समय और अपराध में उनकी भूमिका को ध्यान में रखते हुए जमानत दी। वहीं, अन्य 4 दोषियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। इसी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन 11 दोषियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दी थीं, जिन्हें ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।

ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में 31 लोगों को दोषी ठहराया था। इनमें से 11 लोगों को मौत की सजा दी गई थी, वहीं 20 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद दोषियों ने गुजरात हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने भी सभी 31 लोगों को दोषी माना था। हालांकि मौत की सजा पाए 11 लोगों की सजा उम्रकैद में बदल दी थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पादरीवाला की बेंच ने इन जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। इस मामले में कुल 31 दोषी थे, जिनमें से 15 की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। 8 दोषियों को आज जमानत मिल गई है। 7 लोगों की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। वहीं एक दोषी को पिछले साल दिसंबर में ही जमानत मिल गई थी। गुजरात सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मांग की थी- जिन दोषियों की मौत की सजा उम्रकैद में बदली गई, उन्हें दोबारा से मौत की सजा दी जाए। ये कोई ट्रेन पर पत्थर फेंकने जैसा आम मामला नहीं है। ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है। इसमें 59 लोगों को जिंदा जला दिया गया था, जिनमें महिलाएं-बच्चे भी शामिल थे।

# पीएम मोदी ने बुलाई उच्च-स्तरीय बैठक

**वीडियो कांफ्रेंसिंग**

**सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की हुई समीक्षा**

**हालात बेकाबू, शवों की सही गिनती तक नहीं हो पा रही**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह युद्ध प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। पीएम ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान वहां से देश के लोगों को सुरक्षित निकालने पर चर्चा हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी हिस्सा लिया और सूडान के मौजूदा हालात के बारे में पीएम को अवगत कराया। बैठक को लेकर पीएमओ ने बयान जारी किया है। बयान के मुताबिक, पीएम ने सूडान में हाल के घटनाक्रमों का आकलन किया और सूडान में वर्तमान में फंसे हुए 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ जमीनी हकीकत की पहली रिपोर्ट प्राप्त की।

इस दौरान पीएम मोदी ने सूडान में एक भारतीय नागरिक के निधन पर शोक व्यक्त जताया। गृहयुद्ध से प्रभावित सूडान में पिछले सप्ताह भारतीय नागरिक एक गोली का शिकार हो गया था। पीएम ने इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, विकास की बारीकी से निगरानी करने और सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का लगातार मूल्यांकन करने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम मोदी ने आगे आकस्मिक निकासी योजनाओं की तैयारी, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता के लिए लेखांकन का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के पड़ोसी देशों के साथ-साथ सूडान में बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ घनिष्ठ संचार बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि सूडान में सेना व रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी गृहयुद्ध को लेकर मंगलवार देर शाम को दोनों पक्षों ने 24 घंटे के संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी, लेकिन बहुत जल्द यह युद्धविराम टूट गया। बुधवार को पांचवें दिन तक देश में डब्ल्यूएचओ ने 270 मौतों की बात कही जबकि 2,600 से ज्यादा घायल बताए थे। इस बीच, वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत पूरे मामले पर करीबी नजर रखे हुए है और विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई व सऊदी अरब से वार्ता कर समन्वय शुरू कर दिया है। गोलाबारी व हवाई हमलों ने राजधानी खारतूम और नील नदी के ओमडुरमैन शहर को हिलाकर रख दिया है। देश में किसी अनजान जगह पर 31 भारतीयों के फंसे होने की खबरें भी हैं। भारतीयों की सुरक्षा पर जयशंकर ने चार देशों से चर्चा के बाद ट्वीट किया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान का शुक्रिया, जो हमारे संपर्क में हैं। उन्हें सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान व ब्रिटेन-अमेरिका से भी व्यावहारिक समर्थन का आश्वासन मिला है। हताहतों की निगरानी करने वाले सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट ने कहा कि यहां सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

## भाजपा ने अखिलेश-मायावती से किया खेल चेयरमैन पर सपा-बसपा के नाम वापस

लखनऊ। यूपी निकाय चुनाव में शुक्रवार को पहले चरण के लिए प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई। पहले नामांकन फिर नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद अंतिम प्रत्याशियों का नाम तय हो गया। इस बीच झांसी में चेयरमैन पद पर भाजपा ने अखिलेश और मायावती के साथ खेल कर दिया है। यहां पर सपा-बसपा समेत सभी प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया है। इससे केवल भाजपा प्रत्याशी ही मैदान में रह गया है। इससे उसका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। झांसी की चिरगांव नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिये नाम वापसी के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और निर्दलीय उम्मीदवारों समेत सभी ने अपने नाम वापस ले लिये। इसके बाद चुनावी रण में भाजपा के संजले राजा के ही रह जाने से उनकी निर्विरोध जीत का रास्ता साफ हो गया है। स्थानीय निकाय चुनाव से कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल हुये संजले राजा को चिरगांव नगर पालिका के अध्यक्ष पद का मजबूत दावेदार माना जा रहा था।

## ड्रोन-स्निफर डॉग से हमलावरों की तलाश

**श्रीनगर।** कश्मीर में सेना के ट्रक पर आतंकी हमले के मामले में नई जानकारी सामने आ रही है। डिफेंस सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में घायल एक जवान ने बताया कि रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक में कम से कम 7 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उधर, जवानों पर आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम पुंछ रवाना हो गई है। शुक्रवार दोपहर तक टीम घटनास्थल भीमबेर गली इलाके में पहुंचेगी। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम ने सुबह जाकर पूरे इलाके की जांच की। भीमबेर गली पुंछ से 90 किलोमीटर और लाइन ऑफ कंट्रोल से 7 किमी दूर है। यहां बेहद घना जंगल है। इस इलाके में 6 से 7 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी के इंटेलिजेंस इनपुट हैं।

IIT-JEE/NEET
C.U.E.T
BHU / DU / AU
B.SC
B.COM
B.A,LL.B
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
Selection 1218 in CUET
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

## मुख्तार की पत्नी आफसां पर लुक आउट नोटिस जारी

**सतर्कता**

**विदेश भागने की व्यक्त की जा रही आशंका**

**मऊ।** आईएस 191 गैंग का सरगना मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी जो मूल रूप से जनपद गाजीपुर की रहने वाली है। मुख्तार अंसारी वर्ष 2005 से जेल में है। आफसा अंसारी द्वारा मुख्तार अंसारी के आपराधिक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है, जिसके क्रम में उक्त द्वारा दो फर्में बनायी गयीं जिसमें से एक जनपद गाजीपुर में तथा दूसरा विकास कन्स्ट्रक्शन के नाम से जनपद मऊ के थाना दक्षिणटोला क्षेत्रान्तर्गत रैनी में फर्म बनायी गयी जिसमें एससी/एसटी के लोगों की जमीनों को फर्जी तरीके से ले ली गई, जिसकी जांच राजस्व विभाग से की गई तथा गड़बड़ी पाये जाने पर आफसा अंसारी तथा उनके भाइयों क्रमशः सरजील रजा व अनवर शहजाद व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया। तत्पश्चात उक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसमें आफसा अंसारी फरार चल रही है। पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा उन पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है तथा जनपद गाजीपुर से भी 50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित है। उक्त की तलाश में जनपद मऊ की तीन पुलिस टीमें गाजीपुर व अन्य संभावित स्थानों पर तलाश कर रही हैं, कहीं बाहर न जाने की आशंका में उक्त के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी हुआ है।

# यूपी में बिजली चोरी रोकने के लिए बड़ा कदम

## बिना कनेक्शन उपयोग करने वालों को मिलेगा कनेक्शन, बिना संयोजन बिजली जलाने वालों का होगा चिह्नांकन

**पहल**

**छात्र, स्वयं सहायता समूहों और विद्युत सखियों की ली जाएगी मदद**



**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के हर घर, हर परिवार को बिजली कनेक्शन का तोहफा देने जा रही है। प्रदेश में अब एक भी घर अंधेरे में नहीं रहेगा। इसके साथ ही बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. के अंतर्गत पांचों वितरण निगमों में कुल 3.27 करोड़ विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें से घरेलू प्रयोग हेतु कुल संयोजनों की संख्या 2.88 करोड़ है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कुल घरेलू विद्युत संयोजनों की संख्या कुल परिवारों की संख्या के सापेक्ष कम है। इसीलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है। ऐसे समस्त परिवार जो कि वर्तमान में विद्युत का प्रयोग कर रहे हैं, परन्तु उनके द्वारा संयोजन नहीं लिया गया है,उनको नियमानुसार संयोजन निर्गत किया जाएगा। इससे बिजली चोरी पर भी रोक लग सकेगी तथा ऐसे परिसर जो कि अविद्युतीकृत हैं का विद्युतीकरण कराकर संयोजन निर्गत कर दिया जाए।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने विभागीय स्तर पर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि विद्युतीकरण से छूटे समस्त परिवारों का चिह्नांकन आवश्यक है। इसके लिए अभियान चलाकर ऐसे परिवारों व घरों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके निवास स्थान पर वर्तमान में कोई भी वैध विद्युत संयोजन नहीं है।इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत में उपलब्ध परिवार रजिस्टर, नगरीय क्षेत्र में हाउस टैक्स / वॉटर टैक्स जमा करने वाले परिसरों का विवरण और राशनकार्ड का विवरण देखकर विद्युत संयोजन है या नहीं का निर्णय कर सकते हैं। इससे प्राप्त मूल सूचना को आधार बनाते हुए विस्तृत सर्वे कराने के लिए सरकार ने नए प्रयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत, जनपद में स्थित इंटर कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सर्वे के लिए सम्मिलित करने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानाचार्यों की एक बैठक जनपद स्तर पर कर इच्छुक छात्रों का चिन्हीकरण करते हुए छात्रों की टोलियों को क्षेत्र आवंटित कर क्षेत्र का सर्वे कराया जाएगा।निर्धारित प्रारूप पर उनके माध्यम से सूचना प्राप्त की जाएगी। सर्वे के लिए छात्रों को एक प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्य आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह एवं विद्युत सखियां कार्य कर रहे हैं। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर स्वयं सहायता समूह / विद्युत सखियों को अपने क्षेत्र में उक्त सर्वे करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

वहीं, बिलिंग एजेंसीज के कर्मचारी भी इसमें हिस्सा लेंगे। एजेंसी के साथ हुए अनुबंध में भी स्कोप ऑफ वर्क के तहत यह प्रावधान है, जिसमें कहा गया है कि एजेंसी बिजली का इस्तेमाल करने वाले नॉन कंज्यूमर को सर्च और लोकेट करेगी। सर्वे के दौरान यह देखना होगा कि घर पर वैध विद्युत संयोजन है अथवा नहीं। जिन घरों में वैध विद्युत संयोजन नहीं है वहां पर कई प्रकार की स्थिति बन सकती है।



## संक्षेप

### दो अलग-अलग गांवों में मारपीट, तोड़फोड़ व आगजनी, नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो अलग अलग गांवों में मार पीट तोड़ फोड़ आगजनी और जान से मारने की धमकी आदि के मामले में पुलिस ने दोनों मामलों में नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली निवासनीय सुषमा देवी पत्नी मनोज कुमार का आरोप है कि उसके विपक्षी एक राय होकर मारे पीटे घर के पास रखी साइकिल तोड दिए। जान से मारे की धमकी देकर भाग गए। सुषमा देवी ने मऊआइमा थाने में शशिकांत,, विक्रमादित्य, सुशील, सचिन उर्फ कौशल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम देवरा तिलकाताली राम मूरत पुत्र श्रीराम पटेल का आरोप है कि उसके बाग में विपक्षी जेसीबी से पेडों की जडों की मिटटियां काट कर टमाटर के खेत में डाल कर बर्बाद कर दिए तथा बांस के कोठ में आग लगा कर कुछ बांस काट लिए। विरोध पर दौडा कर घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। राममूरत ने अशोक कुमार, कमलेश कुमार, उमापति ,रमापति, श्याम कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# एमएमडीसी कंपनी के करोड़ों की मशीनों पर लगी जंग, रोजगार का संकट

**भुखमरी के कगार पर सिलका सैंड कंपनी के जीवन यापन कर रहे मजदूर**

पी0 सी0 पाण्डेय



**लालापुर।** क्षेत्र के गोलैया गांव के समीप पहाड़ी पर करीब 22 वर्ष पहले स्थापित एमएमडीसी कंपनी की सुध लेने वाला अब कोई नहीं है। करोड़ों रुपए की मशीनों में जंग लग गया है। हैरानी की बात है कि शंकरगढ़ क्षेत्र के सिलिका सैंड से बनने वाली फिरोजाबाद की चूड़ियां हर सुहागिन की हाथ में खनकती थी आज वहां के मजदूर भुखमरी की कगार पर हैं। कंपनी को पुनः संचालित कराने में जनप्रतिनिधि उदासीन बने हुये है। प्रदेश सरकार व केंद्र की स्पात मंत्रालय की ओर से स्थापित एम एम डी सी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी से सिलिका सैंड देश के कई हिस्सों में चल रहे सीधे सिलिका सैंड मिलता था, कंपनी में सैकड़ों मजदूर से लेकर कर्मचारी काम करते थे। वर्ष 1990 91 स्टेट मिनिरल डेवलपमेंट कारपोरेशन कम्पनी द्वारा नींव रखी गई थी। कुछ साल चलने के बाद 1996 97 यूपी एनएमडीसी ने एनएमडीसी को सौंप दिया था। लगभग 10 वर्षो तक कंपनी का परिचालन एनएमडीसी ने सुचारू रूप से किया। परंतु 2007 2008 में कंपनी को बंद कर दिया गया। वर्ष पहले कम्पनी में पर्यावरण की जन सुनवाई भी हुयी थी। जिसमें उस समय के कम्पनी के प्रभारी मृदुल दीक्षित ने उपस्थित लोगों को अस्वस्त किया कि कम्पनी को जल्द चालू किया जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य वस कुछ समय बाद मृदुल दीक्षित का अन्य जगह स्थानांतरित कर दिया गया। जिससे कम्पनी के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए। कम्पनी के कर्मचारी व मजदूरों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर डीएम प्रयागराज व जन प्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया परन्तु आज तक आस्वासन के अलावा कुछ नही मिला।

## दलित और उसके पुत्र को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पतवार जलाने को ले कर कतिपय दबंग़ों ने दलित और उसके पुत्र को दौडा दौड़ा कर लाठी डंडो से मारा पीटा और सामान तोड़ दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर(झाऊ मियां का पूरा) निवासी कुल्ली पासी पुत्र गुछर का आरोप है कि वह अपने खेत में एकत्रित खरपतवार को जला रहा था। आरोप है कि तभी उसके विपक्षी उसे दौडा दौडा कर पीटे जब वह घर की ओर भागा तो उसके पुत्र मिश्रीलाल को भी पीटे और घर का सामान तोड दिए। जान से मारने की धमकी और जाति सूचक गालियां देते हुए भाग गए। कुल्ली पासी ने मऊआइमा थाने में रामबहादुर पटेल उर्फ नन्हें, ज्ञानी पटेल, राजा, भारत, बडेलाल के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# समस्याओं को लेकर अफसरों की चौखट पर दौड़ रहे फरियादी

**वर्षो से धूल फांक रही हकबन्दी सहित अन्य मामलों की फाइलें**

**कोरॉव।** सरकारी स्तर पर आम फरियादियो की समस्याओं के निस्तारण के लिए भले ही तमाम दिशा निर्देश जारी किए जाते रहते हो लेकिन आदेशों की जमीनी हकीकत बहुत अलग है। आलम यह है कि तहसील में तैनात राजस्व कर्मी पूरी तरह से बेलगाम दिख रहे हैं बिना सुविधा शुल्क किसी भी काम की शुरूआत राजस्व कर्मियों द्वारा नहीं की जाती है जिसके कारण गरीब फरियादी अपनी समस्या को लेकर लगातार तहसील का चक्कर काटते दिख रहे हैं। आरोप है कि सुविधा शुल्क के चक्कर में राजस्व कर्मियों द्वारा समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता। मुख्यमंत्री की तरफ से भ्रष्टाचार एवं भू माफियाओं पर कार्यवाही के लिए त्वरित निर्देश दिए गए हैं किंतु तहसील प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है दूरदराज से समस्या लेकर आए फरियादियों के निस्तारण के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार निर्देश दे रहे हैं लेकिन राजस्व कर्मी मौके पर निस्तारण कराने नहीं पहुंच रहे हैं। शासन द्वारा सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण चक मार्गो व तालाबों पर हुए कब्जे को खाली कराने के लिए संवेदनशील है जनता के समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समाधान दिवस थाना दिवस के साथ अफसरों को प्रतिदिन कार्यालयों पर बैठकर जनसुनवाई करने का कड़ाई से निर्देश दिया गया है किंतु अफसरों की मनमानी के चलते फरियादियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। लेखपाल, कानूनगो तहसील प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं। कई माह बीत जाने के बाद भी निस्तारण नहीं होने की दशा में समस्याएं बरकरार बनी हुई है। अफसर जानते हुए भी अनजान दिख रहे हैं। फरियादी समस्या को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। आरोप है कि तहसील के आला अफसर भी जन समस्याओं को लेकर संवेदनशील नहीं देख रहे हैं जिसके कारण हक बंदी सहित कई अन्य तरह की फाइले वर्षों से तहसील में धूल फांक रही हैं। इतना जरूर है कि जिन मामलों में राजस्व कर्मियों को सुविधा शुल्क मिल जाता है वहां पर वह जांच पड़ताल करने पहुच जाते है।

## संक्षेप

### अब प्यासा नहीं रहेगा जमुनापार : डॉ.पाण्डेय

**जागृति मिशन का प्रयास लाया रंग, सर्फेस वाटर पेयजल परियोजना का खाका तैयार**



**करछना।** जमुनापार में कभी चार दशक पहले हेमवती नंदन बहुगुणा और शास्त्री जी के अथक प्रयास से देवघाट, धनावल, कोहडाऱ घाट, नारीबारी पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया गया था। नदियों के पानी को लिफ्ट से उठाकर क्षेत्र के मेजा, करछना बारा, कोरांव के सुदूर सुरूर सैकड़ों गांवों में पानी पहुंचाया जा रहा था।कालांतर में पेयजल योजनाओं की बदहाली के चलते लोगों को पानी की जटिल समस्या से जूझना पड़ रहा है।जागृति मिशन द्वारा दशकों पूर्व से ही पेयजल की गंभीर समस्या को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के साथ साथ जनप्रतिनिधियों समेत शासन, प्रशासन का घेराव करते हुए इसके लिए गुहार लगाई। यह अनवरत प्रयास रंग लाया और पेयजल की जटिल समस्या को गंभीरता से लेते हुए अब केंद्र सरकार द्वारा सर्फेस वाटर पेयजल परियोजना के तहत गांव-गांव पानी पहुंचाने के लिए खाका तैयार किया जा चुका है।शीघ्र ही गंगा,यमुना नदियों पर इनका निर्माण कर सुदूर क्षेत्रों तक आसानी से पानी पहुंचाया जाएगा। यह बातें वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश द्विवेदी की अध्यक्षता में करछना में हुई एक बैठक के दौरान मिशन के संयोजक और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.भगवत पांडेय ने कही। डॉ. पांडेय ने बताया कि विगत कई वर्षों से खासतौर से गर्मी के दिनों में कोरांव, शंकरगढ़ के कंकरीले, पथरीले क्षेत्र में बसे गांवों मजरों में लगातार पानी के अभाव में लोगों को जूझना पड़ता था।सैकड़ों टैंकरों द्वारा सुदूर गांवों में पानी पहुंचाया जाता था जो सिर्फ ऊंट के मुंह में जीरे की तरह साबित होता था। विगत दिनों अधिशाषीअभियंता राकेश वैश्य से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि पानी के इस गंभीर समस्या को लेकर भारत सरकार द्वारा सर्फेस वाटर पेयजल योजना के तहत कई करोड़ रुपए की परियोजना का पूरा खाका तैयार हो चुका है। जिसमें गंगा के पानी को बडोखर, कोरांव और माण्डा क्षेत्र के सुदूर गांवों में और यमुना के पानी को शंकरगढ़, बारा क्षेत्र के पथरीले क्षेत्र में बसे गांवों तथा वाश करके सर्फेस वाटर परियोजना द्वारा पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया जा चुका है। शीघ्र ही योजना का टेण्डर व क्रियान्वयन शुरू होगा और कुछ दिनों बाद पानी की गम्भीर समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। मिशन के लोगों ने कहा कि अपनी अनियतकालीन पत्रिका लोकध्वनि सहित अखबारों के माध्यम से मिशन द्वारा लगातार आवाज उठाते रहने और सरकार तक इसकी गुहार लगाने के बाद यह प्रयास रंग लाया और परियोजना तैयार किये जाने से लोगों में नया भरोसा पैदा हुआ है। बैठक के दौरान दिनेश तिवारी, शोभनाथ द्विवेदी, मनीष तिवारी, कमला शंकर त्रिपाठी, प्रजापति राजमणि चौधरी, विद्याधर मिश्र, कृष्णा कान्त निषाद, रिंकू सिंह, बृजेश द्विवेदी, कल्लू पाल, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मुंबई जा रहा युवक छिवकी रेलवे स्टेशन के समीप से लापता

**नैनी।** मुंबई कमाने के लिए घर से निकले युवक का पांच दिन पहले लापता हो गया। इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने युवक की पत्नी से पति के सलामती के लिए मिलने के साथ दो लाख की फिरौती मांगी है। परेशान पत्नी ने पुलिस को लिखित सूचना दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारी बारी का रहने वाला मोहम्मद शेबू उम्र 32 वर्ष पुत्र मोहम्मद शहीद पांच भाई है। शेबू के 5 बच्चे हैं। वह अपनी पत्नी तराना और बच्चों के साथ रहकर कबाड़ का काम करता है। 3 साल पहले वह सऊदी में कबाड़ का काम करता था। बाद में इस कारण से वापस लौट आया था। लगभग तीन साल से वह अपने इलाके में ही कबाड़ का काम कर रहा था। बीते एक महीने पहले उसने सऊदी वापस जाने के लिए वीजा पासपोर्ट अप्लाई किया था। जिसमे उसका मेडिकल होना था। मेडिकल के लिए लखनऊ भी गया, लेकिन उसे वहां से वापस कर दिया गया। इसके बाद वह अपने घर लौट आया था। बीते 17 अप्रैल को वह अपने ससुराल करछना में था। जहां लगभग 11:00 बजे सुबह वह मुंबई जाने के लिए चौकी स्टेशन पहुंचा और घरवालों को मुंबई जाने की जानकारी दी। कुछ देर के बाद युवक का फोन स्विच ऑफ हो गया। घर वालों ने सोचा कि मुंबई पहुंचने के बाद से बातचीत होगी। लेकिन बीच में उसका फोन बंद हो गया। वह कहा गया किसी को कुछ पता नहीं। दो दिन बाद यानि बुधवार को युवक के ही मोबाइल से किसी अन्य युवक ने उसकी पत्नी तराना को फोन किया और उससे अश्लील बातें करने लगा।

### शुआट्स में बेसिक एक्सट्रैक्शन टेक्निक्स पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

**नैनी।** सैम हिंगिनबॉटम विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री एवं बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा 'बेसिक एक्सट्रैक्शन टेक्निक्स' विषय पर आयोजित कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हो गया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से चयनित 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला उद्घाटन में मुख्य अतिथि डॉक्टर सयैद इब्राहिम रिजवी थे। उद्घाटन समारोह के बाद डॉक्टर अभिषेक शरण, डॉक्टर अखिलेश बिंद, डॉक्टर देवेंद्र प्रसाद मौर्य के द्वारा सेल डिस्ट्रप्शन और फ्लॉक्यूलेशन विषय पर दो प्रायोगिक सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रोटीन के प्रेसिपिटेशन और एकवस टू-फेज एक्सट्रैक्शन के बारे में सीखा इस प्रायोगिक सत्र को डॉक्टर अभिषेक शरण ने संचालित एवं निर्देशित किया। कार्यशाला के तीसरे दिन प्रथम सत्र में डॉ रूपिका सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एमएनएनआईटी, इलाहाबाद, प्रयागराज द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया।उनके व्याख्यान का शीर्षक ह्लखाद्य परिरक्षकों के रूप में रोगाणुरोधी पौधे का अर्कह्व था। डॉ सिन्हा ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में पौधों के अर्क का उपयोग करने की आवश्यकता और सिंथेटिक परिरक्षकों के नुकसान के बारे में बताया एवं पौधों से अर्क के निष्कर्षण हेतु विभिन्न तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की तथा उनके रोगाणुरोधी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के द्वितीय सत्र सॉक्सलेट एक्सट्रैक्शन और रोटरी इवेपोरेटर का उपयोग करके पौधों से क्रूड फैट परीक्षण का एक व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।इस सत्र का कुशल संचालन बायोकेमिस्ट्री एवं बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग के ही डॉ. शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यशाला के चौथे दिन के प्रथम सत्र में डॉक्टर देवेंद्र सिंह (श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी) के द्वारा पेटेंट के लिए उत्पादों के विकास/उत्पादन के व्यावहारिक पहलुओं पर अतिथि प्रवक्ता द्वारा एक आकर्षक व्याख्यान दिया गया एवं द्वितीय सत्र में लिग्नोसेलुलोसिस फरमेंटेबल शुगर के एक्सट्रैक्शन का चित्ताकर्षक प्रदर्शन डॉक्टर सुखेन्द्र सिंह (जीयलए यूनिवर्सिटी, मथुरा) के द्वारा किया गया। दोनों सत्र में प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछ के वैज्ञानिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। प्रतिभागियों के द्वारा सीखने के लिए उत्साह और उत्सुकता का एक उच्च स्तर प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागियों ने विभागाध्यक्ष महोदय से इसी तरह के और भी कार्यशाला को आयोजित करने का अनुरोध किया। कार्यशाला पे आधारित एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गयी ये जानने के लिए कि प्रतिभागियो ने कितना ज्ञान प्राप्त किया है।

## अघोषित विद्युत कटौती से जनता परेशान

**कोरांव।** सरकार द्वारा 18 घंटे की विद्युत आपूर्ति की घोषणा मात्र कागजी है, कोरांव तहसील के सब स्टेशन कोरांव के रामपुर व पसना फीडर से जुड़े गांवों 18 घंटे छोड़िए 10 घंटे की समुचित आपूर्ति भी मुश्किल से ही मिल पाती है। वैसे तो सब स्टेशन कोरांव के ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति का रोस्टर सुबह 10 से 11 व शाम 7 से सुबह 7 तक कुल मिलाकर 13 घंटे का है, जिसमे शाम 7 के बजाय रात 10 -11 बजे आपूर्ति शुरू होती है सुबह 7 बजे तक में इतनी बार कटौती होती है जिसे गिनना मुश्किल है। 18 घंटे की घोषणा पर मात्र 13 घंटे का रोस्टर यह सरकारी मंशा है या विभाग की मनमानी उपभोक्ताओं को बताने वाला भी कोई नही सत्ता धारी नेताओ के साथ विपक्ष भी जनहित के विषय पर मौन ही है विभाग द्वारा शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए तारो को बदलना चाहिए। उपभोक्ताओं ने बताया की पसना व रामपुर फीडर के जेई न तो कभी पावर हाउस पर मिलते है न ही कभी उनका फोन उठता है, यहां तक की सम्पूर्ण समाधान दिवस में कभी नही मिलते है। अनियमित आपूर्ति समेत उपभोक्ताओं की अन्य शिकायतो पर भी विभाग द्वारा सिर्फ लीपापोती ही की जाती है।

## बून्द-बून्द पानी को तरस रहे पशु पंछी, सूखी पड़ी नहर



सूखी पड़ी कैनाल माइनर व पानी के लिए भटकता बेजुबान

**लालापुर।** क्षेत्र के पड्डवा कमला पम्प कैनाल बन्द होने से सभी माइनर सूखी पड़ी है। वही इस समय भयंकर गर्मी की तपिश में पशू पंछी एक एक बूंद पानी पीने के लिए भटक रहे है। क्षेत्र के दर्जनों गांव सिर्फ नहर के पानी पर निर्भर है। वहाँ के पशू से लेकर पंछी तक पीने के पानी के लिए इधर उधर भटकने पर मजबूर है।

सबसे ज्यादा बेसहारा पशुओं को इस समय दिक्कत है। माइनर के नजदीक बसे जोधी, सोनवै, इछौरा, सोनवै, डाँडी, बेनौरी, बवंधर, गांव के पशुओं को इस समय दर दर भटकने पर मजबूर है। इस समय गर्मी की तपिस भयंकर पड़ रही है जहाँ एक तरफ लोग पौशला लगाकर राहगीरों को पानी पिलाने का पुण्य कार्य कर रहे है। वही नहर विभाग नहर बन्द करके बेजुबानों को दर दर पानी के लिए भटकने पर मजबूर कर दिया है।

# नगर पंचायत शंकरगढ़ में जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर भाजपा चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ



भाजपा चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते जिलाध्यक्ष

**शंकरगढ।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का जिलाध्यक्ष ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष एवं अतिथियो का स्वागत भाजपा से घोषित नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अंजू देवी ने बुके भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया।

जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कार्यकर्ताओ और नगरवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से शंकरगढ के भाजपा कार्यकर्ता कमल खिलाकर ऐतिहासिक रूप से मोदी-योगी के हाथो को मजबूत करते हुए नगर के अध्यक्ष एवं सभासदो को मेहनत कर-के जनता जनार्दन के आशीर्वाद से कमल खिलाने का इतिहास रचेगें। हमारे नगर का सम्पूर्ण विकास तभी संभव है जब नगर से लेकर लोकसभा तक अपना जनप्रतिनिधी होगा। श्री भारती ने सभी प्रत्याशियो को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर किसान मोर्चा के काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, राजेश्वरी तिवारी, संतोष त्रिपाठी, जय सिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, मंडल प्रभारी मनोज पासी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल,जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुभाष सिंह पटेल, राजमणि पासवान, भाजपा नेता सुधा गुप्ता, अंजनी लाल, अखिलेश सिंह पटेल, धर्मराज पाल, सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा आदि के साथ सभी सभासद प्रत्याशियो ने अतिथियो का स्वागत एवं.अभिनन्दन किया। इस मौके पर व्यापारी एवं नगरवासी महिलाए पुरूष भारी सख्यां मे उपस्थित होकर नगर के सम्पूर्ण विकास हेतू भाजपा प्रत्याशियो को जिताने का संकल्प लिया।

## नगर की जनता का मिल रहा भरपूर स्नेह : ओम प्रकाश केशरी



जनसम्पर्क करते निर्दलीय उम्मीदवार ओम प्रकाश केशरी

**कोरॉव।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे नगर में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है । प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करने में जुटे देखे जा रहे हैं। गुरुवार को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय सुषमा केसरी के प्रतिनिधि रहे ओमप्रकाश केसरी जो इस बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं नगर के कई वार्डो में लोगों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जनता का आशीर्वाद मिला तो नगर में विकास के सभी काम कराए जाएंगे। सभी जाति धर्म के लोगों का बराबर सम्मान होगा। ओमप्रकाश केसरी ने बताया कि नगर की जनता का भरपूर स्नेह मिल रहा है। गुरुवार को सभासदों के 3 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया जबकि अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किए गए 10 नामांकन पत्रों में किसी की वापसी नहीं हुई। नगर पंचायत में 12085 मतदाता अध्यक्ष एवं 11 वार्डो के सभासदों का चुनाव करेंगे।

## मकान का ताला तोड़ कर चोरो ने लाखों का माल किया पार

**फाफामऊ।** मोहनगंज फुलवरिया गोहरी स्थित एक मकान का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने घर में रखा लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवर व हजारों की नकदी समेत घर का अन्य समान चुरा ले गए। पड़ोसी द्वारा चोरी की जानकारी देने पर शुक्रवार को मकान मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ फाफामऊ थाने में तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक मोहनगंज फुलवरिया गोहरी के प्रदीप कुमार एक सप्ताह पहले घर में ताला बंदकर अपने भाई के घर दिल्ली एक समारोह में शामिल होने परिवार सहित चले गए थे। चोर सूने पड़े मकान का ताला तोड़ घर में रखा करीब 3 लाख रुपए कीमत का सोने चांदी का जेवर व 40 हजार रुपए सहित अन्य समान चुरा ले गए।

# एसडीएम ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण



संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करते एसडीएम

**फाफामऊ।** निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसडीएम सोरांव ने एसीसीपी थरवई जंग बहादुर यादव, फाफामऊ थाना प्रभारी के साथ शुक्रवार को फाफामऊ क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में संवेदन और अति संवेदन शील मतदान स्थल और बूथों का निरीक्षण कर लोगों को सकुशल चुनाव कराने का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी ने वार्ड 37 शांतिपुरम में मोरहू, गद्दोपुर, रूदा पुर, वार्ड 14 भद्री लेहरा, वार्ड 16 बहमल पुर भर्ती का पूरा, रंगापुरा, वार्ड 39 मलाक हरहर आदि जगहों पर स्थित मतदान स्थल और बूथों का निरीक्षण किया।

### निर्दलीय प्रत्याशियों में किसी को रिक्शा तो किसी को लड़का-लड़की चुनाव चिन्ह आवंटित

**लालगोपालगंज।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को रिक्शा लड़का लड़की कंघा, सुराही और ऊन का गोला आदि चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं। भाजपा और बसपा के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार निकाय चुनाव में अपनी किस्मत की आजमाइश करेंगे। नगर पंचायत लालगोपालगंज में अध्यक्ष पद के लिए लाटरी द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। निर्दलीय उम्मीदवार सबीना बानो को रिक्शा सकीना को सुराही और नसरीन बानो को ऊन का गोला चुनाव चिन्ह दिया गया। इसी प्रकार जुलेखा को कंघा तलतजबीं को लड़की-लड़का का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। भाजपा ने पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी की पत्नी विमला देवी को मैदान में उतारा है, जबकि बहुजन समाज पार्टी की ओर से मिथिलेश चुनाव लड़ रही हैं। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद नगर क्षेत्र में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। प्रत्याशी पंपलेट हैंडव्हील स्टीकर बनवा कर मतदाताओं के बीच पहुंचने लगे हैं। सभी प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से चुनावी बिसात बिछा रहे हैं।

# मऊआइमा नगर पंचायत में चुनाव चिन्ह आवंटन होने से उम्मीदवारों का घर-घर दस्तक देना शुरू

**अध्यक्ष पद के लिए मुख्य मुकाबला त्रिकोणीय बना हुआ है? बिना जमीन बनाए उपज करना पड़ सकता है उम्मीदवार को भारी?**

**मऊआइमा।** शुक्रवार को चिन्ह आवंटन होने के बाद सभी अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने दस्तक देना शुरू कर दिए हैं। रमज का पवित्र महीना खत्म होने को है । ईद से चुनावी सरगर्मी बढ गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए वैसे सात प्रत्याशी मैदान में हैं। चार डमी उम्मीदवारों को छोड़ कर मुख्य मुकाबला सपा से शोएब अंसारी ,बसपा से अय्यूब अंसारी, भाजपा से मोहम्मद आलम के बीच रहेगा। सब से चौकाने वाला तत्थ यह है कि इस बार ऐसे भी उम्मीदवार हैं जो कभी किसी के गमी, खुशी में शामिल नहीं हुए न ही किसी से सलाम तक किए। यही नहीं न ही कोई सामाजिक कार्य किए। उन्हें एक सप्ताह लग जाएगा नगर पंचायत के गली कूचों की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानने के लिए। नए युवा मतदाता इस असमंजस में है यह कौन है? बहरहाल उनके लिए बहुत मुश्किल है डगर पंघट की। चौदह वार्डों की भौगोलिक स्थिति से पहले अवगत हों। फिर लोगों को अपना परिचय बताएं? ऐसे में बडी मुश्किल है चुनाव की नैया पार लगा पाना। बहरहाल सपा से दो बार शोएब अंसारी, फिर तीसरी बार उनकी पत्नी फात्मा अंजुम लगातार जीत कर सपा की हैट्रिक लगा चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शोएब अंसारी चुनाव लडने का मझा खिलाड़ी है। बसपा के अय्यूब अंसारी कई बार चुनाव लड़ चुके हैं वह अनुभवी हैं। भाजपा के मोहम्मद आलम का जहां तक सवाल है वह प्रथम बार नगर पंचायत अध्यक्ष के पद के लिए लड़ रहे हैं। उन्हें चुनाव में मुकाबला के लिए बहुत संघर्ष करना पडेगा। बहरहाल ईद पर सभी उम्मीदवार अभी से सेंवायां की दावत दे रहे हैं। जो कभी किसी को पूछते नहीं थे। वह भी अब सब को पहचानने लगे हैं। बहरहाल अध्यक्ष पद का चुनाव व्यक्तिगत व्यवहार पर अधिक निर्भर करता है। मतदान में अभी समय है। देखना है कौन किसपर भारी पडेगा।

# मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

**अलविदा की नमाज**

**अलविदा के दिन नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने मुल्क में अमन व शांति तथा कौम की तरक्की के लिए मांगी दुआ**



मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार

**लालगोपालगंज।** मुकद्दस माह रमजान के आखिरी जुमे को मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा किया। छोटी ईद कहे जाने वाले अलविदा के दिन नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने मुल्क में अमन व शांति तथा कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मस्जिदों के आसपास नजर आए।

नगर के मोहल्ला इमामगंज स्थित जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज पढ़ने आए अकीदतमंदों को खिताब करते हुए मौलाना सफी उल्ला ने कहा कि रमजान माह के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज पढ़ी जाती है। रमजान का आज आखिरी जुमा है, जिसे हम लोग अलविदा कहते हैं। इस मुकद्दस महीने में अल्लाह अपने बंदों पर जो उसकी राह में रोजे रखकर पांचों वक्त नमाज पढ़ता है, और कुरान-ए-पाक की तिलावत व तरावीह पढ़ता है, उन पर अपनी रहमतों की बारिश करता है। मस्जिद के पेश इमामों ने ईद की नमाज से पहले फितरा जकात और सबका अदा करने के लिए अकीदत बंधुओं को हिदायत दिया। सुरक्षा के मद्देनजर इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह, अधिशासी अधिकारी संतोष वर्मा, चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश दुबे सर्किल की पुलिस बल के साथ मस्जिदों के आसपास डटे रहे।



# प्रयागराज



मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 42.00 |
| न्यूनतम : | 29.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### मऊआइमा में शांति पूर्वक पढी गयी अलविदा की नमाज, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज शांति पूर्वक पढी गयी तथा एसीपी फूलपुर के नेतृत्व में मऊआइमा कस्बा क्षेत्र में पुलिस ने पैदल मार्च कर शांति सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया,ईद की नमाज को लेकर भी पुलिस पूरी तरह अलर्ट है, वहीं एसीपी ने मतगणना केंद्रों का भी निरीक्षण किया,चुनाव के मद्देनजर मऊआइमा पुलिस पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रही है, एसीपी फूलपुर प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह चौकी प्रभारी संजय मौर्य पुलिस बल द्वारा अलविदा नमाज से पहले मस्जिदों भीड़ भाड़ वाले इलाकों और मतदान केंद्रों क निरीक्षण किया।

## जुम्मतुल विदा पर बारगाहे खुदा में झुके रोजादारों के सिर, मांगी अमन चैन खुशहाली की दुआ

**प्रयागराज।** माहे मुकद्दस रमजान के उन्तीसवीं को रमजान का पांचवां व आखरी जुमा को शहर सहित सभी इस पास के कस्बों में शान्ति और सदभाव के साथ जुम्मतुल विदा की नमाज अकीदत व ऐहतेराम के साथ सम्पन्न हुई।सरकार व शासन प्रशासन की हिदायत को ध्यान में रखते हुए चौक जामा मस्जिद, चक शिया जामा मस्जिद, रौशन बाग शाह वसीउल्ला मस्जिद, अबुबकर मस्जिद करैली, धोबी घाट हरी मस्जिद रेलवे स्टेशन की बड़ी मस्जिद के साथ साथ दायरा शाह अजमल, रानीमंडी, बख्शी बाजार, अकबरपुर, रसूलपुर, अटाला, दरियाबाद, समदाबाद, रानीमंडी, हटिया बहादुरगंज, बरनतला, शाहगंज, सब्जी मण्डी, कटरा आदि मस्जिदों के अंदर ही बाजमात नमाज अदा कराई गई। करैली की शिया जुमा मस्जिद ए खदीजा जहां बड़ी संख्या में एक साथ हजारों लोगों ने एक सफ में मौलाना रजी हैदर साहब कि बला की इमामत मे बाजमात नमाज अदा की। मस्जिद के मुतावल्ली हसन आमिर की ओर से मस्जिद में नमाजीयों के लिए खास ऐहतेमाम किया गया था।बड़े फुल ऐसी हॉल में मोटी कालीन र जॉनमाज सिजदगाह व तस्बीह का माकूल इन्तेजाम किया गया था।इसके साथ ही हाल के बाहर मस्जिद प्रांगण में टेन्ट फर्श व पंखे का इन्तेजाम था ताकि सड़कों पर नमाज न होने की दशा में चक जीरो रोड पर जगहा न मिलने पर अधिक से अधिक नमाजीयों की नमाज अदा हो सके।उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार सुन्नत जमात की सभी मस्जिदों में जुम्मतुल विदा की नमाज तय समय पर अदा की गई तो वहीं शिया समुदाय में साढ़े पांच किलो मीटर के फासले पर ही जुमे की नमाज अदा होने के कारण चक जामा मस्जिद के साथ करैली में मस्जिद ए खदीजा, दांदूपूर की शिया मस्जिद व सैदाबाद की इबादत गाह में जुम्मतुल विदा की नमाज अदा कर देश में अमन चैन, खुशहाली, रोजी में बरकत ,सेहत ओ सलामती, नेक राह चलने और गुनाहों से माफ करने की बारगाहे खुदावन्दी में हांथ फैला कर दुआ मांगी गई।



अलविदा की नमाज अता करते रोजेदार

### रोजेदार ले रहे समाजिक एकता का संकल्प

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज बृहस्पतिवार को सराय इनायत के मदरसा फैजुल उलूम कादिरिया में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर रोजा इफ्तार किया गया।इस मौके पर डॉ.जगत नारायण सिंह ने कहा कि मुस्लिम समाज के लिए यह सब से पाक-महीना है और हम सभी को रोजेदारों के साथ राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संकल्प लेना होगा तभी सही मायने में रोजेदार होने तथा रोजा इफ्तार में शामिल होने का शबाब मिल पाएगा।रश्मिता दुबे ने कहा कि।रोजा रखना बहुत ही कठिन तपस्या है।जिस शिद्दत के साथ इस तपस्या को कर रहे हैं।निश्चित रूप से मालिक हम सबको सुख समृद्धि देगा।और देश में अमन चैन कायम होगा। कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि रोजा इफ्तार हम सबको एक दूसरे से जोड़ने के साथ-साथ भाईचारे का संदेश देता है जिससे आपस में इकलाख-मोहब्बत कायम रहे। हाफिज मोहम्मद आजाद द्वारा नमाज अदा करा-कर प्रदेश व देश में अमन चैन की दुआएं की गई। इस अवसर पर अधिवक्ता अरशद सिद्दीकी, नूर मोहम्मद, मोहम्मद नफीस, मुन्ना भाई, विनोद विश्वकर्मा, मोहम्मद अल्लन, मोहम्मद शमीम प्रधान, मोहम्मद सददाम, गुड्डू मास्टर, सम्मन भाई,मुस्ताक हिप्पी,तहजीब उल हसन, मोहम्मद नियाज,मोहम्मद सोनू, मोहम्मद फारुख, सुरेंद्र यादव, समीर गौतम,बुलाकी भाई,अली हसन, समसुल कमर, अब्दुल रऊफ खान,वसीम अहमद,मजहर अली, मोहम्मद आरिफ,शेबू जमीदार, महेंद्र दुबे,सरफराज अहमद,मोहम्मद एखलाक,अख्तर अली, मोहम्मद तौसीफ अंसारी,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



कार्यालय का उद्घाटन करते सपाई

## सपा के पार्षद प्रत्याशियों के कई कार्यालय खुले

**प्रयागराज।** नगर निगम चुनाव में पार्षद पद हेतु समाजवादी पार्टी के आधा दर्जन उम्मीदवारों के क्षेत्रीय कार्यालय आज खुल गए। सपा के मेयर उम्मीदवार अजय कुमार श्रीवास्तव ने आज इन कार्यालयों का फीता काटकर उद्घाटन किया।

शहर के वार्ड संख्या 36माधवापुर, वार्ड संख्या 5 पीपल गाँव, वार्ड संख्या 3बमरौली, दारागंज आदि मुहल्लों में उद्घाटन अवसर पर श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने शहर के विकास, हरा - भरा, साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने के वादे के साथ गृहकर, जलकर की बढ़ोत्तरी पर राहत देने सहित पटरी दुकानदारों के हितों को लेकर काम करने का संकल्प दोहराया।

इस मौके पर, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, रविन्द्र यादव, हरिओम साहू, जोंटी यादव, राजू पासी, सचिन श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, आर. एन. यादव, कुलदीप यादव,सहित कई नेता एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## उमरे के चिकित्सकों ने इन हाउस सर्जरी कर की रु016,728,229/- की बचत

बचत

डॉ एस एस नायक ने की सर्वाधिक रु. 84,25,833 की बचत

किए गए 1800 से अधिक ऑपरेशन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक सतीश कुमार के मार्गदर्शन में अपने कर्मचारियों की सुविधा के लिए निरंतर अग्रसर है। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय के सर्जरी संबंधी विभागों (ऑर्थोपेडिक्स एवं जनरल सर्जरी) ने प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. जे पी रावत एवं चिकित्सा निदेशक डॉ एस के हाण्डू मार्गदर्शन मे कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें ऑर्थोपेडिक्स विभाग में कुल 900 आपरेशन किये गये जिसमें 72 मेजर एंव 17 स्पेशल ऑपरेशन शामिल है।





डॉ. एसएस नायक डॉ. संजय

यह रिकार्ड डॉ एस एस नायक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्थापित किया गया। यह आज तक उत्तर मध्य रेलवे में किसी एक ऑर्थोपैडिक सर्जन के द्वारा किसी भी एक वित्तीय वर्ष मे किये गये ऑपरेशनो का रिकार्ड है। इस अवधि के दौरान ओ पी डी मे 11314 मरीज भी देखे गये, जिसमे 6547 पुरुष एंव 4767 महिला शामिल हैं। इसमें वित्तीय वर्ष 22-23 में कुल रु. 84,25,833/-(CGHS रेट पर) की केवल मेजर, माइनर और स्पेशल सर्जरी की गयी।

इसी क्रम में अस्पताल के सामान्य सर्जरी में भी कुल 932 आपरेशन किये गये जिसमें 346 मेजर एंव 10 स्पेशल ऑपरेशन शामिल है। ये ऑपरेशन डॉ संजय कुमार वरीष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा किए गए है। इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 22-23 में कुल रु. 78,81,950/- (CGHS रेट पर ) की केवल मेजर और स्पेशल सर्जरी की गयी (इसमें माइनर सर्जरी का मूल्य शामिल नहीं है) और वित्तीय वर्ष मे रु. 4,20,446/- की नॉन रेलवे मरीजो की भी सर्जरी की गयी इस तरह रेलवे का रु. 83,02,396 की राजस्व की बचत की गयी। इससे ना केवल इस प्रकार वर्ष में, कुल रु16,728,229/- की बचत हुई बल्कि रेलवे चिकित्सालय के लाभार्थियों को भी जटिल ऑपरेशनों की सुविधा मिल सकी।

यह कीर्तिमान स्थापित करने मे बेहोशी चिकित्सक डॉ आलोक कुमार यादव, डॉ प्रीती, डॉ0 उसैद तथा ओ टी मैट्रन रूथ सिंह, मंजू सोनकर, एंव समस्त ओ टी टीम के सम्पूर्ण समर्पण के कारण यह सम्भव हो सका।

### मऊआइमा के किन्नरों की बाहरी किन्नरों ने बीच चौराहे पर की जमकर पिटाई , बाल काटे

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगापुर सब्जी मंडी के सामने रहने वाले मटरु किन्नर ने इदरीस और शालू को मऊआइमा का मालिक बनाया है। तभी से इदरीस और शालू मऊआइमा क्षेत्र से नेकचार(दक्षिणा) लेते हैं। आरोप है कि प्रतापगढ़ के देल्हूपुर धाना क्षेत्र छितपालगढ के विन्दिया उर्फ इस्तियाक साथियों के साथ उनके क्षेत्र सिसवां में जनवरी माह में आ कर नेक चार लेकर चले गए और शालू एंव इदरीस को मारे थे। शालू किन्नर का बाल काट कर जमकर पीटे। और इदरीश का आरोप है कि गुरुवार को दोनों थाना चौराहे पर नारियल पी रहे थे। आरोप है कि तभी टबेरा से विन्दिया उर्फ इस्तियाक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ आए। आरोप है कि बीच चौराहे पर जम कर पीटे,अपहरण कर प्रयागराज के बैरहना ले जाकर सोने की बाली मोबाइल छीन लिए। हालांकि इदरीस के पुत्र दिलशाद ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस और अन्य ने शालू और इदरीस को मुक्त कराया। शुक्रवार को शालू, इदरीस के साथ दर्जनों किन्नर देर शाम तक विन्दिया उर्फ इस्तियाक तथा उसके आधा दर्जन साथियों को गिरफ्तार करने पर अडे थे। पुलिस का कहना है मामले की जांच हो रही है। समाचार लिखे जाने तक दर्जनों किन्नर थाने में डटे थे। परन्तु मुकदमा नहीं दर्ज किया गया था।

## मेजा ऊर्जा निगम में अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में दिनांक 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशामन शाखा के सदस्यों द्वारा कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों तथा परिवारजनों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन समारोह दिनांक 20 अप्रैल 2023 को आयोजित किया गया जिसमे बल सदस्यों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न फायर ड्रिल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में केदार रंजन पाण्डु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सभी से अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया गया। उन्होने औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्यों को समर्पित भाव से आग बुझाने के कर्तव्य निष्पादन हेतु आभार व्यक्त किया। अग्निशमन सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी

समापन समारोह में पीयूष कुमार, जीएम (ओ एंड एम), पी०के० साबत, जीएम (सी एंड एम), अजीत बसक, जीएम (आपरेशन), जी०पी० सिंह, जीएम (मेंटीनेंस), अखिल पट्टनायक, एजीएम (एच०आर०) तथा परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश प्रसाद, निरीक्षक (अग्नि) एवं आशुतोष कुमार, निरीक्षक (प्लांट) तथा धन्यवाद ज्ञापन एम०एस० भण्डारी, सहायक समादेष्टा द्वारा प्रस्तुत किया गया।



आग से बचाव का तरीका बताता अग्निशमन कर्मी

## थर्ड पार्टी निगरानी समिति पर भ्रष्टाचार का आरोप

आरोप

जिस पर जांच का जिम्मा वही सरकार की आंखों में धूल झोंक रही है

**प्रयागराज।** निर्माण कार्यों की पारदर्शिता के लिए थर्ड पार्टी निगरानी समिति विभाग बनाया गया है। जो कार्यों से सैंपल की जांच कर सरकार को रिपोर्ट दे लेकिन यहां तो थर्ड पार्टी निगरानी समिति पर ही जांच के नाम पर खानापूर्ति व धन उगाही का आरोप लगा है। जिसकी लिखित शिकायत नगर आयुक्त से की गई है।

नगर आयुक्त से लिखित शिकायत करते हुए शिवभूखल यादव का आरोप है कि सड़क निर्माण में होने वाली सामग्री की जांच के लिए नगर निगम में स्थापित लैब वर्षों से निष्क्रिय है। जिस का संचालन टीपीआई कंपनी करती है। आरोप है कि जो लैब टेस्ट के लिए बना है उसमें सालों से कोई टेस्ट नहीं किया गया सिंपल तो उठाया जाता है पर टेस्ट नहीं किया जाता। कभी जांच भी हुई तो केवल बालू की जिसकी रिपोर्ट बना कर दी जाती है बाकी टेस्ट के नाम पर खानापूर्ति कर पैसे वसूले जाते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि आकस्मिक निरीक्षण किया जाए तो सत्यता का पता चल जाएगा 1 महीने का सीसीटीवी भी अगर चेक करा लिया जाए तो भी पता चल जाएगा कि लैब टेस्ट में कितनी जांच होती है। उन्होंने कुछ अधिकारियों के नाम भी बताए हैं जो कि भ्रष्टाचार में लिप्त है। 32 आदमियों का काम सिर्फ 5 आदमी मिलकर कर रहे हैं।

### शुक्लपुर सहकारी समिति का चुनाँव निरस्त, पुनः होगा चुनाव

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के शुक्लपुर साधन सहकारी समिति का चुनाँव निरस्त कर दिया गया है । यहाँ चुनाँव में हुई धांधली की शिकायत डॉ चंद्रमोहन सिंह सदस्य भारतीय खाद्य निगम ने जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता से चुनाँव संपन्न होने के बाद कि थी । श्री सिंह द्वारा चुनाँव में धांधली की शिकायत पर सहायक निबंधक सहकारिता ने टीम गठित कर मामले की जाँच कराई जिसमे शिकायत सत्य पाई गई । सहायक निबंधक सहकारिता ने जाँच रिपोर्ट के आधार पर चुनाँव को निरस्त करते हुए शुक्लपुर समिति के निर्वाचन अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी उरुवा धनंजय यादव और सचिव को दोषी मानते हुए विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त पुनः पारदर्शिता के साथ चुनाँव कराने के लिए आदेशित किया है। गौरतलब हो कि शुक्लपुर समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वविरोध निर्वाचित कर दिए गए थे । शिकायत पर जाँच टीम के समक्ष निर्वाचन अधिकारी और सचिव ने टीम को लिखित रूप से बताया की हम लोगों के ऊपर दबाव बनाकर चुनाँव घोषित कराया गया था।

## प्रयागराज के तीन बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति में चयनित

विद्यालय और ब्लाक नगरक्षेत्र का बढ़ाया मान

**प्रयागराज।** प्रयागराज के तीन बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति में चयनित हुए है। उच्च प्राथमिक विद्यालय नखास कोहना की प्रधानाध्यापिका गार्गी अग्रवाल ने बताया की 13. नवंबर 2022 को छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसमें विद्यालय के 6 बच्चों ने प्रतिभाग किया और उसका परिणाम 19 अप्रैल की शाम आया तो बच्चे खुशी के मारे झूम उठे। इन बच्चों को उनकी आगे की पढ़ाई कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक माह रु. 1000 की छात्रवृत्ति कुल 48000/- 4 वर्षों में प्राप्त होगें। इनकी सफलता से विद्यालय के सभी अध्यापक अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। नगरक्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी डा. प्रज्ञा सिंह जी एवं विनोद मिश्रा ने सभी अध्यापकों एवं उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । खण्ड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय नखास कोहना (कम्पोजिट) निरन्तर आगे बढ़ने के लिये प्रयासरत है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ ही बच्चों की अन्य दक्षताओं को भी बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किये जाते हैं। इस परीक्षा में संध्या 37 रैंक, मुस्कान 50 वीं रैंक एवं अर्जुन ने 51 वीं रैंक हासिल की है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गार्गी अग्रवाल ने सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि हम इनकी सफलता से गौरवान्वित है और आने वाले समय में भी ऐसे ही विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुये विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय की इस उपलब्धि पर नगर क्षेत्र के समस्त एआरपी ने शुभकामनाएं प्रेषित करीं व नगर के सभी अध्यापकों ने बधाई संदेश भेजें।



छात्रवृत्ति में चयनित छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं

## दो राज्यों की सीमावर्ती नगर पंचायत शंकरगढ़ पर रहेगी विशेष नजर

बारा। नगर निकाय चुनाव को संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को नपं शंकरगढ़ में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम बारा अबदुल्ला सुदन और एसीपी बारा संतलाल सरोज की अगुवाई में हुई बैठक में समीपवर्ती जनपद चित्रकूट और रींवा (मध्यप्रदेश) के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, चुनाव को सकुशल संपन्न करवाने पर चर्चा की गई।

मतदान केंद्र बनाए गए विद्यालयों के शिक्षकों से भी राय-मशविरा करते हुए चार मई को होने वाले मतदान की रणनीति तय की गई। नगर पंचायत में प्रथम चरण में चुनाव हो रहा है। इसके लिए प्रत्याशियों को उनका चुनाव चिन्ह मिल गया है और प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं, तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अमला भी अपनी तैयारियों में लगा हुआ है। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में एसडीएम अब्दुल्ला सुदन ने बैठक की और एसीपी बारा संतलाल सरोज, एसओ मनोज कुमार सिंह, बीईओ शैलपति यादव, तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय, जनेह प्रभारी (रींवा, एमपी) अनुराग अवस्थी, बरगढ़ (चित्रकूट) एसएचओ अंजनीलाल सिंह, एनटी राकेश कुमार यादव, ईओ संतोष कुमार वर्मा के अलावा मतदान केंद्र के शिक्षकों से भी मतदान को सकुशल संपन्न करवाने पर चर्चा की।

## अध्यक्ष बनाइये नगरपंचायत के सम्पूर्ण विकास की जिम्मेदारी हमारी : रीता जोशी

उद्घाटन

सिरसा में भाजपा केंद्रीय कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**मेजा।** नगर पंचायत में शुक्रवार को भाजपा का केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन सांसद प्रयागराज डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया । उद्घाटन अवसर पर श्रीमती जोशी ने अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्यासी विपिन कुमार केशरी उर्फ लखन केशरी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने लखन केशरी को जिताने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सबका विकास हो रहा है प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रदेश का चहुँमुखी विकास हो रहा है । श्रीमती जोशी ने कहा कि आप लोग लखन केशरी को अध्यक्ष बनाइये सिरसा नगर पंचायत के सम्पूर्ण विकास की हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्यासी लखनकेशरी ने भी कहा कि आप लोग हमें आशीर्वाद देकर चुनाँव जिताएं नगर पंचायत का विकास करूंगा साथ ही सबकी समस्या का भी समाधान होगा ।

इस दौरान मुख्य रूप से राजेश शुक्ल जिला महामंत्री, भाजपा बरिष्ट नेता जयशंकर पाण्डेय, शुभाष पयासी, जनसेवक भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया, भाजपा नेता अमरेश तिवारी, तपस्वी तिवारी, बाबा ओझा, उमाकांत सेठ उर्फ सिंटू, राजेश त्रिपाठी, आशीष मिश्र, अभिषेक पाण्डेय, भानु प्रकाश केशरी, निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि सुशील कुमार उर्फ कल्लू केशरी, बच्चा केशरी, नेहा केशरी सहित दर्जनों लोग रहे।



उद्घाटन अवसर पर प्रत्यासी लखनकेशरी का स्वागत करती रीता जोशी व राजू भैया


ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:

1. गाड़ी संख्या 01101/01102 लोकमान्य तिलक (ट.) - बनारस विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या 01101 लोकमान्य तिलक (ट.) से दिनांक 02.05.2023 और दिनांक 06.06.2023 तक
गाड़ी संख्या 01102 बनारस से दिनांक 03.05.2023 और दिनांक 07.06.2023 तक
गाड़ी संरचना: स्लीपर श्रेणी- 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, सामान्य श्रेणी - 02, एसएलआरडी-02

| गाड़ी संख्या: 01101 लोकमान्य तिलक (ट.)-बनारस स्पेशल | | स्टेशन | गाड़ी संख्या: 01102 बनारस-लोकमान्य तिलक (ट.) स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 23:55 | - |
| 10:00 | 10:02 | मानिकपुर ज. | 23:55 | 23:57 |
| 11:45 | 11:50 | प्रयागराज छिवकी | 21:20 | 21:25 |
| 16:00 | - | बनारस | - | 18:00 |

2. गाड़ी संख्या 05271/05272 मुजफ्फरपुर जं. - यशवंतपुर - मुजफ्फरपुर जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या 05271 मुजफ्फरपुर जं. से शुक्रवार को दिनांक 05.05.2023 से 26.05.2023 तक
गाड़ी संख्या 05272 यशवंतपुर से सोमवार को दिनांक 08.05.2023 से 29.05.2023 तक
गाड़ी संरचना: एसएलआर-02, सामान्य श्रेणी-05, स्लीपर श्रेणी-13, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-01,

| गाड़ी संख्या: 05271 मुजफ्फरपुर जं.-यशवंतपुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या: 05272 यशवंतपुर- मुजफ्फरपुर जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्रवार | 16:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 12:00 | बुधवार |
| 23:40 | 23:45 | प्रयागराज छिवकी | 03:25 | 03:30 |
| 01:48 | 01:50 | मानिकपुर जं. | 02:05 | 02:07 |
| 16:30 | रविवार | यशवंतपुर | सोमवार | 07:30 |

3. गाड़ी संख्या 05215/05216 बरौनी जं. - यशवंतपुर - बरौनी जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या 05215 बरौनी जं. से शनिवार को दिनांक 06.05.2023 से 27.05.2023 तक
गाड़ी संख्या 05216 यशवंतपुर से मंगलवार को दिनांक 09.05.2023 से 30.05.2023 तक
गाड़ी संरचना: एसएलआरडी-02, सामान्य श्रेणी - 08, स्लीपर श्रेणी - 10, और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी सह तृतीय श्रेणी-02,

| गाड़ी संख्या: 05215 बरौनी जं.-यशवंतपुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या: 05216 यशवंतपुर- बरौनी जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| शनिवार | 14:30 | बरौनी जं. | 12:30 | गुरुवार |
| 23:40 | 23:45 | प्रयागराज छिवकी | 03:25 | 03:30 |
| 01:48 | 01:50 | मानिकपुर जं. | 02:30 | 02:32 |
| 16:30 | सोमवार | यशवंतपुर | मंगलवार | 07:30 |

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway

## संक्षेप

### अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की बैठक 23 को

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव के दो नगर पालिका परिषद व आठ नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के साथ 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार के साथ कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागर में आयोजित की गई है। बताया जाता है कि बैठक आदर्श आचार-संहिता के सम्बन्ध में होगी। उक्त आशय की जानकारी जिला सूचना कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। वहीं यह भी अपील किया गया है कि बैठक में सभी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रतिभाग करें।

### पार्षद व सभासद प्रत्याशी के साथ बैठक आज

**कौशाम्बी।** उप जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आज शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से एवं मध्यान्ह 12 से सम्बन्धित तहसील सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में सदस्य पद पर निर्वाचन लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के साथ आदर्श आचार संहित के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट उप जिला निर्वाचन अधिकारी(न0नि0) ने देते हुए सभी उम्मीदवारों से समय से बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

# शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई आखिरी जुमा की नमाज

**अलविदा की नमाज**

**सुरक्षा व्यवस्था को मौजूद रही भारी पुलिस बल**

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत कडाधाम दारानगर क्षेत्र के शुक्रवार को ईद की नवाज अता की गई जो कडाधाम क्षेत्र में स्थित लगभग 33 मस्जिदों में सम्पन्न हुई। ईद व जुमे की नवाज के एक दिन पूर्व ही एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर कडाधाम थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर जाकर रिहर्सल किया गया और नवाज में कोई प्रकार कि समस्या न हो इसके लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई। सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व कडाधाम थानाअध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने सभी लोगो को इस त्यौहार सौहार्दपूर्ण मनाने को कहा साथ ही साथ यह अश्वासन भी दिया कि यदि कोई भी इस त्यौहार में अशांति फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके ऊपर कडी से कडी कानूनी कार्यवाही की जायेंगी। इस मौके पर एसडीएम सिराथू मनीष कुमार,सीओ अवधेश विश्वकर्मा, कडाधाम थानाअध्यक्ष प्रिंस दीक्षित, हर्षित मिश्रा, सुनील यादव,श्वेता विश्वकर्मा, गंगासागर आदि भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।


नमाज के समय मस्जिदों के पास अलर्ट खाकी

## अलविदा की नमाज में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए मांगी दुआ

**कौशाम्बी।** रमजान के आखिरी जुमे को नम आंखों से रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा की। जनपद की सभी मस्जिदों में नमाज से पहले उलेमाओं ने खुतबा दिया। इसमें उलेमाओं, इमाम व धार्मिक गुरुओं ने दुनिया के हालत व अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की और वतन, मिल्लत व कौम के तरक्की की दुआ मांगी।

इस्लाम में जुमे का बहुत महत्व है। इस दिन ही पैगंबर मुहम्मद (स.) ने दिनों का सरदार कहा था। वहीं, रमजान में आखिरी जुमे को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इसके चलते शुक्रवार को मुख्यालय समेत चायल, कसेंदा, बरेठी, मनौरी, भरवारी, मूरतगंज, हर्रायपुर, सिराथू, पइंसा, कड़ा, शमसाबाद, करारी और सरायअकिल आदि सभी मस्जिदों में नमाज पढ़ने आए मुसलमानों ने नए कपड़े पहने थे। कई जगह नमाज पढ़ रहे लोगों की आंखें नम थीं। छोटे बच्चों को पहला रोजा रखने पर उनकी रोजा कुशाई कराई गई। शाम में इफ्तार के दौरान दस्तरखान पर कई तरह के व्यंजन दिखे। चायल शिया जामा मस्जिद में इमाम जुमा मौलाना सैयद जाहिद हुसैन ने बताया कि रमजान के आखिरी जुमे को जुमातुल विदा की नमाज अदा की जाती है।

## विवाहिता की मौत पर नया मोड़

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी के लक्ष्मनपुर गांव में छह महीने पहले हुई विवाहिता की संदिग्ध मौत की गुत्थी उलझ गई है। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपित पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पश्चिमशरीरा कोतवाली के पूरबशरीरा निवासी गोपाल ने बताया कि दो साल पहले उसने बेटी जानकी की शादी कौशाम्बी के लक्ष्मनपुर गांव में शिव प्रकाश के साथ किया था। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। आठ सितंबर को दहेज की खातिर ससुरालियों ने जानकी को जहर देकर मार डाला। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बेटी को न्याय दिलाने के लिए महीने भटकने के बाद पीड़ित पिता ने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर मंगलवार को पुलिस ने आरोपित पति शिव प्रकाश, जेठ ओम प्रकाश व जेठानी पुष्पा देवी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

# कृषि रक्षा इकाई में शार्ट सर्किट से लगी आग, बाल-बाल बचे मवेशी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाने के पास स्थित कृषि रक्षा इकाई कार्यालय से सटे आवास व गोदाम में गुरुवार की देर रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग जलती देख बगल में बंधी तीन मवेशियों को आनन-फानन में बाहर निकाला। इसके बाद हैंडपंप के पानी से आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी सूचना के दो घंटे बाद पहुंची।

थाना के बगल में कृषि रक्षा इकाई का कार्यालय है। यहां पर कर्मचारी आवास व बीज गोदाम भी बना है। शुक्रवार की देर रात पास में लगे ट्रांसफार्मर शार्ट सर्किट की चिंगारी से बगल में बने छप्पर में आग लग गई। देखते-देखते आग बगल स्थित कर्मचारी आवास तक पहुंच गई। आग देख आवास में मौजूद कर्मचारी राम प्रकाश शोर मचाते हुए बाहर निकला। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तीन मवेशियों को आग से दूर करते हुए हैंडपंप के पानी से आग पर काबू पाया। आग इतनी भयावह थी कि पीपल का एक पेड़ भी जल गया। उधर फायर ब्रिगेड की गाड़ी सूचना के एक घंटे बाद मौके पर पहुंच सकी। इसे लेकर आवास परिसर के लोगों में नाराजगी दिखी। कृषि रक्षा इकाई इंचार्ज शिव शंकर ने बताया कि बीज गोदाम खाली थी। इससे कोई नुकसान नहीं सका। आवास में आग से कर्मचारी राम प्रकाश की गृहस्थी का सामान जला है।

### छप्पर में लगी आग, मवेशी झुलसा

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाने के पूरबशरीरा गांव में शुक्रवार की सुबह आठ बजे एक छप्पर में आग लग गई। घटना में छप्पर में बंधा एक मवेशी झुलस गया। घटना में बगल में रखा भूसा व कपड़ा भी जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। पूरब शरीरा निवासी पलकधारी यादव पुत्र जगदेव के घर के बगल में मवेशी बांधने के लिए छप्पर बना रखा है। छप्पर के एक हिस्से में पलकधारी ने गाय पाल रखा था तो दूसरे हिस्से में भूसा रखा था। शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे संदिग्ध हालत में छप्पर में आग लग गई। मोहल्ले के लोगों ने छप्पर जलता देखा तो शोर मचाया। किसी ने गाय को जल रहे छप्पर से बाहर निकाला। जब तक गाय को निकाला गया तब वह झुलस चुकी थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। घटना में पीड़ित का लगभग एक लाख रुपए का नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

# जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व वीसीसीएम हुए सम्मानित

**कार्यक्रम**

**नियमित और कोविड टीकाकरण में बेहतर काम करने पर मिला सम्मान**

**प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के दौरान मिशन निदेशक ने कार्य को सराहा**

**कौशाम्बी।** जनपद में टीकाकरण में बेहतर कार्य शैली पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी और वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से लखनऊ में सम्मानित किया गया। नियमित टीकाकरण के महाप्रबंधक डॉ मनोज शुक्ल, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय गुप्ता, यूएनडीपी के राज्य कार्यक्रम अधिकारी, डॉ अहमद अब्बास आगा आदि ने समीक्षा की थी। इसमें में पाया गया कि जिला स्तरीय अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन), और कोविन के जरिए वैक्सीन, कोल्ड चेन प्रबंधन करते हुए सफल वैक्सीनेशन कराया है।



आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होते अधिकारी

बता दें कि लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के दौरान कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारी शामिल हुए थे। जिसमे जनपद कौशांबी से जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिंद प्रकाश मणि, वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर ज्ञानेंद्र मिश्रा को सम्मलित किया गया था। जिन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने अन्य अफसरों के साथ जिलों के कार्य की समीक्षा की जिसमे नियमित टीकाकरण व कोविड टीकाकरण को सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा हिंद प्रकाश मणि, वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर ज्ञानेंद्र मिश्रा को प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुपेन्द्र कुमार ने बताया कि वैक्सीन को सुरक्षित रखने के कई मानक है और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए सही ऐसे में तापमान और रोशनी की आवश्यकता होती हैं यदि किसी कारण से इसे नियंत्रित न करे तो तत्काल प्रभाव से कई वैक्सीन अपनी क्षमता खो देती है। इसीलिए कोल्ड चेन प्रबंधन के तहत कोल्ड चेन स्टोर बनाए गए हैं। वहीं सप्लाई चेन के तहत यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वैक्सीन की पर्याप्त मात्राए सही समय, सही स्थान व सही तापमान पर ही सही लाभार्थी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिले के लिए गौरव की बात है कि जिले स्तर के दो अधिकारियों का प्रदेश स्तर पर सम्मानित हुए हैं।

## प्रेस मालिकों के हाथ खड़े करने पर बौखलाए लोग

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव के अध्यक्ष व सदस्य पद प्रत्याशी प्रचार सामग्री छपवाने के लिए परेशान है। चुनाव चिह्न मिलते ही वह सीधे प्रेस की ओर भागे। पहले से आर्डर बुक था। डिजाइन में सिर्फ चुनाव चिह्न छपना था। लोग पहुंचे तो पता चला कि किसी को दिन बाद तो किसी को तीन दिन बाद प्रचार सामग्री देने की बात कही गई। इतना सुनते ही लोग परेशान हो गए। इसके बाद लोग छोटी मार्केट की ओर भागे।

### प्रचार करने के लिए बुक किए गए ई-रिक्शा

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत व नगर पालिका में प्रचार करने के लिए ई-रिक्शा भी बड़ी संख्या में बुक कर लिया गया है। अध्यक्ष पद के लिए तीन वाहन व सदस्य पद के लिए एक वाहन की अनुमति है। इसको देखते हुए प्रत्याशियों ने बिना अनुमति लिए ही ई-रिक्शा की बुकिंग कर ली। ई-रिक्शा में कोई प्रचार सामग्री नहीं लगाने की बात कही गई। इस ई-रिक्शा से लोग सीधे प्रचार करने एक वार्ड से दूसरे वार्ड जाएंगे। चुनाव को लेकर ई-रिक्शा वालों की भी चांदी हो गई है। एक दिन का उन्हें पांच सौ रुपया दिया जा रहा है।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया युवक

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात जिला बदर अरोपित को बरूआ मोड़ के समीप धर दबोचा। पुलिस ने तलाशी लेते हुए आरोपित युवक के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपित युवक डढावल गांव का लाल बाबू सिंह बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित बदमाश किस्म का व्यक्ति है। जिला बदर की कार्रवाई होने के बाद वह पुलिस को चकमा देकर घर पर रहता था। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है।

# माह में चार बार चलेगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

**कौशाम्बी।** मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जनपद की गर्भवती महिलाओं एवं शिशु को अधिक से अधिक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। इसी उद्देश्य से चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विस्तार किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जाँच हर माह के 9 और 24 तारीख को सुरक्षित मातृत्व अभियान में किया जाता था लेकिन अब 1 और 16 तारीख को भी चलाया जायेगा । यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ एस देते हुए बताया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक महिलाओं को गुणवक्ता परक प्रसव पूर्व जाँच सेवाओं को दिलाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए एवं सभी गर्भवती की जाँच को सुनिचित करने के उद्देश्य से अभियान को संचालित किया जायेगा। डॉ एस.के झा ने कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाया जाता है। अभियान के दौरान प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य सुविधाएं गर्भवती महिलाओं को एक से अधिक बार उपलब्ध कराया जाता है। सामान्य जांच के दौरान हाई रिस्क प्रेगनेंसी होने वाली महिलाओं को चिन्हित करके उनको आवश्यक डॉक्टरी सलाह दिया जाता है।विभिन्न कारणों से जोखिम गर्भावस्था मातृ-शिशु की मृत्यु का कारण बनती है। गर्भवती को महिलाओं को चिन्हित उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) गंभीर रक्ताल्पता (एनीमिया ) मधुमेह (शुगर ) दिल की बीमारी, क्षयरोग, मलेरिया आदि की स्थिति में जोखिम बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को प्रसव पूर्व ही चिन्हित कर उपचार करना होगा। इससे कि प्रसव के दौरान जोखिम की स्थिति न बने। प्रसव पूर्व जांच में ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर उनका सरकारी अस्पतालों में उपचार किया जाएगा।




## संस्थाएं प्रस्तुत करें ऑनलाइन निविदा

**कौशाम्बी।** डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकार्ड मार्डनाइजेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अभिलेखों को सुरक्षित भैतिक संग्रहण के लिए रिकार्ड रूम (तहसील अभिलेखागार) में काम्पैक्टर की स्थापना एवं अन्य कार्य (डेवलपमेन्ट ऑफ स्टोरेज एरिया) कराये जाने के सम्बन्ध में तहसील चायल में 18, तहसील सिराथू में 20 तथा तहसील मंझनपुर में 21 काम्पैक्टर स्थापित किये जाने के लिए एवं तत्सम्बन्धित कार्यो के लिए 20 अप्रैल को जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बिड संख्या- पर अपलोड करते हुए 11 दिनां में सम्बन्धित संस्थाओं से ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी (भूलेख) ने दी।

# इंटरलॉकिंग के नाम पर कोसम खिराज गांव में गबन

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी कोसम खिराज गांव में इंटरलॉकिंग के नाम पर लाखों रुपए के गबन का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। शिकायत के माहभर बाद भी मामले की जांच नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति खासी नाराजगी है।

कोसम खिराज गांव में राजाराम निषाद के सामने से सीसी सड़क तक मीटर मीटर इंटरलॉकिंग का काम कराया जाना है। ग्रामसभा के जिम्मेदारों ने इंटरलॉकिंग के नाम पर 41389 रुपया खाते से निकाल लिया। धनराशि निकाले जाने के बाद अब तक एक भी ईंट नहीं लग सकी। गांव के राजेश कुमार गौतम, पवन कुमार, श्रीचंद्र आदि ने मुख्य विकास अधिकारी व डीएम से दिसंबर 2011 में शिकायत की थी। आरोप लगाया कि ग्रामसभा में वर्ष 2022-23 में दर्जनभर स्थानों पर इंटरलॉकिंग के नाम पर 24 लाख 18 हजार 988 रुपया निकाला जा चुका है। इसी तरह कई जगहों पर हैंडपंप मरम्मत के नाम पर धनराशि निकाली गई है। निकाले गए धन से सिर्फ कोरम पूरा कर सेक्रेटरी सत्येंद्र सिंह ने बंदरबांट कर लिया। शिकायत के बाद मामले में कार्रवाई तो दूर जिले के जिम्मेदारों ने मातहतों से जांच तक नहीं कराई। ग्रामसभा में बड़े पैमाने पर हुए गबन की शिकायत पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी है।

## उपद्रवियों पर रही प्रशासन की पैनी नजर

**कौशाम्बी।** अलविदा की नमाज के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। आलाधिकारी हालात की हर हरकत पर नजर बनाए हुए थे। लोकल पुलिस, पीएसी के साथ पुलिस की स्पेशल विंग की टीमें भी तैनात रहीं। पुलिस कर्मियों के साथ मजिस्ट्रेट भी मौका मुआयना कर रहे थे। चैराहे और सड़कें सूनी थी। पर, नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास भारी तादाद में पुलिस फोर्स मौजूद रही। जैसे ही मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज का सिलसिला थमा, पुलिस प्रशासन ने चैन की सांस ली। सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण पुलिस टीम के साथ अलविदा नमाज के दौरान भ्रमण करते रहे।

# सूखे तालाब, मवेशयों को बूंद-बूंद पानी का संकट

**कौशाम्बी।** अप्रैल माह में मई की तपिश ने सबको बेहाल कर दिया है। चिलचिलाती धूप में पालतू व जंगली जीव तप रहे हैं। तालाबों में पानी न होने से पशुपालकों के सामने मवेशियों को नहलाने व पानी पिलाने का संकट है तो जंगली पशु-पक्षी भी पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पशुओं के पेयजल संकट में सूखी नहरें कोढ़ में खाज का काम कर रही हैं।

जिले की 451 ग्रामसभाओं में दो हजार से अधिक तालाब हैं। इन तालाबों में बूंदभर पानी नहीं है। यदि किसी तालाब में पानी है भी तो गंदगी की चलते बदबू कर रहा है। ऐसे में जिले के गाय-भैंस पालने वाले पशुपालकों के समक्ष मवेशियों को नहलाने व पिलाने के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया है। अप्रैल माह की शुरूआत से बढ़ी गर्मी ने अब पालतू व जंगली मवेशियों की तपिश बढ़ा दिया है। पालतू मवेशियों को तो हैंडपंप के सहारे पानी किसी तरह मिल जा रहा है पर जंगली नील गाय, लकड़बग्घे, सियार, लोमड़ी, खरगोश आदि प्यास से हांफ रहे हैं। उधर माइनरों में पानी न छोड़े जाने से तालाबों में जलभराव नही हो पा रहा है। राजकीय नलकूप आपरेटर भी तालाबों में पानी नहीं भर रहे हैं। उनका कहना है कि इस बावत अभी शासन-प्रशासन से कोई आदेश नहीं दिया गया है। शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते पशुपालकों के समक्ष जहां समस्या खड़ी हो गई है वहीं जंगली जीवों के जीवन पर संकट मंडराने लगा है।

# निजी नलकूपों का बकाया विद्युत बिल हो माफ किसानों को मुफ्त मिले बिजली : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने प्रदेश सरकार एवं विद्युत विभाग से किसानो के निजी नलकूपों का बकाया विद्युत बिल माफ करने की मांग की है, साथ ही बकाया विद्युत बिल वाले किसानो को भी मुफ्त बिजली देने की मांग की है।

ग्राम घाटमपुर ब्लॉक सिराथू में किसानो से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल से किसानो को मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया गया था, बावजूद इसके पखवारा भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इस संबंध में प्रदेश सरकार का कोई स्पष्ट आदेश किसानो को प्राप्त नही हुआ जिसके चलते किसानो में उफाफोह की स्थिति बनी है और निजी नलकूप चालक किसान परेशान हैं। आगे कहा कि प्रदेश सरकार जल्द से जल्द इस संबंध में स्पष्ट शासनादेश घोषित करे ताकि किसानो को राहत मिल सके। इसी के साथ अजय सोनी ने ऐसे किसानो को भी मुफ्त बिजली देने की मांग की है, जिनके निजी नलकूपों का विद्युत बिल बकाया है। साथ ही अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से निजी नलकूपों का बकाया बिजली बिल माफ करने की भी मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक कोरोना महामारी के चलते पिछले दो तीन सालों से प्रदेश के किसानो को खेती में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के चलते भी किसानो को नुकसान उठाना पड़ा है जिसके चलते निजी नलकूप चालक किसान बकाया बिजली बिल भर पाने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं और प्रदेश सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को चाहिए कि निजी नलकूपो का बकाया बिजली बिल माफ करे। अजय सोनी ने बताया कि जल्द ही इस संबंध में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे जिला प्रशासन कौशांबी द्वारा प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन भेजा जाएगा और किसानो के बकाया बिजली बिल को माफ करने एवं बकाया बिजली बिल न जमा कर पाने वाले किसानो को उनके नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली देने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, जय सिंह लोधी, देवराज लोधी, धीरा लोधी, घसीटे सरोज, रामकली आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों के साथ बैठक करते समर्थ किसान पार्टी के लोग

## दलीय उम्मीदवार सेंबल से तो निर्दलीय जीप, दम्कल, गदा, हल के सहारे पार करेंगे चुनावी बैतरणी

**दो नगर पालिका सहित आठ नगर पंचायत के उम्मीदवारों को आवंटित हुआ चुनाव चिन्ह**

**प्रतीक चिंह मिलने के बाद चुनावी समर में कूद पड़े दलीय व निर्दलीय उम्मीदवार**

**कौशाम्बी।** द्वाबा में इस बार दो नगर पालिका परिषद सहित आठ नगर पंचायतों में नगर निकाय चुनाव हो रहा है। जिसमें मंझनपुर व भरवारी के मतदाताओं को पहली बार नगर पालिकाओं में मेयर चुनने का मौका मिला है। जबकि दारानगर कड़ाधाम, पूरबशरीरा व चरवा के मतदाता पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष चुनेंगे। अभी तक जिले में कुल सात नगर पंचायतें हुआ करती थी, लेकिन इस बार मंझनपुर व भरवारी को नगर पालिका का दर्जा मिल गया, ऐसे अब आठ नगर पचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। शुक्रवार को दलीय व निर्दलीय उम्मीदवारों का चुनाव चिंह आवंटित हो गया। दलीय उम्मीदवार पार्टी सेम्बल से तो निर्दलीय उम्मीदवार जीप, हल, फसल काटता किसान, पहिया, गदा सहित अन्य प्रतीक चिंन्हों के सहारे अपनी चुनावी बैतरणी पार करेगा।

बता दें कि द्वाबा के दो नगर पालिका सहित आठ नगर पंचायतों में नगर निकाय चुनाव पूरे सबाब पर चढ़ चुका है। 21 अप्रैल मतलब शुक्रवार को चुनावी समर में उतरे उम्मीदवारों को प्रतीक चिंह भी आवंटित कर दिया गया है। ऐसे में अब उम्मीदवार अपना प्रचार प्रसार और तेज कर दिए हैं। पार्टी से लड़ रहे उम्मीदवार जहां पार्टी सेम्बल बताकर मतदाताओं को रिझाने में जुट गए तो वहीं निर्दलीय उम्मीदवार जीप, हल, गदा, पहिया, फसल काटता किसान आदि तमाम प्रतीक चिंहों को लेकर मतदाताओं के बीच पहुंच गए हैं। बहरहाल चुनावी समर में कूदे दलीय व निर्दलीय उम्मीदवारों में किसके सिर मतदाता जीत का ताज पहनाएगा यह तो भविष्य के गर्त में है।

## संक्षेप

### उम्मीदवारों को मिले चुनाव चिन्ह, बढ़ी सरगर्मी

**लालगंज।** नगर पंचायत चुनाव में शुक्रवार को अध्यक्ष एवं सभासद पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। प्रत्याशियों व समर्थकों मे तहसील परिसर मे सुबह से ही चुनाव चिन्ह मिलने को लेकर सरगर्मी देखी गयी। अध्यक्ष पद पर नगर पंचायत मे कांग्रेस तथा भाजपा व सपा एवं बसपा उम्मीदवारों को पार्टी का अधिकृत चिन्ह आवंटित किया गया। वहीं सभासदों को भी चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रो को कूच करते हुए लोगों को अपना चुनाव चिन्ह बताना शुरू कर दिया। अध्यक्ष पद पर नगर पंचायत मे तेरह प्रत्याशी मैदान मे हैं। सभी प्रत्याशियों का पर्चा वैध भी घोषित हुआ है। सभासद पद पर चार प्रत्याशियों के नाम वापसी के बाद अब एक सौ चार उम्मीदवार मैदान मे है। अवकाश का दिन होने के बावजूद प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह आवंटन को लेकर तहसील परिसर मे सरगर्मी का माहौल बना रहा। एहतियातन परिसर मे पुलिस भी तैनात दिखी। अध्यक्ष पद के निर्वाचन अधिकारी पुनीत वर्मा ने बताया कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्था को लेकर किया बैठक

## डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी लालगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन के सभागार में जनपद में गौ आश्रय स्थलों में भूसा संग्रह, गो संरक्षण एवं भरणपोषण हेतु अधिकारियों के साथ समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत उपस्थित रहे। जनपद में गो संरक्षण से सम्बन्धित आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विकास खण्डों में संचालित गो आश्रय स्थलों की संख्या, संरक्षित गोवंशों की संख्या, भरणपोषण की स्थिति, चारे की उपलब्धता, संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य, सहभागिता योजनान्तर्गत


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

सुपुर्द किये गये गोवंशों की संख्या, गोवंशों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण आदि से सम्बन्धित बिन्दुवार जानकारी सम्बन्धित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों से प्राप्त करते हुये गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी लालगंज अनुपस्थित पाये गये एवं विकास खण्ड लालगंज में छुट्टा पशु क्षेत्रों में घूमते हुये पाये जाने के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये खण्ड विकास अधिकारी लालगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि गौशालाओं के जितने भी आस-पास के गांव है वहां के ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख एवं सम्बन्धित के साथ बैठक कर लें जिससे यह पता चल सके गोवंशों हेतु एक वर्ष में कितने भूसे संरक्षित किये जाये। गौ संरक्षण केन्द्रों में एक वर्ष का भूसा रखने हेतु समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार भूसा संग्रह हेतु वृहद अभियान चलाया जाये जिससे जनपद के सभी गौशालाओं में 20 मई तक भूसा संग्रह का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम प्रधान अपने स्तर से ग्राम पंचायतों के लोगों से गौशालाओं हेतु भूसा दान करायें। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जो चारागाह की जमीनें पड़ी हुई है वहां पर हरे चारे की बुवाई करा दी जाये और हरा चारा खत्म न होने पाये इसकी भी व्यवस्था देख ली जाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि लेखपाल द्वारा यदि चारागाह की जमीन पर कोई संज्ञान नही लिया जाता है और यदि हरे चारे की बुवाई नही हुई तो लेखपाल के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि गोवंशों के भरणपोषण एवं संरक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही कदापि न बरती जाये तथा समय-समय पर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाये। गर्मी से बचाव के लिये टीन शेड को व्हाइट पेन्ट से पेन्ट किया जाये जिससे जानवरों को गर्मी से बचाया जा सके। गौ संरक्षण केन्द्रों में वृक्षारोपण किया जाये जिससे जानवरों को छाया प्राप्त हो सके और ऐसे पेड़ लगाये जाये जो जल्द बड़े हो सके। बैठक के दौरान यह पाया गया कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गौ संरक्षण केन्द्रों के कार्यो में रूचि नही ली जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के खिलाफ कार्यवाही हेतु शासन को पत्र लिखने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं की जियो टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाये और पशुओं की बीमारी हेतु दवा की उपलब्धता भी सुनिश्चित करायी जाये। जिलाधिकारी ने अन्त में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों का सुचारू रूप से सफल संचालन करायें, लापरवाही कदापि न बरती जाये अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों/कार्यो को शत प्रतिशत निर्वहन करें।

# अता हुई अलविदा की नमाज चाक चौबन्द दिखी व्यवस्था

**लालगंज।** अलविदा की नमाज पर इलाके मे पूरे दिन पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था अलर्ट दिखी। नगर पंचायत के बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद तथा खानापटटी व खालसा सादात तथा अझारा, सलेम भदारी मस्जिदों मे अकीदतमंदो ने दोपहर के वक्त आखिरी जुमां पर नमाज अता फरमाई। वहीं धारूपुर, ढ़िगवस, रानीगंज कैथौला, कुम्भीआइमा, नसीरपुर, अठेहा, सगरा सुंदरपुर, लीलापुर साहबगंज, दीवानगंज, सांगीपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर मे भी मस्जिदों मे रोजेदारों ने अलविदा की नमाज पर परवर दिगारे आलम से बरक्कत की दुआ मांगी। एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने इलाके मे दौरा कर शांति व्यवस्था की देखरेख की। मस्जिदो मे एहतियातन पुलिस बल को भी तैनात देखा गया। शांतिपूर्वक अलविदा की नमाज अता होने को लेकर स्थानीय प्रशासन को भी सकून


मस्जिद पर आखिरी जुमां की नमाज को लेकर अलर्ट पुलिस

मे देखा गया। वहीं अलविदा की नमाज होने के बाद ईद की खरीददारी को लेकर भी बाजारों मे शाम से चहल पहल बढ़ी दिखी। आखिरी जुमे पर सलेम भदारी व खानापटटी आदि जगहों पर रोजा इफ्तार पार्टी के भी आयोजन हुए दिखे।

# पट्टी नगर में शांति कायम के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**पट्टी।** त्यौहार तथा नगर चुनाव को देखते हुए व किसी भी उपद्रव तथा किसी भी पार्टी की तरफ से बवाल ना हो इसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है शुक्रवार को पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह ने पट्टी नगर के विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च करके शांति कायम करने का संदेश दिया। जिला प्रशासन ने त्यौहार के मद्देनजर धारा 144 पहले से ही लागू कर दिया है। वही नगर चुनाव को मद्देनजर देखते हुए किसी प्रकार का उपद्रव ना हो और किसी भी पार्टी के उत्साही कार्यकर्ता किसी के साथ बवाल ना करें इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पट्टी नगर के ढकवा मोड़, उड़ैयाडीह मोड़,पट्टी चैक,रायपुर रोड सहित विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर इस्पेक्टर जेपी शर्मा, एसआई अजीत सिंह, कांस्टेबल विकेश मिश्रा, सहित कई पुलिसकर्मी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए फ्लैग मार्च किया।

# जवानों के बलिदान ने भारतीय सेना के पराक्रम की फिर लिखी अविस्मरणीय यशोगाथा : प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश की रक्षा करते हुए पुंछ मे शहीद हुए जवानों को यहां शुक्रवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होनें शहीदों की स्मृति में शहीद प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। नगर के इंदिरा चैक पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सेना के पांच जाबांज जवानों हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देवाशीष बस्वाल, कुलदीप सिंह व आरक्षी हरभजन सिंह व सेवक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए देश की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक इन जवानो को आतंकवादियों से संघर्ष को अदम्य साहस करार दिया। मीडिया से रूबरू होते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार से शहीदो के लिए अनुमन्य सुविधाओं आर्थिक एवं सुरक्षा सम्बन्धी परिजनों को फौरन उपलब्ध कराये जाने को कहा है। जवानों के परिजनों के पुर्नवास की व्यवस्था के साथ प्रत्येक जवान के परिवार को पांच-पांच करोड़ रुपए आर्थिक सहायता अलग से भी दिये जाने पर जोर दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने केन्द्र से यह भी मांग उठायी है कि आतंकी ग्रेनेड


लालगंज में आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद प्रमोद तिवारी

हमले के प्रकरण की वह विशेष जांच कराते हुए देश की जनता को भी फौरन विश्वास मे ले। उन्होनें सवाल उठाया कि एक ओर भाजपा सरकार धारा-370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर मे आतंकवाद के खात्मे का झूठा ढिढोरा पीट रही है तो फिर वहां इतनी बड़ी आतंकवादी घटना कैसे हुयी? राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने तीखे अंदाज मे कहा कि आतंकी घटना ने फिर साबित किया है कि मौजूदा मोदी सरकार ने दृढ़ राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी है। यूपी में नगर निकाय चुनाव को लेकर जतायी गयी प्रतिक्रिया में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्थानीय निकाय के चुनाव नाम के अनुरूप स्थानीय मुददो तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। उन्होनें जनता से भी विकास कर सकने वाले और सबको साथ लेकर चलने वालों को प्राथमिकता देते हुए चुनाव के समय अमन व शांति बनाए रखने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, छोटे लाल सरोज, महमूदआलम, दयाराम वर्मा, सिंटू मिश्र, अनिल महेश आदि रहे।

# फांसी लगाकर छात्रा ने दी जान

**पट्टी।** टिन शेड में लगी बल्ली में दुपट्टे के सहारे लटकर छात्रा ने जान दे दी। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूरे दलपत शाह गांव निवासी प्रिया वर्मा उर्फ गुड़िया वर्मा (21) पुत्री पुरुषोत्तम वर्मा गुरुवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह गुडिया की सहेली उससे मिलने घर आई। काफी आवाज लगाने के बाद भी कमरे के अंदर से कोई जवाब नही आया। इस पर सहेली ने दरवाजा खोला तो वह आवाक रह गई। गुड़िया का शव फंदे पर लटक रहा था। शोर-शराबा होने पर आसपास के ग्रामीणो की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना आसपुर देवसरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर आसपुर देवसरा थाना प्रभारी संजय पांडे अपने दल बल के साथ पहुंच कर शव को फंदे से उतारकर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मामले में आसपुर देवसरा थाना प्रभारी संजय पांडे का कहना है कि परिजनों के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी ने नगर में भ्रमण कर सुरक्षा का लिया जायजा

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल शुक्रवार को नगर की सड़कों पर गस्त कर सुरक्षा का जायजा लिया। नगर कोतवाली क्षेत्र में की जा रही संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की हकीकत भी देखी। ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान एसपी के साथ सड़कों पर भारी लाव लश्कर साथ चल रहा था।


बैनर पोस्टर की दुकान पर जुटी भीड़

# बैनर पोस्टर से सजी दुकानें

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव में शहर से लेकर नगर पंचायत इलाकों में विभिन्न पर्टियों के वैनर, पोस्टर व झण्डे से दुकानें सजी हैं। प्रत्याशी दुकानों से वैनर पोस्टर आदि को खरीद का आर्डर दे रहे हैं। बढ़ती गर्मी के बावजूद शहर में जगह-जगह अस्थाई दुकानें खुली हैं। हलांकि प्रत्याशी इन वस्तुओं को अधिक खरीद से परहेज वरत रहे हैं। चुनाव के मौसम में छोटे दुकानदारों के इन समानों को बेंचकर अपनी कमाई का जरिया बनाते हैं।

### श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग पर भक्तों ने मनाया उत्सव

**प्रतापगढ़।** बाघराय के बशीरपुर गांव में पूर्व प्रधान गुड्डू शुक्ला के घर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का आयोजन हुआ।कथावाचक राजगुरु माधवपति त्रिपाठी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। आयशा डिजिटल झांकी की तरफ से भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणि के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणि विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणि के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

# विरोध कर रहे भाजपाइयों को थाने लाई पुलिस

**विरोध**

**सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष के विरोध में बुलंद की आवाज**

**प्रतापगढ़।** टिकट बंटवारे को लेकर भाजपा के सांसद संगमलाल गुप्ता व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र के खिलाफ विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूरे जिले में नई बनाई गई नगर पंचायत में कार्यकताओं की मांग रही कि क्षेत्र में जिसका जनाधार हो उसी को टिकट दिया जाए। मगर आरोप है कि दोनों नेता अपने चहेतों को टिकट दिलाने में सफल रहे। टिकट कटने से मायूस कार्यकर्ता अपने ही सांसद व कार्यकर्ता के विरोध में मोर्चा खोलते हुए पार्टी कार्यालय पर दोनों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। गुरूवार को सोवंसा में पार्टी कार्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में सांसद व जिलाध्यक्ष को शामिल होना था। दोनों नेताओं को जानकारी हुई कि कुछ नाराज पदाधिकारी कार्यक्रम में खलल डाल सकते हैं। आरोप है कि दोनों नेताओं के इसारे पर फतनपुर थाने के एसओ नाराज कार्यकताओं को यह कहकर थाने बुलाए कि सीओ ने बुलाया है। थाने में कार्यकर्ता हंगामा करते रहे। टिकट कटने से नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए सांसद व जिलाध्यक्ष भी थाने पहुंच गये। मनाने की कोशिश की गई इसके बाद भी कार्यकर्ता नहीं माने और दोनों नेताओं पर आरोप लगाते रहे। कुछ देर बाद दोनों नेता थाने से कार्यक्रम में लौट गए। बताया गया कि नाराज कार्यकताओं को पुलिस ने कार्यक्रम समाप्ति तक थाने में रोके रखा। दो दिन पहले भी सांसद व सोबंसा के मण्डल अध्यक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का आडियो सोसलमीडिया में वायरल हुआ था। जिसमें सांसद संगमलाल गुप्ता ने कार्यकर्ता से कहते सुने जा रहे हैं कि चैबीस के इलेक्शन में मेरा तुम क्या देखोगे सब माई देखेगीं। टिकट बंटवारे को लेकर सांसद व जिलाध्यक्ष के निर्णय पर पार्टी जिलासंगठन के लोग भी एक मत नहीं है। दोनों नेताओं के निर्णयों से नाराज कार्यकर्ताओं की वजह से पार्टी प्रत्याशी को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# विधायक ने सदन में उठाया था जलभराव का मुद्दा

**नाले की सफाई किये बिना फरार हुआ ठेकेदार**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के कमासिन डेज्न का अस्तित्व खत्म होने पर वर्षात के मौसम में पूरे इलाके के दर्जनों गॉव जल मग्न हो जाते हैं। जलभराव से किसानों की सैकड़ों बीघे धान की फसल नष्ट हो जाती हैं। क्षेत्र के लोगों ने इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए रानीगंज के सपा विधायक डा0 आके वर्मा से गुहार लगाई थी। विधायक ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से इस संबंध में पत्रजात किया था। मामला हल होते न देख उन्होंने इस मुद्दे को सदन में उठाया था। विधायक डा0 आरके वर्मा के हस्तक्षेत्र से कमासिन नाले की सफाई का ठेका दिया गया। ठेकेदार ने मार्च माह में नेसीबी से नाले की सफाई का काम शुरू किया। कुछ मीटर नाले की



सफाई करने के बाद महीनों से ठेकेदार फरार है। इस बात को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। लागों की बातों पर यकीन करें तो ठेकेदार ने जिम्मेदारों से मिलकर नाले की सफाई का थोड़ा बहुत काम करके पूरा पैसा हजम कर गया। जल जमाव से प्रभावित गॉव के लोगों ने विधायक आरके वर्मा से मिलकर इस बात की शिकायत की और नाले की पूरी सफाई कराने की मांग की है। विधायक ने डीएम को इस बात को लेकर पत्र लिखने की लोगों से बात की। विधायक के मीडिया प्रभारी संजीव कुमार पांडेय ने जन सुनवाई पोर्टल के जरिए अधिशासी अभियंता सिंचाई से मानक के अनुरूप कमासिन नाले की सफाई की मांग की। उन्होंने मांग किया कि ठेकेदार विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

### लूट के आरोपियों को भेजा जेल कमाई के लिए करते हैं लूट पाट

**प्रतापगढ़।** जेठवारा पुलिस ने तीन ऐसे लुटेरों को पकड़ा है जो कमाई के लिए लूट पाट करते हैं। इसके पहले भी वह लूट के आरोप में जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद पुनः लोगों को तमंचे के बल पर लूटने का काम शुरू कर देते हैं। पकड़े गये आरोपी मोहित यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव, शेखर जोशी पुत्र रामजी जोशी व चांद जोशी पुत्र राकेश जोशी निवासी बासूपुर पौडिया थाना लीलापुर ने पुलिस को अपने कारनामों के राज बताए। लुटेरों ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह 12 अप्रैल को हम लोगों ने जेठवारा के जंगल से एक व्यक्ति से आठ हजार की लूट की थी। इसके अलावा मान्धाता क्षेत्र में स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के सेल्समैन से भी लूट की थी। दोनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ थानों में रिपोर्ट दर्ज है। आरोपियों ने बताया कि हम पॉच लोगों का गैंग है जो लूट, चोरी व छिनैती करते हैं। लूट ही हमारी कमाई का जरिया है। लुटेरों ने बताया कि जिस पल्सर बाइक से हम लोग लूट करते हैं। वह बाइक अंतू के काशीपुर से चोरी की है। पुलिस ने लुटेरों के पास से चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूश व नकदी बरामद की है। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# विद्यार्थी किसी जाति व धर्म का नहीं होता : एडीजे विनोद कुमार

**पट्टी।** नगर के एसकेएस इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सबका मन मोह लिया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुरूआत मां सरस्वती की वंदना व स्व. डाक्टर यश सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कक्षा आठ की छात्राओं ने स्वागत गीत, कक्षा 9 की छात्राओं द्वारा आयो रे शुभ दिन आयो वह मुझे इस दुनिया में लाया, कक्षा चार व पांच की छात्राओं ने गुरु में संसार बताया। कक्षा 12 की छात्रा शिवांगी द्वारा घूमर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा शिव तांडव साधना, पुष्प देवी द्वारा हरियाणवी गीत खुला खुशी-खुशी, स्वाति तिवारी द्वारा अभिनय गीत, राधा कृष्ण नृत्य प्रथम की छात्राओं द्वारा कत्थक नृत्य कक्षा सात की छात्रा सुरक्षित विश्वकर्मा में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीजे फतेहपुर विनोद चौरसिया ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी किसी जाति



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

धर्म के नहीं होते। विद्यार्थियों की अपनी एक अलग पहचान होती है। विद्यार्थियों की मदद के लिए हर व्यक्ति हमेशा आगे आता है। किसी भी विद्यार्थी को अपने को कम नहीं आंकना चाहिए। पढ़ाई सीखने के लिए होनी चाहिए जब कोई बच्चा सीखने के लिए पढ़ाई करेगा तो निश्चित रूप से वह सफल होगा। किसी भी सफल व्यक्ति में उसके गुरु का बहुत बड़ा योगदान होता है। गुरु ही छात्र के अंदर खूबियों को पहचान कर उसे आगे बढ़ने का मार्ग बताते हैं। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन से लोगों को प्रेरणा लेने के लिए अपनी जीवनी भी बताइए किस तरह से वह हाई स्कूल में 1 बार फेल हो गए थे उसके बाद जब उन्होंने पढ़ाई करना शुरू किया तो आज एडीजे के पद पर उदासीन है। इस दौरान मुख्य अथिति ने विद्यालय में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल वा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया। इस दौरान श्याम शंकर मिश्र सरोज सिंह अशोक पांडे शिव प्रसाद पांडे सुरेश चंद्र निगम हीरा सिंह बाबूलाल गुप्ता वीरेंद्र सिंह राणा प्रताप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग छात्र छात्रा व अभिभावक मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# दलबदलुओं के लिये विचारधारा नहीं 'राजनैतिक कैरियर' महत्वपूर्ण

**तनवीर जाफरी**



कर्नाटक में राज्य विधानसभा हेतु 10 मई को चुनाव होने निर्धारित हैं। पूरे राज्य में एक ही चरण में होने वाले चुनाव की मतगणना 13 मई को होनी तय है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण से फिलहाल यही पता चल रहा है कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को सत्ता में वापसी के लिये कड़ी मशक़्क़त करनी पड़ रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस के पक्ष में भी सकारात्मक माहौल बनता दिखाई दे रहा है। भाजपा के विरुद्ध जहाँ सत्ता विरोधी रुझान है वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कर्नाटक के बड़े क्षेत्र से होकर गुजरना,तथा राहुल गांधी की संसद से बर्खास्तगी के बाद राज्य में उनके प्रति पैदा हुई सहानुभूति कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में कारगर साबित हो रही है। राज्य में होने वाले इस संभावित सत्ता परिवर्तन को राज्य के कई 'मंझे' हुये नेता भी बखूबी समझ रहे हैं। और उनकी यही 'दूरदर्शिता' उन्हें किसी न किसी परिस्थितिवश चुनाव पूर्व ही 'दल बदल ' करने के लिये 'मजबूर ' कर रही है। प्राप्त खबरों के अनुसार राज्य के आठ प्रमुख भाजपा नेताओं के अतिरिक्त तमाम 'छुटभैय्ये ' भाजपाई भी कांग्रेस पार्टी का दामन थाम चुके हैं। जबकि कुछ जे डी एस में भी शामिल हुये हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व उप मुख्यमंत्री से लेकर कई विधायक और विधान परिषद सदस्य तक शामिल है। इसी सूची में सबसे महत्वपूर्ण नाम राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री भाजपा एवं लिंगायत समुदाय के प्रभावशाली नेता जगदीश शेट्टार और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का है। कर्नाटक की राजनीति में लिंगायत समुदाय सत्ता का खेल बनाने बिगाड़ने में अत्यंत प्रभावी माना जाता है। बताया जा रहा है कि शेट्टार अपनी पारंपरिक सीट हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में सातवीं बार चुनाव लड़ना चाह रहे थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें टिकट देने से मना कर दिया था। प्राप्त खबरों के अनुसार शेट्टार को हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी न बनाने के बदले में उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री और उनके परिवार के किसी अन्य सदस्य को विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश पार्टी की ओर से की गयी थी जो उन्होंने स्वीकार नहीं किया। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने आनन फानन में जगदीश शेट्टार को पार्टी में शामिल कर उन्हें हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। लिंगायत समुदाय के कर्नाटक में 18 फीसद मतदाता हैं और वो प्रायः भाजपा के समर्थक माने जाते रहे हैं।

भाजपा छोड़ने के बाद जगदीश शेट्टार अकेले 20 से लेकर 25 लिंगायत प्रभाव वाली सीटों पर भाजपा को नुक़्सान व कांग्रेस को फायदा पहुंचा सकते हैं। इनके अतिरिक्त भाजपा छोड़ने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व विधायक डीपी नारीबोल, मंत्री एस अंगारा और बीएस येदियुरप्पा के करीबी डॉक्टर विश्वनाथ के साथ वर्तमान विधायक एमपी कुमारस्वामी,विधायक रामप्पा लमानी, विधायक गुली हटी शेखर, तथा वर्तमान एमएलसी (विधान पार्षद ) शंकर शामिल हैं। दल बदल करने वाले अधिकांश भाजपा नेताओं का एक ही दुखड़ा है कि पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया। टिकट न मिलने के कारण पार्टी छोड़ने वाला एक नाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कर्नाटक विधानसभा के पूर्व स्पीकर कागोडु थिम्मप्पा की बेटी डॉ. राजनंदिनी का भी है। गत दिनों यह कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और पार्टी के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गयीं । बीजेपी में शामिल होने बाद डॉ. राजनंदिनी ने अपनी 'व्यथा' बयान करते हुये कहा भी कि -'मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस) मुझे पहचानेगी और मुझे टिकट देगी , लेकिन मुझे मौका नहीं मिला जबकि बीजेपी में गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया गया। मैं पार्टी के लिए काम करूंगी। मैं वर्कर हूं और कहीं भी काम कर सकती हूं'। पूरी संभावना है कि डॉ. राजनंदिनी थिम्मप्पा भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगी।

केवल कर्नाटक ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के चुनाव में भी यहाँ तक कि लोकसभा चुनावों के समय भी अपना अपना 'राजनैतिक कैरियर' बचाने या बनाने के नाम पर दल बदल का खेल चलना एक आम बात बन चुकी है। यह दल बदल पार्टी के टिकट मिलने या न मिलने से शुरू होकर मंत्री यहाँ तक कि मुख्यमंत्री बनने बनाने तक जारी रहता है। मध्य प्रदेश की तरह कई राज्य इस बात के भी उदाहरण पेश कर चुके हैं कि किस तरह सत्ता के इसी घिनौने खेल में राज्य की जनता द्वारा दिये गये सत्ता विरोधी जनमत का इन्हीं अवसरवादी व अपने स्वार्थपूर्ण राजनैतिक कैरियर को राजनैतिक विचारधारा से भी ऊपर मानने वालों द्वारा मजाक उड़ाया गया। आज भले ही कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में बड़ी संख्या में भाजपाई नेताओं को पार्टी में शामिल कराकर आगामी चुनाव में अपनी बढ़त की संभावनाओं का एहसास कर रही हो परन्तु जो नेता केवल भाजपा का टिकट न मिलने के कारण कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं वह कांग्रेस की विचारधारा के वाहक आखिर कैसे हो सकते हैं ? अभी पिछले दिनों हिजाब के विरोध से लेकर और भी कई तरह के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास भाजपा द्वारा कर्नाटक में इन्हीं वर्तमान विधानसभा चुनावों के मद्देनजर किये गये थे। उस समय तो यही भाजपा छोड़ने वाले लोग भाजपा की नीतियों का समर्थन कर रहे थे ?

कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य परस्पर धुर विरोधी वैचारिक पार्टियां, इनके द्वारा अवसरवादिता के कारण खास कर अपने राजनैतिक कैरियर को 'संवारने ' की गरज से दल बदल करने वाले लोगों को अपने अपने दलों में शामिल कराने का साफ अर्थ है कि पार्टियां स्वयं भी मात्र सत्ता प्राप्त करने के लिये ऐसे 'थाली के बैंगनों ' का सहारा लेना पसंद करती हैं जिनके लिये विचारधारा नहीं बल्कि उनका 'राजनैतिक कैरियर अधिक महत्वपूर्ण' है। और जिनकी कोई राजनैतिक विचारधारा ही न हो केवल उनका 'राजनैतिक कैरियर' ही उनके लिये सबसे महत्वपूर्ण हो वे वैचारिक रूप से किसी भी पार्टी के वफादार तो हरगिज नहीं हो सकते। राजनैतिक दल जो कि दरअसल प्रायः अवसरवादियों का ही एक समूह कहा जा सकता है यह भले ही अपना लाभ देखकर दलबदलुओं को टिकट,मंत्री पद यहां तक कि मुख्यमंत्री पद देकर अपने को मजबूत और अपने विरोधी दलों को कमजोर करने का अस्थायी खेल खेलते रहते हों परन्तु जनता को ऐसे दलबदलुओं को तो जरूर सबक सिखान चहिये जिनके लिये विचारधारा नहीं बल्कि उनका स्वार्थपूर्ण राजनैतिक कैरियर ही सबसे महत्वपूर्ण है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# पृथ्वी पर जीवन बचाने की मुहिम

## पृथ्वी दिवस पर

**गिरीश्वर मिश्र**



अपने दौड़ भाग भरे व्यस्त दैनिक जीवन में हम सब कुछ अपने को ही ध्यान में रख कर सोचते-विचारते हैं और करते हैं। हम यह भूल जाते हैं कि यह पृथ्वी जिस पर हमारा आशियाना है मंगल, बुध की ही तरह का एक ग्रह है जो विशाल सौर मण्डल का एक सदस्य है । यह भी गौर तलब है कि अब तक के ज्ञान के हिसाब से धरती ही एक ऐसा ग्रह है जहां जीवन है। इस धरती पर हमारा पर्यावरण एक परिवृत्त की तरह है जिसमें वायु मंडल, जल मंडल, तथा स्थल मंडल के अनेक भौतिक और रासायनिक तत्व मौजूद रहते हैं। जैविक और अजैविक दोनों तरह के तत्वों से मिल कर धरती पर संचालित होने वाला पूरा जीवन-चक्र निर्मित होता है । इस जीवन-चक्र का आधार सिद्धांत विभिन्न तत्वों का सह अस्तित्व है क्योंकि अकेले कोई भी पर्याप्त नहीं होता है। सत्य यही है कि दूसरों से जुड़ कर ही जीवन सम्भव हो पाता है। इसलिए जो नैसर्गिक रूप से उपलब्ध प्रकृति है वह जीवन के लिए आधार प्रदान करती है। हमारा अपना अस्तित्व उस समग्र का एक बड़ा छोटा हिस्सा होता है। जीवन को चिरायु और गतिशील बनाए रखने के लिए प्रकृति के विभिन्न अवयवों के बीच सतत सामंजस्य बनाए रखना जरूरी होता है।

प्रकृति ये सभी पक्ष भारतीय चिंतन में आरंभ से ही महत्व पाते रहे हैं। वस्तुतः पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के तत्व जीवन से घनिष्ठ रूप से सम्बंधित हैं। वनस्पति, जल, अंतरिक्ष और पृथ्वी को लेकर वैदिक चिंतन में प्रकृति की महिमा का बड़ा बखान किया गया है। बाद में जिस जीवन पद्धति का विकास हुआ उसमें कूप, तडाग, सरोवर, नदी, सागर और तीर्थ आदि धार्मिक और गृहस्थ जीवन में प्रमुख स्थान पाते रहे। वर्ष चक्र की एक यज्ञ के रूप में कल्पना करते हुए ऋग्वेद में वसंत ऋतु को ह्यघी', ग्रीष्म को ह्यसमिधा' शरद को ह्यहवि' कहा गया है।

पृथ्वी पर वनस्पति, पशु-पक्षी और मनुष्य साथ-साथ रहते आए हैं। वे सहजीवी रहे हैं। सह जीवन में आदान-प्रदान होता है और परस्परनिर्भरता को पहचानते हुए प्रकृति की रक्षा भी की जाती है। प्रकृति ह्यमाता' की भाँति पूज्य है। वेद में भूमि को माँ और स्वयं को पृथ्वी की संतति कहा गया हैः माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्याः । पृथ्वी के प्रति मनुष्यता का आभार का एक सहज भाव यहाँ के समाज में व्याप्त रहा है जो कई तरह से प्रकट हुआ है। प्रकृति के विभिन्न पक्ष ईश्वर के प्रत्यक्ष तनु (शरीर) कहे गए हैं। पीपल, नीम और वट के वृक्षों की पूजा की बड़ी प्राचीन परम्परा है । प्राण वायु (आक्सीजन) देने वाले वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। विभिन्न वनस्पतियों के औषधीय गुणों को आयुर्वेद में महत्वपूर्ण स्थान मिला हुआ है और ह्यवृक्षायुर्वेद' एक शास्त्र के रूप में विकसित हुआ था जिसमें इनका विशद विवेचन मिलता है।

यहाँ यह भी स्मरणीय है कि नदी, वृक्ष और पशु-पक्षी सब मिल कर हमारी पारिस्थितिकी का निर्माण करते हैं। पारिस्थितिकी के संतुलन को बनाए रखने में इन सबका समान महत्व है। लोक मानस में अभी भी गीतों, कथाओं, जीवन-संस्कारों, लोकाचारों, रीति-रिवाजों, तथा उपासना के यज्ञादिक कृत्यों में विभिन्न पौधों और वृक्षों की जीवन्त उपस्थिति बनी हुई है। आम्र-पल्लव, दूर्वा और तुलसी-दल के बिना कोई पूजा विधि पूरी नहीं होती। और तो और गंगा और यमुना जैसी नदियों को भी शादी-व्याह में जैसे अवसरों पर न्योता देने की प्रथा है। इनमें स्नान कर पुण्य-लाभ कमाने का आकर्षण अभी भी बना हुआ है। कुम्भ मेले की परम्परा इसका ज्वलंत प्रमाण है जिसमें लाखों लोग गंगा में डुबकी लगाने के लिए प्रयाग में एकत्र होते हैं। प्रकृति के प्रति आकर्षण का एक आधार यह भी है कि नैसर्गिक परिवेश का सौंदर्य आत्मिक तृप्ति देने वाला होता है। समुद्र और नदी में स्नान स्वास्थ्यवर्धक होता है और उससे मन को विश्रांति मिलती है। सागर, निर्झर, वन, झील, पर्वत, वृक्ष और नदी से संसर्ग हमारे आध्यात्मिक जीवन, सृजन और सामुदायिक जीवन को समृद्ध बनाने वाला होता है। उसका स्वाद लेने के लिए आज साधनसम्पन्न सैलानी देश विदेश में दूर-दराज और दुर्गम स्थानों की यात्रा करते नहीं थकते। इतिहास द्वारा भी इस बात की पुष्टि होती है कि नदियाँ पूरे विश्व में मानव सभ्यता और जननी रही हैं। उन्हीं के निकट संस्कृतियों के विकास की गाथाएं लिखी जाती रही हैं।

भारत में प्राकृतिक संसाधनों को संग्रह कर उपभोग किया जाता रहा परंतु बाजार केंद्रित अर्थ व्यवस्था के साथ संसाधनों के असीमित उपयोग की लालच बढ़ी। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान उनके अपने हितों के लिए जंगलों की कटाई और खनन का दौर शुरू हुआ और प्राकृतिक सम्पदा का घोर शोषण आरम्भ हुआ। निर्वनीकरण और बाँधों का निर्माण आज भी जारी है। यह दुखद है कि पर्यावरण जैसे गम्भीर प्रश्न के साथ भी प्रतीकात्मक ढंग से बर्ताव किया जाता है। पर्यावरण की शुद्धता और स्वच्छता का सवाल जीवन से जुड़ा है परंतु सत्ता और कारपोरेट दुनिया की मिली भगत के बीच जल, जीवन और जंगल पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। विकास के नाम पर प्राकृतिक सम्पदा से परिपूर्ण झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में व्यापक पर्यावरण विनाश होता आया है और साथ में विस्थापन की विकट समस्या भी खड़ी हुई है। दिल्ली और मथुरा में यमुना एवं कानपुर तथा काशी में गंगा का प्रदूषण चिंताजनक स्तर पर है। प्रौद्योगिकी और उद्योग घरानों की साँठ गाँठ के बीच पर्यावरण की बलि चढ रही है। प्रगति और विकास के नारे के आगे सब कुछ ध्वस्त होता जा रहा है। ये नारे वस्तुतः मनुष्य की अनियंत्रित धन सम्पदा कमाने की भूख को ही द्योतित करते हैं। इस तरह के अंधे स्वार्थ के आगे विवेक जबाव दे रहा है। आर्थिक सम्पन्नता के लिए वसुंधरा पृथ्वी आज सब तरह से शोषित और लुंठित हो रही है।

मनुष्य को केंद्र में रख कर नियंता के भाव के साथ प्रकृति को उपभोग्य मान लिया गया। इसके चलते खुद को निरपेक्ष उपभोक्ता की हैसियत से उसका अंधाँधुंध दोहन करना मनुष्य का मुख्य कार्य हो गया। प्रकृतिभक्षी दृष्टि के चलते पारिस्थितिक असंतुलन के फलस्वरूप अब आए दिन अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, अकाल और तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के संकट छाए रहते हैं। प्रजातियाँ लुप्त हो रही हैं और जैव विविधता घट रही है। आधी सदी से कम समय में पक्षियों, स्तनधारियों, मछलियों, उभयचरों और सरीसृपों में औसतन 68 प्रतिशत कमी आई है। जैव विविधता घटने के कई प्रत्यक्ष और परोक्ष परिणाम हैं। वह एक संसाधन है जो जीवन की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है। एक सदी में भू उपयोग में बड़ा बदलाव आया है। जैव विविधता नष्ट होने से पारिस्थितिकी तंत्र ध्वस्त हो जाएगा। जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा और पुनर्स्थापना आवश्यक है। इस दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र द्वारा जी डी पी में प्रकृति के सच्चे मूल्य को भी शामिल करने की बात की जा रही है।

कृषियोग्य भूमि बना कर भारी मात्रा में 50 प्रतिशत वृक्ष खत्म हुए हैं। समुद्र के उपयोग में भारी बदलाव से समुद्री पारिस्थितिकी भी बदली है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो औद्योगिकीकरण के चलते सबसे काम समय में, लगभग 350 वर्षों में सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचा है। उर्वरक और कीटनाशकों के प्रयोग के चलते रसायन भारी मात्रा पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। भूमि का क्षरण हो रहा है, वन का आवरण काम हो रहा है, नदियों के जल स्तर में गिरावट आ रही है, भू जल स्तर घाट रहा है और ग्लेशियर खिसक रहे हैं। जीवन शैली में आए बदलाव से तरह ह्र तरह की गैसों का उत्सर्जन हो रहा है। ग्रीन हाउस प्रभाव की चचाओँ के बीच पर्यावरण का ह्रास एक विकट चुनौती बन रही है। प्रकृति और मनुष्य के बीच संघर्ष का परिणाम पर्यावरण संकट के रूप में आ रहा है। हवा, पानी और भोजन जैसे जीवन जीने के लिए अनिवार्य तत्व घोर प्रदूषण की गिरफ़्त में आ रहे हैं। मौसम में बदलाव को ले कर पृथ्वी पर आपात काल लगाने जैसी स्थिति उभर रही है। पृथ्वी पर हाबी हो रहे मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों की पूरी ऋंखला को तनावग्रस्त बना दिया है।

अपनी आत्म केंद्रित दृष्टि के भ्रम में हम यह अक्सर भूल जाते हैं कि सम्पूर्ण जैविक विश्व एक इकाई है और मनुष्य को इससे जुदा नहीं रखा जा सकता। अन्य तत्वों की ही तरह वह भी पर्यावरण की व्यवस्था का ही एक हिस्सा है। इसलिए समग्र प्रकृति के साथ जुड़ते हुए और तालमेल के साथ ही आगे कदम बढ़ाया जा सकता है। चूँकि हमारा जीवन प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर करता है अतः उन मूल्यों को प्रभावी करना होगा जो सम्पूर्ण जीवन को पहचान सकें और सबके विकास का अवसर दे सकें। धरती की सीमा में ही उपभोग और उत्पादन करना ही एकमात्र विकल्प है। असीम उपभोग से सुख की तलाश बेमानी है। आज मनुष्य का पर्यावरण के प्रति उदासीन व्यवहार सार्थक और सुखमय जीवन में बड़ा बाधक हो रहा है। प्रकृति के बाह्य पक्ष हमें आकर्षित करते हैं और जंगल सफारी, पर्वत, नदी, घाटी, झील आदि घूमने जाते हैं परंतु पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हम सतर्क नहीं रहते।

वर्तमान परिस्थितियों के मद्दे नजर आज धरती के साथ जुड़ाव हो यह आवश्यक है। जन साधारण के मन में प्रकृति प्रेम का भाव पैदा करना होगा। जल की बबादी, भू जल स्तर में गिरावट, अस्वच्छ जल के उपयोग से बीमारी आदि को ध्यान में रख कर जल-प्रबंधन को वरीयता देनी होगी। वृक्षारोपण का अभियान, वनों की कटाई रोकना जैविक खाद और बीज के साथ जैविक खेती की ओर ध्यान देना होगा। जीव जगत की पारस्परिकता को स्वीकसर करते हुए दायित्व बोध जगाना होगा और आत्मीय रिश्ता बनाना होगा। प्रकृति को देखने और उसे महत्व देने के नजरिए को बदलना होगा।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं)**

**पृथ्वी पर वनस्पति, पशु-पक्षी और मनुष्य साथ-साथ रहते आए हैं। वे सहजीवी रहे हैं। सह जीवन में आदान-प्रदान होता है और परस्परनिर्भरता को पहचानते हुए प्रकृति की रक्षा भी की जाती है। प्रकृति ह्यमाता' की भाँति पूज्य है। वेद में भूमि को माँ और स्वयं को पृथ्वी की संतति कहा गया हैः माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्याः। पृथ्वी के प्रति मनुष्यता का आभार का एक सहज भाव यहाँ के समाज में व्याप्त रहा है जो कई तरह से प्रकट हुआ है। प्रकृति के विभिन्न पक्ष ईश्वर के प्रत्यक्ष तनु (शरीर) कहे गए हैं। पीपल, नीम और वट के वृक्षों की पूजा की बड़ी प्राचीन परम्परा है। प्राण वायु (आक्सीजन) देने वाले वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। विभिन्न वनस्पतियों के औषधीय गुणों को आयुर्वेद में महत्वपूर्ण स्थान मिला हुआ है और ह्यवृक्षायुर्वेद' एक शास्त्र के रूप में विकसित हुआ था जिसमें इनका विशद विवेचन मिलता है।**

# क्या क्षरण के दौर में हैं पृथ्वी और हम ?

## प्रसंगवश

**अरुण तिवारी**



यदि हम जानने की कोशिश करें कि किसान अपने पेड़ों की छटनी करते, फसलों को बोते और अन्न को संजोते समय अंधेरे और उजाले पक्ष का भेद क्यों रखता है, तो हम यह भी समझ जायेंगे कि सूर्य सोखा हुआ जलरस वापस लौटाता है। चन्द्रमा अन्न समेत समस्त जीवितों में रस भरने का काम करता है। वायुमण्डल जितना मोटा होगा, उतना गर्म होगा; सूर्य उतना कम जलरस लौटाएगा। चन्द्रमा को सूर्य से प्राप्त श्वेत रश्मियों के मार्ग में श्याम छायायें जितनी ज्यादा होती जायेंगी, रस भरने की चन्द्रशक्ति उतनी कम होती जाएगी; उत्पादन उतना कम रस, गंध व स्वादयुक्त होगा। दर्ज इतिहास के अनुसार, सूर्य व चन्द्रमा के लिए यह चुनौती सबसे पहले पृथ्वी के शुरूआती तीन से चार बिलियन वर्षों के दौरान वर्तमान कनाडा और इटली में जागे ज्वालामुखियों से निकले लावे और धुएं ने किया। आज तो एक ही वर्ष में 70-70 ज्वालामुखी फट रहे हैं। हम अपने वायुमण्डल को हर रोज धूल, धुआं, नुकसानदेह गैसों व अन्य ठोस कणों से भर निरन्तर मोटा व असंतुलित कर रहे हैं। जल और वायु तो बदलेंगे ही।

दर्ज इतिहास के अनुसार, पिछले 150 करोड़ वर्षों में पांच बार प्रलय आई है; 500 करोड़ वर्ष पूर्व एक महाप्रलय, जिसमें 95 प्रतिशत प्रजातियां नेस्तनाबूद हो गईं। शेष बची 05 प्रतिशत ने फिर नई प्रजातियां रचीं। भारतीय पौराणिक आख्यान मानते हैं कि यह सब पारितंत्र के नियमानुसार ही हुआ। वे पृथ्वी को भी एक जीव मान इसकी गर्भावस्था, शैशवकाल, यौवन, प्रौढ़ व वृद्धावस्था के क्षरण व मरण की संकल्पना सामने रखते हैं। हम जन-जीवों के तन-मन, विचार-व्यवहार में आ रहे क्षरण को भी इससे जोड़ते हैं। जरा अपने आसपास घट रहे घटनाक्रम तथा उनके प्रति अपने व्यवहार का निष्पक्ष भाव से विश्लेषण कीजिए। सोचिए कि क्या यह पृथ्वी का क्षरण काल से गुजर रहे हैं। वे रचना और विध्वंस को एक-दूसरे की अनुगामी प्रक्रिया मानते हैं।

हम यह मान भी लें कि अंतरिक्ष के ज्ञात-अज्ञात ग्रहों में से एक हमारी पृथ्वी का भी क्षरण और मरण होता है। इस वक्त पृथ्वी अपने क्षरण काल में हो, तो भी हम वर्तमान कालखण्ड में हो रही तापवृद्धि व जलवायु परिवर्तन के कारणों को महज प्राकृतिक बताकर पल्ला नहीं झाड़ सकते। क्यों ? क्योंकि यह जितनी तेज गति से हो रहा है, वह अप्रत्याशित है और डराने वाला भी। कारण वैश्विक हैं, तो स्थानीय भी।

विचार कीजिए कि छह महीने दिन, छह महीने रात वाले उत्तरी ध्रुव का अपने ऐतिहासिक तापमान से 35 डिग्री सेल्सियस ऊपर चले जाना, यूरोप के औसत तापमान से अधिक हो जाना; कोई सामान्य घटना नहीं है। यह पहली बार नवम्बर, 2018 में दर्ज किया गया। समुद्री जीवों का 1970 की तुलना में आधा हो जाना; यह भी पहली बार 2018 में ही दर्ज हुआ। ध्वनि प्रदूषण के चलते जीवों में आपसी संवाद-संचार में आई कमी व समुद्र में बढ़ते कचरा को इसका मुख्य कारण बताया गया। कार्बन अवषोशित करने में सबसे सक्षम सामुद्रिक प्राकृतिक प्रणाली कही जाने वाली मूंगा भित्तियों का रकबा लगातार घट रहा है। पृथ्वी की धुरी में आए कोणीय बदलाव ने समुद्रों से उठने वाले मेघों के संघनन और विन्यास को ही नहीं, बल्कि समूचे जलचक्र व वायु ताप-दाब के खेल को ही बदलकर रख दिया है। ऐसे में जलवायु न बदले, यह कैसे हो सकता है ? जलवायु का मतलब ही है जल और वायु।

हम क्या कर सकते हैं ? इस प्रश्न को सामने रख विचार करें तो हम कह सकते हैं कि कचरा घटायें। जुहू बीच और गंगासागर तट पर सागर सौंदर्य को निहारने जाएं...शांति पाने जाएं; शोर मचाने नहीं। जापान ने ज्वालामुखियों की भू-तापीय ऊर्जा को बिजली में तब्दील कर, आखिरकार उन्हे शांत करने का ही तो काम किया है। भारत ने फिलहाल प्रयोग के तौर पर लद्दाख में अपनी पहली भू-तापीय ऊर्जा परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। भारत समेत दुनिया के बहुत सारे देश स्वयं को कोयला ऊर्जा उत्पादन से मुक्त कर सौर व पवन ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने में लगे हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों के युग में हम प्रवेश कर ही चुके हैं। भारत सरकार ने कबाड़ कम करने हेतु वाहन नीति में बदलाव किया है। हम यह सब करें, किंतु यदि हम बिजली, ईंधन, पानी व औद्योगिक उत्पाद आदि के दैनिक उपभोग की सीमा रेखा न बनायें; पंच तत्वों को पंच तत्वों से काट दें तो हमारे ये वर्तमान प्रयास भी एक न एक दिन बेकार ही साबित होने वाले हैं।

हमें हमेशा याद रखना होगा कि घुमंतू आदिम द्वारा अपने लिए अन्न उपजाने का विचार, मानव सभ्यता के इतिहास की सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना है।विशाल बसवाटें, बाजार, बिजली, उद्योग, मोटरगाड़ियां, आबादी व कचरे में वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण बन रही उपभोग में अति व अधिक से अधिक संपत्ति पर एकाधिकार के शैतान का जन्म इसके पीछे व परिणामस्वरूप हुई घटनायें हैं। 1780 के दशक में धागे को मशीनों से कातने वाले ब्रिटेन ने नहीं सोचा होगा कि तेज गति में उत्पादन से उपजी औद्योगिक क्रांति एक दिन हवस बन पर्यावरण को खाने लग जाएगी। महात्मा गांधी ने अपने कालखण्ड में चेताया। इस भविष्य को भांप लेने वालों ने लाखों सालों तक अपनी खेती को प्राकृतिक तथा जरूरतों की सीमित बनाकर पर्यावरण व खुद को बचाया। हम भी बचायें। हम खेती को व्यापार की जटिल वस्तु न बनायें। औद्योगिक व्यवहार में पर्यावरणीय अनुकूलन लाएं।

उत्पादक, सेवा प्रदाता और ग्राहक के बीच में कमीशन बांट लेने वाली कड़ियां कम हों। ग्राहक को सस्ता मिले; उत्पादक फिर भी ज्यादा कमाये। यह सोचकर ही 1997 में हॉटबॉक्स, लुकस्मार्ट, एलक्सा के अलावा 1997 में प्रथम सोशल मीडिया वेबसाइट 'सिक्स डिग्री डॉट कॉम' लांच की गई होगी। गूगल को डिजीटल मार्किटिंग की दुनिया में पहला सुनहरी कदम माना ही जाता है। किंतु न सिर्फ गूगल जैसा गुरु, बल्कि आज सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार बन चुका अमेजन डॉट कॉम भी नहीं सोचना चाहता कि ग्राहक जिस पैकेट को तुरन्त फाड़कर फेंक देता है; कच्चा माल, पैकेट बनाने व पैकेजिंग में लगने वाली ऊर्जा, अनुपयोगी होने पर पैकेट का कचरा तथा सामान पहुंचाने में फूंकने वाला डीजल-पेट्रोल जलवायु को किस कदर दुष्प्रभावित कर रहे हैं। हम ग्राहक तो सोचें। कभी पैकेजिंग, सामान की गुणवत्ता की गारण्टी थी; आज महज एक फैशन है। अक्ल से बने नकली व मिलावटी सामानों से हमारे बाजार पटे पडे. हैं। ऐसे में सरकारों और बाजारों को भी सोचना ही चाहिए कि खुला बिकने वाले माल की शुद्धता की गारण्टी व ग्राहक तक सुरक्षित पहुंच कैसे सुनिश्चित हो।

गौर कीजिए कि सरस्वती का लुप्त होना, मानव सभ्यता के इतिहास में किसी हिमालयी नदी के लुप्त होने की संभवतः पहली दर्ज घटना थी और इसके कारण किनारे बसे हड़प्पाकालीन धोलावीरा नगर के नष्ट होने की भी। नदी-नगर विनाश के इस अंतसंबंध की पुष्टि आई आई टी, खड़गपुर के साथ मिलकर किए शोध ने अब की है। किंतु इसे बहुत पहले समझ कर ही हमारे पूर्वजों ने अपनी नदियों को समृद्ध बनाये रखने का अनुशासन अपना लिया था; हम पुनः अपनायें।

हमारी सरकारें नदियों को निर्मल बनाने में तो पूरे धन-बल के साथ लगी दिखना चाहती हैं, किंतु अविरल बहाने से कतरा रही हैं; पनबिजली और सिंचाई के कम नुकसानदेह मॉडलों से अपनाने से दूर भाग रही हैं। वे पानी की कमी और कब्जे के वैश्विक संघर्षों को नजरअंदाज कर रहे हैं। बाजारू शक्तियां पानी को मांग और आपूर्ति के सिद्धांत के तराजू पर तौलने वाली बाजारू वस्तु में तब्दील करने में लगी हैं। हम ऐसा न करें। हम संगठित हों। हम अपनी स्थानीय जरूरत की बिजली का उत्पादन व स्थानीय स्वावलम्बी नदी-पानी प्रबंधन करने के गुर खुद आजमायें।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**समुद्री जीवों का 1970 की तुलना में आधा हो जाना; यह भी पहली बार 2018 में ही दर्ज हुआ। ध्वनि प्रदूषण के चलते जीवों में आपसी संवाद-संचार में आई कमी व समुद्र में बढ़ते कचरा को इसका मुख्य कारण बताया गया। कार्बन अवषोशित करने में सबसे सक्षम सामुद्रिक प्राकृतिक प्रणाली कही जाने वाली मूंगा भित्तियों का रकबा लगातार घट रहा है। पृथ्वी की धुरी में आए कोणीय बदलाव ने समुद्रों से उठने वाले मेघों के संघनन और विन्यास को ही नहीं, बल्कि समूचे जलचक्र व वायु ताप-दाब के खेल को ही बदलकर रख दिया है। ऐसे में जलवायु न बदले, यह कैसे हो सकता है ? जलवायु का मतलब ही है जल और वायु।**

## व्यंग्य



# क्रांति मुक्त दल बदल

**ब्रजेश कानूनगो**

जब कोई राजनीतिक व्यक्ति एक दल छोड़कर दूसरे दल में प्रवेश करता है मुझे कुछ जासूसी और अपराध फिल्में याद आने लगती हैं। उनमें होता यह था कि किसी एक गैंग का कोई व्यक्ति चतुराई से दूसरी गैंग के सरगना का दिल जीतकर उसके दल में शामिल हो जाता था। उचित समय आने पर वहां के भेद जानकर उसका सफाया या भंडाफोड़ कर देता था। लेकिन यह विश्वासघात और जासूसी रोमांच राजनीतिक क्षेत्रों में सामान्यतः नहीं दिखाई देता। मैं उम्मीद लगाए ही रह जाता हूं की एक दल से दूसरे दल में गया व्यक्ति वहां भूचाल ला देगा और उस दल को तबाह कर देगा। लेकिन ऐसा होता नहीं। वह घुसपेठिया धीरे धीरे उसी रंग में रंग जाता है।

बहरहाल, जाना-आना दुनिया की रीत है। जो आता है वह जाता भी है। किसे यहाँ हमेशा के लिए रह जाना है। जब सारी सम्भावनाएँ खत्म हो गईं हों तो रह कर कोई करेगा भी क्या। एकरसता कोई अच्छी चीज नही होती। थोडे ही दिनों में बोरियत होने लगती है। डिप्रेशन में आ जाता है भला चंगा आदमी। जीवन का आनन्द ही इसी मे है कि उत्साह बना रहे। निराशा सब बीमारियों की जड है, इसलिए हवा-बदली की भी जरूरत पडती है। हवा बदली के लिए भी कभी कभी स्थान परिवर्तन करना पडता है। इसलिए भी आना-जाना लगा रहता है। कोई हवा बदली के लिए आता है तो कोई हवा बदली के लिए चला जाता है।

ऐसा ही होता आया है सदा से। जो कभी बीहडों में भटका करते थे, हवा बदली के लिए नगरों-महानगरों में सुपारी लेने लगे हैं। जो जनता की सेवा का दम भरते थे, वे अब राजनीति के बगीचे में चले आए हैं, संसद की हवा उन्हे स्वास्थ्य के लिए बडी मुफीद लगने लगी है। हाल यह है कि सेना की कमान सम्भालते सम्भालते कोई सेनापति इतना ऊब जाता है कि वह जनता की कमान सम्भालने के लिए लालायित दिखाई देने लगता है।

अब भाई ! इस आने-जाने को कौन रोक सकता है भला। जहाँ जिसे अच्छा लगे, वहाँ वह पलायन करने को स्वतंत्र है। चाहें तो सरकारी नौकरी छोडकर कोई एनजीओ बना लो या एनजीओ चलाते-चलाते इसे आन्दोलन का रूप दे दो। मन करे तो आन्दोलन को राजनीतिक दल में परिवर्तित कर डालो। चुनाव जीतने पर यदि सत्ता का सिंहासन रास न आए तो दन्न से सडक पर धरने पर बैठ जाओ। ऐसे में कुछ और लोग भी आपके साथ जुडने को आतुर हो सकते हैं। आप उन्हे रोकें नही। उन्हे रोका नही जा सकता। शिव जी की बारात में सम्मिलित होने से किसे रोका जा सकता है।

खैर, जो आते हैं वे चले भी जाते हैं। जमे जमाए घरों से लोग निकल लेते हैं। टीवी स्टूडियो की बहसों में कभी लगता ही नही था कि सबसे पुराने घराने का प्रतिष्ठित प्रवक्ता अचानक घर-परिवार छोडकर किसी और परिवार की गोद में जाकर बैठ जाएगा। कभी रुबाबदार प्रशासनिक अधिकारी रहा और सत्ताधारी दल की बैसाखियों के सहारे राजनीति में राजनीति में आनेवाला व्यक्ति भी सत्ता सुन्दरी के आकर्षण में अचानक अपने पितृ दल की उम्मीदवारी को तिलांजली देकर विरोधी दल में छलांग लगा देता है।

इस आने-जाने में कभी-कभी बडी होड दिखाई देती है। रोज पल पल किसी न किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के पार्टी ज्वाइन करने की खबरें सुर्खियाँ बटोरने लगतीं हैं. जैसे इन दिनों हो रहा है. कई बार आने-जाने वालों के सामने बडे भ्रम की स्थिति निर्मित हो जाती है। ह्यमैं इधर जाऊँ या उधर जाऊँ' वाली स्थिति । चुनाओं की घोषणाओं के साथ ही राजनैतिक पार्टियों का सूचकांक रोज बदलता रहता है। नेता ही क्या स्वयं पार्टियाँ तक समझ नही पाती कि वे किस के साथ जाएं? किसके साथ गठबन्धन करें। आज जिस नेता या दल की तूती बजती है अगले ही दिन किसी समन के पहुंच जाने की खबर सामने आ जाती है। संभावनाओं के आकाश में शंकाओं के बादल घिरे रहते हैं। कोई जानता ही नही कि चुनावी ऊँट किस करवट बैठेगा। ऐसे आयाराम गयारामों को निर्णय लेने में भारी कठिनाई का सामना करना पड जाता है। सत्ता सुन्दरी के खयालों में खोए इन सभी के अंतर्मन में एक ही धुन गूंजती रहती है- ह्यएक राह तो वो होगी, तुम तक जो पहुंचती हो।' लेकिन दिक्कत यह होती है कि इस राह पर अक्सर कोहरा छाया रहता है, जब भी कोई कृत्रिम प्रकाश पुंज दिखाई देने लगता है ये उस ओर ही दौडने लगते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# अकीदत के साथ अदा की गयी अलविदा जुमे की नमाज

जनसंदेश न्यूज

**अलविदा की नमाज**

**सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े प्रबंध, चक्रमण करती रही पुलिस टीम**

**सोनभद्र।** जिले में अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरे अकीदत के साथ अदा की गयी। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह से देश व विश्व में अमन चैन बनाए रखने की दुआ की। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। रावर्ट्सगंज नगर के ईदगाहों में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा की नमाज अदा की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व एसडीएम सदर द्वारा मय पीएसी बल अलविदा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नगर में फ्लैग मार्च किया गया तथा मस्जिदों पर ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-स्थानीय रजा जामा मस्जिद व मकतब जब्बारिया ईदगाह में अलविदा की नमाज अकीदतमंदों ने अदा किया। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह से देश व विश्व में अमन चैन बनाए रखने की दुआ की। रजा जामा मस्जिद में हाफिज अब्दुल रज्जाक व ईदगाह में मौलाना तौहीद ने नमाज पढ़ायी। इस मौके पर जामा मस्जिद सदर रहीम बख्श उर्फ कल्लन खां, सैयद फैजुल्लाह, सदर अंसारी, आसिफ खान, इब्राहीम खां राफे खां, फतेह मोहम्मद खां समेत तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं मकतब जब्बारिया ईदगाह में अयूब खां, शमीम अंसारी, आदिल खां, सलीम खां, रिजवान अहमद, सरफराज मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ दद्दन प्रसाद गोंड़, प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय व कस्बा इंचार्ज संजय सिंह मय फोर्स तैनात रहे। वहीं अलविदा के नमाज के उपरांत ईदगाह के बाहर किन्नरों ने किरण के नेतृत्व में गरीबों में साड़ी, रुपये के अलावा जरुरत के हिसाब से इमदाद बांटी।

चोपन संवाददाता के अनुसार-स्थानीय नगर के जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान माह के अलविदा जुम्मा पर नमाजियों से जामा मस्जिद खचाखच भरी रही। दोपहर बाद जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने मस्जिद में तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई। चिलचिलाती धूप से बचने के लिये जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद व पूरी कमेटी के मेम्बरों ने शामियाने लगाकर नमाजियों को राहत दिलाई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली, नाजिम खान, हाजी मुख्तार अहमद, ईदू भाई सर्राफ, मुन्ना, महफूज आरिफ, चिराग अली, रियाज अहमद, शमीम अंसारी, एम एम खान, सरफराज अंसारी, सलीम कुरैशी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत मय फोर्स चाक चौबंद रहे। बीजपुर संवाददाता के अनुसार-क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में स्थित मस्जिदों में रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जुमे की नमाज अकीदत के साथ रस्मों रिवाज के साथ मुस्लिम बंधुओं ने अदा की। बीजपुर के टोला शांतिनगर, एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर मस्जिद, जरहां के टोला राजो में बने मस्जिद एवं खम्हरिया के मस्जिद में नमाज अदा की गई। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से नमाज की अदायगी की गयी। मस्जिदों में सदर के नेतृत्व में नमाज पढ़कर मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह से अपने परिजनों एवं देश की सलामती के लिए दुआ मांगी।



दुद्धी ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग



रावर्ट्सगंज नगर में फ्लैग मार्च करती टीम

**डाला संवाददाता के अनुसार-** स्थानीय जामा मस्जिद में आखिरी जूमे पर अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाज अदा की पश्चात देश में अमन चैन के लिए दुआएं भी मांगी गई। नमाजे तरावीह हाजीफ नसीम सल्लमह्हू ने पढ़ाया जो शबे कदर की रात्रि सत्ताईसवीं रमजान को मुकम्मल हुआ, वहीं जामा मस्जिद के इमाम जुबेर आलम द्वारा सैकड़ों नमाजियों को अलविदा की नमाज कराई गई। सदर जहरुद्दीन ने बताया कि रमजान मे नेक दिल से रोजा रखने वाले पर अल्लाह मेहरबान रहता है साथ ही उनकी रोजे की हिफाजत भी वही करता है। इस मौके पर सूफी सगीर बाबा, रियाज कुरेशी, मोहम्मद इरफान, मकसूद, गुलाम मुस्तफा उर्फ गुड्डू, जुबेर आलम, गुलाम गौस, बरकत अली, रिजवान अली, सद्दाम, समीम, मेराज आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह मय फोर्स तैनात रहे।

## संक्षेप

### आगजनी से बचाव को किया गया जागरूक



**डाला।** आगजनी आपदा से बचने के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड वर्क्स सीमेंट कंपनी में गुरुवार की देर सायंकाल माक ड्रिल के माध्यम से आगजनी के दौरान सुरक्षा के उपाय व संयंत्र का आपातकालीन व्यवस्था की तैयारी का निरीक्षण किया गया। माक ड्रिल की निगरानी के लिए जिला प्रशासन से बतौर पर्वेक्षक ओबरा उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह व सीमेंट कम्पनी से यूनिट हेड राहुल सहगल रहे। एसडीएम ने बताया कि सीमेंट कम्पनी द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से श्रमिकों को अचानक आग से होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं और उससे बचाने के लिये तत्काल बचाव हेतु आपातकालीन ब्यवस्था का संचालन पूर्णतया चुस्त व दुरुस्त है। यूनिट हेड राहुल सहगल ने बताया कि कंपनी आसपास के लोगों की हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है, आगजनी के लिए आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए हमारी फायर संयंत्र हरदम रेडी गो मूवमेंट पर रहते हैं। इस दौरान टेक्निकल हेड प्रशांत त्रिपाठी, सेफ्टी हेड मनोरंजन महापात्रा, फायर अधिकारी चोपन करन सिंह यादव, डाला चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह, सुरेश शर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन सीमेंट कंपनी मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार व एडमिन हेड ऋषि राज सिंह ने किया।

### कच्चे घर में लगी आग, आठ बकरियों की जलकर मौत

**करमा।** सदर कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरसिया के कुसहि गांव में शुक्रवार को संदिग्ध हाल में कच्चे घर में आग लग जाने से आठ बकरियों की जलकर मौत हो गयी। बताया गया कि ग्राम पंचायत सिरसिया के राजस्व गांव कुसहि में बेचन पटेल ने अपने घर में 11 बकरियों व दो भैंसों को बांध रखा था। घर में संदिग्ध हाल मे आग लग गई, जिससे घर धूं-धूं कर जलने लगा। आनन-फानन में बकरियों व भैसों को निकालते समय आग की लपटें तेज हो गई, जिसमें 8 बकरियों की जल कर मौत हो गई, साथ ही दोनो भैस भी बुरी तरह झुलस गई। वहीं बचाने पहुंचे बेचन पटेल का पुत्र राम जनम भी झुलस गया। किसी प्रकार ग्रामीणों ने पास के समरसेबल के पानी से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बकरियां झुलस कर मर चुकी थीं। राम जनम का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककराही में किया जा रहा है। प्रधान राधेश्याम पटेल ने बताया कि आग कैसे लगी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस को दे दी गई है।

### जैन साध्वियों की पदयात्रा का हुआ स्वागत

**डाला।** एक दो तीन चार जैन मुनि की जय जयकार, जैन मुनि को देख लो, त्याग करना सीख लो, अहिंसा परमो धर्मः जैसे नारों के साथ कोरबा छत्तीसगढ़ से वाराणसी पद यात्रा करते हुए जा रही जैन साध्वियों का डाला नगर जैन धर्म के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को गुरमुरा में विश्राम के बाद शुक्रवार की सुबह उनकी अगुवाई में पहुंचे दर्जनों लोगों के साथ 12 किलोमीटर की पदयात्रा कर डाला नगर में पहुंची जैन साध्वी सम्यगदर्शना श्रीजी व सम्यक प्रभा श्रीजी का नगर वासियों ने गगनभेदी नारों से स्वागत किया बताया गया इसके बाद नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई ईश्वर चंद जैन के आवास पर उनका विश्राम दिवस रहेगा शनिवार की सुबह पुनः पदयात्रा करते हुए चोपन पहुंचेंगी। जैन साध्वियों ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि मांसाहार व मदिरापान का त्याग कर दें, ताकि घर में आपसी प्रेम बना रहे परिवार टूटने से बचा रहे घर को स्वर्ग बनाने के लिए चिंतन करना चाहिए। इस मौके पर खजान चंद जैन, संजय मित्तल, सुरेश जैन, मुकेश जैन, डब्लू जैन, विकास जैन, रमेश जैन, विद्या देवी मौजूद रहे।

### अवैध परिवहन में 82 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 19 व 20 अप्रैल तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमें 82 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के करण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 10 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस दौरान 13 वाहन स्वामियों द्वारा नोटिस की धनराशि मौके पर जमा करा लिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिये निर्देश

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से परेड की दौड़ लगवाई। इस क्रम में यूपी 112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के कैण्टिन एवं पुलिस बैरकों व आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पिपरखाड़ का संचालन जुलाई से

**सोनभद्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने बताया कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पिपरखाड़, कोन का संचालन माह जुलाई में किया जाना है। यह विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक सीबीएसई पैटर्न पर नवोदय की तर्ज पर संचालित किया जायेगा, जिसमें 50 प्रतिशत बालक तथा 50 प्रतिशत बालिकाएं संवसित होकर पठन-पाठन करेंगे। संवासित बालक/बालिकाओं को भोजन, नास्ता, स्टेशनरी, दैनिक सामग्री इत्यादि की व्यवस्था निःशुल्क करायी जायेगी। प्रत्येक कक्षा में 30-30 जनजाति के बालक/बालिकाओं का प्रवेश लिया जायेगा। दस प्रतिशत विमुक्त जाति समुदाय के बच्चों, नक्सलवाद/कोविड में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों, अनाथ बच्चों तथा विधवाओं, दिव्यांग माता-पिता के बच्चों को स्कूल में प्रवेश लिया जायेगा। छात्र-छात्राओं के प्रवेश आवेदन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से सहयोग लिया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे अभिभावक जो अपने बालक/बालिका का कक्षा 6, 7 एवं 8 में उक्त विद्यालय में प्रवेश कराना चाहते हैं, वे अपने ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी या सम्बन्धित विद्यालय से प्रवेश फार्म लेकर उसमें जाति प्रमाण-पत्र, टीसी मार्कशीट, आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र को संलग्न कर आवेदन भरकर अपने सम्बन्धित विद्यालय/खण्ड शिक्षा अधिकारी या जिला समाज कल्याण कमरा नं 47 में जमा कर सकते हैं।

# सोन नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक लापता

**तलाश में गोताखोर**

**युवक बाइक से आये थे कुंडवासिनी धाम दर्शन करने**

**सोन नदी में निर्माणाधीन पुल के समीप की है घटना**

जनसंदेश न्यूज



घटनास्थल पर लगी भीड़

**ओबरा।** जुगैल थाना अंतर्गत कुड़ारी धाम में शुक्रवार को पाँच दोस्त दर्शन हेतु गए थे। दर्शन करने के बाद पाँचो दोस्त सोन नदी में नहाने लगे। इस दौरान युवक नदी में डूबने लगे, शोर-गुल सुन आस-पास मौजूद लोगों ने चार को बचा लिया, गोताखोर डूबे युवक की तलाश कर रहे हैं। हालांकि उसके मरने की आशंका जताई जा रही है।

पांच मित्र रिशु पाण्डेय 22 पुत्र संतोष देव पाण्डेय निवासी तरांवा रावट्सगंज, सूरज दूबे 21 पुत्र सुरेंद्र नाथ दूबे, संजय शुक्ला18 पुत्र मंगल प्रसाद, अमीत शुक्ला18 पुत्र सुरेश शुक्ला तथा शिवम सिंह19 पुत्र चौधरी सिंह निवासीगण कुशहरा थाना शाहगंज तीन बाइक से एकमत होकर सोननदी के तट पर विराजमान मां कुंडवासिनी देवी के दर्शन कर नदी में निमार्णाधीन पुल के पास पहुंच वे लोग कपड़ा निकाल कर नदी में स्नान करने लगे। बताया जाता है कि वहीं पर अपनी नाव लेकर मौजूद नाविक ने सभी को मना किया कि आगे पानी ज्यादा गहरा है अंदर मत जाइए। परंतु नहाते नहाते पांचों गहरे पानी में समा गये और देखते ही देखते सभी डूबने लगे। शोर सुनकर कुछ लोग दौड़े और डूब रहे युवकों को बचाने का प्रयास करने लगे जिसमें चार युवकों को तो किसी तरह बचा लिया गया, किन्तु रिशु गहरे पानी में डूब गया। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जुगैल पुलिस गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल पाया था।

### अगलगी में तीन घरों की गृहस्थी राख

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रेणुकापार स्थित पनारी ग्राम सभा के टोला अदराकुदर में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण तीन घर पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद घर में रखा दैनिक जीवन का कोई सामान बचाया नहीं जा सका। पनारी ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने बताया कि मुनिया पत्नी स्व. आरा सिंह निवासी टोला अदरा कुदर के कच्चे घर में किसी कारण वश दोपहर एक बजे आग लग गई। आग की लपटें देख आस पास के ग्रामीण आग बुझाने का काफी प्रयास किए, लेकिन आग बढ़ती ही चली गई। देखते देखते आग ने अगल बगल के राम गोविंद पुत्र बसंत तथा कलावती पत्नी राम सूरज के घरों को भी चपेट में ले लिया। जिससे घर में रखा तीनों व्यक्तियों के दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित खाने पीने के अनाज व कुछ नगदी एवं महत्वपूर्ण कागजात तथा कलावती के घर में देवर की शादी के लिए रखा 50 हजार रुपया जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सहित पुलिस को दे दी गई है।

# बच्चों ने मनाया ईद का त्योहार, आपसी प्रेम व भाई चारे का दिया संदेश

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** नगर के चोपन रोड स्थित हेलो स्कूल आफ एक्सीलेंश के बच्चों द्वारा ईद सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि संरक्षक हाजी जलालुद्दीन खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने तमाम तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य नाहिद खान ने कहा कि ईद भाई चारे का त्योहार है।

ईद के माध्यम से बच्चों को सिखाया जा सकता है कि वह किस तरह से आपसी प्रेम और भाईचारे को बनाकर रख सकते हैं।इस मौके पर डाक्टर के रोल का मंचन भूमि भाटिया, अनाया इद्रीशी, पूर्वी गर्ग, प्रिसा शाहा, योगेश कुमार, अलीशा वसीम, आर्यन सिंह ने किया। ईद का त्योहार भाई चारे का त्योहार के गाने पर आयत, सौम्या शुक्ला, अराध्या शुक्ला, पीहू अग्रवाल, सना फातिमा, अस्चिता, अलफिजा आदि ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया।

इसी क्रम में बम-बम बोले गीत पर आश्वी सिंह, अनुराग शर्मा, रेहान रजा, प्रिशू, भूमिका अग्रहरि, सृष्टि, अवीसी वर्मा, सानवी शर्मा, आरो यादव, आरूषी सोनी आदि की प्रस्तुती ने वाहवाही लूटी।गलती से मिस्टेक गीत पर शहर मण्डल, गोल्डी अग्रहरि, शौम्या, दिब्यासी शुक्ला, अभिनव सिंह आदि ने लोगो को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की शिक्षिका आरती, नेहा गर्ग, एंजल, लूबना आदि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबन्धक शमशाद आलम ने किया।

# टोल कलेक्शन स्टे किए जाने को एनजीटी ने जारी किया नोटिस

जनसंदेश न्यूज

**मांगा जवाब**

**सेंचुरी एरिया में लोढ़ी गांव के समीप टोल लगाए जाने का मामला**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के लोढ़ी स्थित टोल प्लाजा पर टोल कलेक्शन रोके जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आशीष चौबे की याचिका पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए आवेदन को स्वीकार करते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र समेत सात लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इसमें चीफ सेकेट्री उत्तर प्रदेश को भी कहा है की ऐसे मामलो में जवाब देही की जिम्मेदारी गंभीरता पूर्वक तय किया जाए। याचिका में कहा गया है कि कैमूर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एरिया में टोल होने से जंगली वनस्पति, जीव जंतु पर बुरा असर पड़ रहा है। अभी हाल ही में प्राकृतिक धरोहर चिता की मृत्यु भी टोल से महज कुछ दूरी पर ही हो गयी थी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मामले को गंभीरता से लिया है। बताते चलें की कोर्ट ने यह भी कहा है कि सेंचुरी एरिया में अवैध रूप से बनाए गए आवास के मामले में अभी तक कम्पनी की तरफ से कोई जवाब नही आया है, ऐसे में कोर्ट एक्स पार्टी ऑर्डर भी याचिका करता के पक्ष में कर सकती है। याचिकाकर्ता ने तत्काल टोल कलेक्शन रोक जाने एवं टोल प्लाजा को कैमूर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एरिया से बाहर करने की मांग की है। संविधान के अनुच्छेद 51 क के खंड (छ) के अनुसार प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करें और उसका संवर्धन करें।

### चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के पं दीन दयाल नगर डाला चढ़ाई स्थित एक अस्पताल से एक दिन पूर्व हुए गेट चोरी के मामले में पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर तीन आरोपीयों को गेट सहित चौकी क्षेत्र अन्तर्गत झपरहवां से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि एक दिन पूर्व पं दीन दयाल नगर डाला चढाई निवासी हेमंत कुमार दूबे पुत्र हरिशंकर दूबे ने तहरीर देकर बताया कि अस्पताल के सामने लगे एक गेट को चोरी कर लिया गया है, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर- के आरोपी की तलाश की जा रही थी कि शुक्रवार को मुखबीर ने बताया कि चोरी हुए गेट के साथ तीन लोग झपरहवां मोड पर खड़े हैं जो चोरी के गेट को एक वाहन पर लाद बेचने की फिराक में हैं, सूचना को सत्य मान कर दल बल के साथ मौके पर पहुंच संतलाल पुत्र रामसुमेर, बुल्लू पुत्र हरिश्चंद्र निवासी गण डाला चढ़ाई, झपरहवा व गफूर खान पुत्र जफीर खान निवासी चूड़ी गली, डाला को मौके से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# अध्यक्ष 13, सभासद के लिए 124 ने किया नामांकन

**निकाय चुनाव**

**अध्यक्ष के 22 व सभासद के खरीदे गए 149 पर्चे**

जनसंदेश न्यूज




**सोनभद्र/ओबरा/दुद्धी।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन शुक्रवार को दस निकायों के लिए अध्यक्ष पद के लिए 22 और सभासद पद के लिए 149 पर्चे क्रय किए गए। वहीं 137 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 13 व सभासद के लिए 124 नामांकन हुआ। रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 2 व सभासद के लिए 41 पर्चे खरीदे गये।

नगर पंचायत चुर्क में अध्यक्ष पद के लिए 4 व सभासद के लिए 13 पर्चे खरीदे गये। वहीं घोरावल नपं अध्यक्ष के लिए 4 व सभासद के लिए 18 पर्चा खरीदा गया। ओबरा संवाददाता के अनुसार-चोपन नपं अध्यक्ष पद के लिए एक व सभासद के लिए 9 पर्चे खरीदे गये। वहीं ओबरा में नपं सभासद के लिए 12 पर्चे खरीदे गये। जबकि डाला नपं सभासद के लिए 7 पर्चे खरीदे गये। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-नाम निर्देशन पत्रों के दाखिला के पांचवें दिन शुक्रवार को पिपरी नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार अंजनी कुशवाहा ने अपना नामंकन दाखिल किया। दुद्धी नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु अनिल कुमार पुत्र विन्धयाचल प्रसाद तथा उनकी पत्नी अनिता देवी ने अपना नामंकन दाखिल किया। रेनुकूट से अध्यक्ष पद हेतु किसी ने नामांकन दाखिल नही किया।

अनपरा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु 9 लोगों ने अपना नामंकन दाखिल किया। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु दुद्धी से 9, रेनुकूट से 16, पिपरी से 10 व अनपरा से 40 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी व अनपरा से अध्यक्ष पद हेतु 11 उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु 49 ने नामांकन पत्रों की खरीद की। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु दुद्धी से 4, रेनुकूट से 2 व अनपरा से 5 उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा। दुद्धी वार्ड सदस्य पद हेतु 7, रेनुकूट से 6, पिपरी 5 व अनपरा 31 लोगों ने पर्चा खरीदा।

# तरंगिणी महिला मंडल ने मनाया हस्बैंड नाइट

'जनसंदेश न्यूज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिलाए

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में तरंगिणी महिला मंडल द्वारावार्षिक दिवस के अवसर पर हस्बैंड नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंहिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्जवलित कर गणेश वंदना के साथ किया गया। हिण्डाल्को ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे- दो अलग-अलग ग्रुप्स द्वारा सामूहिक नृत्य, गायन, स्किट की शानदार प्रस्तुति दी गई।

सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र पति का पत्नियों संग रैंप वॉक रहा जिसमें एक- एक करके सभी जोड़ों ने अपनी वॉक से समां बांधते हुए सबका मन मोह लिया। हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश एवं उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश तथा मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा सिंह, एल्युमिना हेड- एन. एन. रॉय एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम रॉय, विनोद ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा ठाकुर, रवि गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गुप्ता व अन्य जोड़ों ने मंच पर रैम्प वॉक कर सभी को ताली बजाने पर विवश कर दिया। श्री नागेश ने महिला मंडल द्वारा इस सफल आयोजन पर सभी सदस्याओं को बधाई दी। इस दौरान बॉलीवुड थीम पर आधारित कई मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। साथ ही गेम्स और हाउजी भी खेला गया। मंच संचालन अपर्णा मिश्रा एवं एकता मिश्रा ने किया। गेम्स के जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने हेतु टीमों का हुआ गठन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में हिस्सा लेने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी बालक जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है, इस अवसर पर बाल विवाह की कुप्रथा के रोक-थाम हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरूक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी सुनील को 20 वर्ष की कैद, 35 हजार रुपए अर्थदंड

जनसंदेश न्यूज

**सजा**

**ढाई वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला**

**सोनभद्र।** ढाई वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सुनील कुमार को 20 वर्ष की कैद एवं 35 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 10 अगस्त 2020 को दोपहर दो बजे लापता हो गई। बेटी की हर संभावित जगहों पर तलाश की गई। लेकिन उसका कहीं पता नही चला। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने के उपरांत दोषसिद्ध पाकर सुनील कुमार को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## अब विदेश में अभ्यास कर सकेंगे श्रीशंकर-प्रियंका गोस्वामी और संदीप कुमार, खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर के इस साल होने वाले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए यूनान में एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीशंकर 32 दिनों तक यूनान में अभ्यास करेंगे और इस दौरान उनके कोच शिवाशंकरन मुरली भी उनके साथ रहेंगे। उनके इस अभ्यास की लागत लक्ष्य ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) के तहत वहन की जाएगी। श्रीशंकर के अलावा मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 95वीं बैठक में पैदल चाल के एथलीट प्रियंका गोस्वामी और संदीप कुमार के ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में 16 दिन तक अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ये दोनों एथलीट 15 मई को अपने कोच गुरमीत सिंह के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना हो सकते हैं।



# सुपरजायंट्स की नजरें तालिका में शीर्ष स्थान पर टाइटंस की कोशिश जीत की राह पर लौटने की

## गुजरात की टीम पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद नए सिरे से शुरूआत करना चाहेगी



**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शनिवार को यहां जब लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछले मैच में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने की होगी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपरजायंट्स अपने घरेलू मैदान में जीत की लय को बनाये रख कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज होना चाहेगा। गुजरात की टीम पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद नए सिरे से शुरूआत करना चाहेगी, वहीं लोकेश राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम ने इसी टीम के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली 10 रन की जीत दर्ज की थी। आईपीएल की इन दोनों नयी टीमों ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन मौजूदा सत्र में इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। दोनों टीमों को अब तक दो-दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। टाइटंस ने हालांकि सुपरजायंट्स से एक मैच कम खेला है। इस सत्र में टाइटंस की सबसे बड़ी कमजोरी लक्ष्य का बचाव करने की रही है। मोहम्मद शमी शुरूआती ओवरों में लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे है लेकिन अल्जारी जोसेफ और जोश लिटिल से उन्हें और मदद की जरूरत है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी गेंद से कमाल करने में विफल रहे हैं और अब तक चार मैचों में उन्होंने सिर्फ एक विकेट चटकाया है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने दो मैचों में मिले मौके का लाभ उठाया है। स्पिन विभाग में राशिद खान एक मैच को छोड़कर असरदार रहे हैं। पिछले मुकाबले में हालांकि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन उन पर लगातार तीन छक्के लगाए थे जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाया होगा। शुभमन गिल, डेविड मिलर और साई सुदर्शन जैसे बल्लेबाजों के लय में होने से गुजरात टाइटंस इस विभाग में मजबूत है। टीम के गेंदबाजों को हालांकि सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिए अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा। काइल मेयर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के पास किसी भी गेंदबाजी इकाई की धज्जियां उड़ाने की क्षमता है। टीम के लिए हालांकि कप्तान लोकेश राहुल और हरफनमौला दीपक हुड्डा की लय चिंता का विषय है जिन्होंने अब तक इस सत्र में एक भी यादगार पारी नहीं खेली है। प्रतिभाशाली लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और अनुभवी अमित मिश्रा स्पिन विभाग में सुपर जायंट्स के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि क्रुणाल पांड्या ने भी मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया है। मार्क वुड, अवेश खान और युधवीर सिंह चरक के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी में अच्छा विकल्प है। पदार्पण मैच में नवीन-उल हक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और वह इसी तरह से खेलना जारी रखना चाहेंगे। पिछले सत्र में हालांकि दो मौकों पर सुपर जायंट्स को हराने के बाद टाइटंस के पास थोड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त हो सकती है।

***दोनों टीम इस प्रकार हैं:***

लखनऊ सुपर जायंट्सः केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव। गुजरात टाइटंसः

गुजरात टाइटंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ। मैच का समय : दोपहर बाद 03:30 बजे से...।

## स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में नजर आयेंगी प्रियंका, नई वेब सीरीज 'सिटाडेल' को करेंगी प्रमोट



**मुंबई।** वैश्विक आइकन प्रियंका चोपड़ा और गोल्डन ग्लोब नामांकित रिचर्ड मैडेन स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में नजर आयेंगे। दोनों सितारे स्टार स्पोर्ट्स के शो ह्यक्रिकेट लाइवह्न में अपनी आगामी ग्लोबल ओरिजिनल सीरीज सिटाडेल को प्रमोट करने के लिए मौजूद रहेंगे। सिटाडेल के मुख्य कलाकारों और स्टार स्पोर्ट्स के टैलेंट इरफान पठान और टॉम मूडी के बीच की बातचीत दर्शकों को लुभायेगी। देश भर में प्रशंसक 21, 22 और 23 अप्रैल को आईपीएल 2023 के मैचों की अगुवाई में विशेष सेगमेंट देख सकते हैं और 28 अप्रैल को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर ग्राउंड-ब्रेकिंग ग्लोबल सीरीज, सिटाडल देख सकते हैं। इस सेगमेंट से यह भी पता चलता है कि पहली आईपीएल नीलामी में विराट कोहली के बाजार मूल्य का पता लगाने के लिए प्रियंका चोपड़ा कितनी हैरान हैं। 2008 में विराट कोहली को आरसीबी ने सिर्फ 30 हजार अमेरिकी डालर में खरीदा था। प्रशंसकों को इस रोमांचक सहयोग की एक झलक प्रदान करने के लिए, स्टार स्पोर्ट्स ने पर्दे के पीछे का एक रोमांचक वीडियो जारी किया है, जिसमें मुख्य कलाकार प्रियंका चोपड़ा जोनास और रिचर्ड मैडेन के साथ-साथ स्टार स्पोर्ट्स की प्रतिभाएं हैं।

# तेंदुलकर, कोहली से लेकर पीवी सिंधु तक इन नामी खिलाड़ियों ने गंवाया ट्विटर पर 'ब्लू टिक'

## इस सेवा के लिए मासिक सदस्यता का भुगतान करना होगा



**नई दिल्ली।** दिग्गज सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु समेत भारत के शीर्ष खेल सितारों ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर 'ब्लू टिक' गंवा दिया है जिससे उनकी पहचान सत्यापित होती थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिरूपण और 'स्पैम' से बचने के लिए पत्रकारों, सरकारी अधिकारियों और अपने क्षेत्र की हस्तियों को ब्लू टिक मुफ्त में प्रदान किया जाता था। ट्विटर ने हालांकि ने गुरुवार को उन खातों से ब्लू टिक हटा दिए जो इस सेवा के लिए मासिक सदस्यता का भुगतान नहीं करते हैं। ट्विटर को पिछले साल टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने खरीदा था। ट्विटर ने बुधवार को अपने सत्यापित आधिकारिक अकाउंट से ट्वीट किया था, हम कल 20 अप्रैल से सत्यापित चेकमार्क्स (ब्लू टिक) को हटा रहे हैं।

तेंदुलकर, कोहली और सिंधू के अलावा विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा, ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल, नीरज चोपड़ा और बजरंग पूनिया, पहलवान विनेश फोगाट, दो बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन निकहत जरीन, टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री, पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश उन कई भारतीय खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने ट्विटर पर से अपना ब्लू टिक गंवा दिया है। टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर और राफेल नडाल, फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और किलियन एम्बाप्पे और बास्केटबॉल के दिग्गज स्टीफन करी का खाता भी अब ट्विटर पर सत्यापित नहीं है। ट्विटर पर अब केवल उन्हीं व्यक्तियों और संगठनों का खाता सत्यापित है जो इसके लिए भुगतान करते हैं। ट्विटर का ब्लू टिक वेब पर लेने के लिए 650 और मोबाइल पर लेने के लिए 900 रुपए का मासिक भुगतान करना होता है।

## माथे पर बिंदी, चेहरे पर मुस्कान और RCB खिलाड़ियों संग मस्ती...पंजाब किंग्स की हार के बाद छाई प्रीति जिंटा



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच गुरुवार को मोहाली में आईपीएल 2023 का 27वां मुकाबला खेला गया। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 24 रन से हरा दिया। आरसीबी की यह छह मैचों में तीसरी जीत रही। मोहाली के क्र बिंद्रा स्टेडियम में विराट कोहली 556 दिन बाद आईपीएल मैच में कप्तानी करते नजर आए। पंजाब किंग्स की को-ओनर प्रीति जिंटा भी मैच देखने स्टेडियम पहुंचीं। वह फैंस के साथ फोटो खिंचवाती नजर आईं। साथ ही मैच खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स सह-मालकिन प्रीति जिंटा ने बैंगलोर के खिलाड़ियों से मुलाकात की। फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल के साथ भी प्रीति जिंटा ने मैच के बाद बातचीत की। साथी ही प्रीति जिंटा ने विराट कोहली से भी मुलाकात की। अब फैंस उनकी मुस्कान पर फिदा हो गए हैं। विराट कोहली के साथ पंजाब किंग्स की सहमालकिन प्रीति जिंटा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। वहीं गेंदबाजी में आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने अपना कमाल दिखाया। सिराज ने अपने चार ओवर के स्पेल में 21 रन देकर 4 विकेट लिए, जिसके कारण पंजाब की पूरी टीम 18.2 ओवर में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।



# कार्लोस अल्कराज ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को हराकर बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया



**बार्सिलोना।** गत चैम्पियन कार्लोस अल्कराज ने हमवतन स्पेनिश खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-3, 7-5 से हराकर बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। स्टेफानोस सिटसिपास भी डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे लेकिन कैस्पर रूड 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरंडोलो से 7-6 (5), 6-3 से हार गए। अल्कराज का अगला मुकाबला स्पेन के ही 10वीं वरीयता प्राप्त अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना होगा, जिन्होंने एमिल रूसुवुओरी को 6-4, 7-5 से हराया। अल्कराज ने स्पेन के खिलाड़ियों के खिलाफ अभी तक जो 10 मैच खेले हैं उनमें से नौ मैचों में उन्हें जीत मिली। इस बीच उन्हें एकमात्र हार पिछले साल इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में राफेल नडाल से मिली थी। सिटसिपास का अगला मुकाबला एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्हें ग्रिगोर दिमित्रोव ने वॉकओवर दिया। सेरंडोलो का सामना 12वीं वरीयता प्राप्त डेनियल इवांस से होगा, जिन्होंने करेन खाचानोव को 6-3, 6-4 से हराया।

इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने योशीहितो निशिओका को 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर इस सत्र में सातवीं बार क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सिनर का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने कैमरन नॉरी को 3-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया।

## डेविड वॉर्नर ने भारतीय युवाओं के बारे में कहा- अतिरिक्त तेजी से निपटना नहीं सिखाया जा सकता




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने अपनी टीम के युवा भारतीय बल्लेबाजों से कहा कि उन्हें अतिरिक्त तेजी से निपटने का तरीका खुद ही ढूंढना होगा क्योंकि यह ऐसा कौशल है जिसे सिखाया नहीं जा सकता। दिल्ली की तरफ से अब तक छह मैचों में 285 रन बनाने वाले वॉर्नर के अर्धशतक की मदद से उनकी टीम ने गुरुवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। पृथ्वी साव (छह मैचों में 47), सरफराज खान (दो मैचों में 34), यश ढुल (दो मैचों में तीन), अमन खान (चार मैचों में 30) और अभिषेक पोरेल (चार मैचों में 33) में से कोई भी अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाया है। वॉर्नर से जब पूछा गया कि क्या इस बारे में उनके भारत के युवा बल्लेबाजों से बात हुई, उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमारी इस विषय पर बहुत अधिक चर्चा नहीं होती क्योंकि आपको अपने कौशल पर भरोसा होना चाहिए और मैं लोगों को यह नहीं बता सकता कि कैसे बल्लेबाजी करनी है। वास्तव में इसके लिए आपको खुद ही तरीका ढूंढना होगा।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर और सी. श्रीनिवास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को यहां पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट, मुंबई के अध्यक्ष सी. श्रीनिवास ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीएम योगी ने एक ट्वीट में कहा है कि, प्रसिद्ध क्रिकेटर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 'पद्म भूषण' श्री सुनील गावस्कर और श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सी. श्रीनिवास से आज लखनऊ में मेरे आधिकारिक आवास पर एक शानदार मुलाकात हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने दोनों को ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) का उपहार भेंट किया।



## मिकी आर्थर की निदेशक पद पर नियुक्ति गांव के सर्कस में जोकर के समान : रमीज राजा



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने राष्ट्रीय टीम में मिकी आर्थर की निदेशक पद पर नियुक्ति को 'गांव के सर्कस का जोकर' करार दिया। इस पूर्व कप्तान ने पूर्व मुख्य कोच की पाकिस्तान क्रिकेट के प्रति वफादारी पर सवाल भी उठाया। रमीज ने कहा, अपनी तरह के पहले कोच/निर्देशक को पाकिस्तान क्रिकेट को दूर (ऑनलाइन) से चलाने के लिए चुना गया है, जिसकी वफादारी पाकिस्तान क्रिकेट की तुलना में उसकी काउंटी टीम के प्रति अधिक है। यह पागलों के गांव में सर्कस के जोकर की तरह है। बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने पीसीबी के मौजूदा अध्यक्ष नजम सेठी और उनकी क्रिकेट प्रबंधन समिति की भी जमकर आलोचना की। रमीज ने कहा, पीसीबी अध्यक्ष को क्रिकेट की समझ नहीं है। वह अपने समय में खिलाड़ी के तौर पर शायद क्लब मैच की टीम में भी जगह पाने में सक्षम नहीं होते। पाकिस्तान क्रिकेट को ऐसे लोग चला रहे हैं जो राजनीति से प्रेरित हैं और उन्हें इस काम के लिए 12 लाख रुपये महीने का वेतन भी मिल रहा है। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हालांकि रमीज के इस दावे को खारिज कर दिया कि क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्यों को मासिक वेतन मिल रहा है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से गलत है और सेवा नियमों के अनुसार, प्रबंधन समिति के सदस्यों को बैठक भत्ता और दैनिक भत्ता मिलता है। पीसीबी शहर के बाहर रहने वाले सदस्यों के लिए आवास प्रदान करता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीते दिसंबर में रमीज की जगह सेठी को बोर्ड अध्यक्ष नियुक्त किया था। रमीज पहले भी पीसीबी की आलोचना करते रहे है जिस पर सेठी ने कहा है कि वह बोर्ड से मासिक पेंशन ले रहे हैं, इसलिए वह पीसीबी की आचार संहिता के तहत उसकी नीतियों या अधिकारियों की आलोचना नहीं कर सकते।

# जुमे की नमाज के बाद गूंजा अतीक का नाम

## पटना में लगे 'अतीक अहमद अमर रहे' और 'मोदी-योगी मुदार्बाद' के नारे



**पटना।** पटना में माफिया अतीक अहमद के समर्थन में नारे लगे हैं। पटना जंक्शन के पास एक मस्जिद में नमाज के बाद 'अतीक अमर रहे' की नारेबाजी की गई। जानकारी के अनुसार, पटना जंक्शन के पास मस्जिद में जुमे की नमाज अता करने के बाद जब लोग निकल रहे थे, तब वहां कुछ यूट्यूबर्स ने यूपी के अतीक अहमद और अशरफ के शूटआउट प्रकरण पर राय मांगी। इस दौरान कुछ लोग 'अतीक अहमद अमर रहे' के नारे लगाने लगे। इसके साथ ही, लोगों ने 'मोदी-योगी मुदार्बाद' के नारे भी लगाए।

थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि वरीय अधिकारियों से अनुमति लेकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की चेष्टा करने के आरोप में यूट्यूबर्स पर भी प्राथमिकी की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज निकाला जा रहा है।

***भाजपा ने सरकार को बताया नकारा, नारे से दी प्रतिक्रिया***

पटना में हुई नारेबाजी पर प्रतिक्रिया भी आने लगी है। बिहार भाजपा ने अपने ट्विटर पर पोस्ट कर घटना पर प्रतिक्रिया दी है । भाजपा ने इसके लिए नीतीश सरकार को ही जिम्मेदार बताया है। उन्होंने ट्वीट किया 'जब सरकार में बैठ गए हो नकारे, तो माफियाओं का क्यों ना लगे नारे!'

***नीतीश कुमार जैसा सीएम पूरे हिंदुस्तान में नहीं मिलेगा-मस्जिद इमाम***

वहीं, पटना जिला प्रशासन ने एक मीडिया चैनल के वीडियो पर ट्वीट किया है। जिसमें पटना मस्जिद के इमाम मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। इमाम कह रहे हैं कि अतीक अहमद का मामला यूपी का है। इसे यूपी की सरकार और वहां के लोग समझे। हमारे यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और जिनका लॉ एंड ऑर्डर बेहतरीन है। उससे अच्छा मुख्यमंत्री हमें पूरे हिंदुस्तान में नहीं मिलेगा।

बता दें कि 15 अप्रैल की रात को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अतीक और अशरफ को मेडिकल जांच के लिए कॉल्विन अस्पताल लाया गया था। हमलावर मीडियाकर्मी बनकर आए थे। मीडिया से बातचीत के दौरान ही बदमाशों ने दोनों भाई को गोली मार दी। इस दौरान आरोपियों ने 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए। पुलिस ने हमलवारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान लवलेश तिवारी, सनी और अरुण मौर्य के रूप में हुई।

***यूपी में माफिया की कब्र पर चढ़ाया था तिरंगा***

हाल ही में, अतीक अहमद की कब्र पर तिरंगा चढ़ाने का मामला सामने आया था। यूपी में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी राजकुमार सिंह रज्जू ने माफिया अतीक की कब्र पर तिरंगा चढ़ाया। इसके साथ ही उसे शहीद का दर्जा देने की भी मांग की। पार्षद प्रत्याशी का वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने भी उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

## एससी से नूपुर शर्मा को मिली राहत, तमिलनाडु में दर्ज फेक न्यूज मामले में दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बिहार से आए प्रवासी कामगारों पर हमलों को लेकर फर्जी खबरें फैलाने के आरोप में एक समाचार पोर्टल के संपादक और मालिक के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उन्हें संभावित दंडात्मक कार्रवाई से शुक्रवार को संरक्षण प्रदान किया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने तमिलनाडु में दर्ज प्राथमिकी को खारिज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और पोर्टल ऑपइंडिया के संपादक एवं मालिक को राहत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय जाने को कहा है। शीर्ष अदालत ने समाचार पोर्टल के नूपुर जे शर्मा और राहुल रौशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी की दलीलों पर ध्यान दिया। जिन्होंने बताया था कि आपत्तिजनक समाचार पहले ही वापस ले लिया गया है। पीठ ने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि उनके खिलाफ 4 सप्ताह तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## जुल्फें लहराते हुए कैमरे के सामने बेबाक हुई माहिरा शर्मा, अदाओं से लूटी महफिल



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 13 फेम और पंजाबी एक्ट्रेस माहिरा शर्मा ने ब्रेकअप के बाद सोशल मीडिया पर वापसी कर ली है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना बेहद बोल्ड लुक में मुस्कुराते हुए तस्वीरें शेयर की हैं। माहिरा की मुस्कुराहट देखकर उनके फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। बता दें, अभिनेत्री का हाल ही में उनके लंबे समय के बॉयफ्रेंड पारस छाबरा से ब्रेकअप हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ब्रेकअप के बाद अभिनेत्री काफी बुरे दौर से गुजर रही थीं। माहिरा शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें अभिनेत्री येलो रंग का डीपनेक अनारकली सूट पहने हुए दिखाई दे रही हैं। हर तस्वीर में माहिरा का एक कातिल एक्सप्रेशन देखने को मिल रहा है, जिसे देख फैंस के दिलों को चुरा रहा है। एक्ट्रेस ने अपना ये हसीन लुक खुले लंबे बालों, ग्लोसी मेकअप और प्यारी सी स्माइल के साथ पूरा किया है।

### खास खबर

**सीएम योगी सहित कई नेताओं के ट्विटर अकाउंट का वेरिफाइड साइन हटा, अब भुगतान करने पर ही मिलेगा ब्लू टिक**

ट्विटर इंडिया ने वेरिफाइड अकाउंट के ब्लू टिक साइन को बृहस्पतिवार से पेड कर दिया है। ट्विटर की नई व्यवस्था लागू होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित कैबिनेट के मंत्रियों, राजनीतिक दलों के नेताओं के ट्विटर अकाउंट से ब्लू टिक साइन हट गया। सीएम, डिप्टी सीएम सहित नेताओं के ट्विटर अकाउंट से ब्लू टिक साइन हटते ही सोशल मीडिया पर हल्ला मच गया। भाजपा सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक अंकित सिंह चंदेल का कहना है कि वेरिफाइड अकाउंट पेड होने के कारण ब्लू टिक हटाये गए है। निर्धारित शुल्क अदा करने पर ब्लू टिक साइन फिर लग जायेगा। फिलहाल केवल केंद्रीय मंत्री, सांसद और ग्रे टिक वाले अकाउंट ही वेरिफाइड है।

**जाली दस्तावेज से दक्षिणअफ्रीका जाने की कोशिश करता नेपाली यात्री गिरफ्तार**

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 36 वर्षीय नेपाली नागरिक को कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज के सहारे दक्षिण अफ्रीका जाने की कोशिश के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार शाम को हवाईअड्डे पर हुई जब नेपाली पासपोर्ट धारक व्यक्ति को आव्रजन काउंटर पर रोका गया। उन्होंने कहा कि आरोपी शाम 7 बजकर 20 मिनट पर दुबई के रास्ते जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) जा रहा था, उसके पास एक बोर्डिंग पास और कथित तौर पर नयी दिल्ली में नेपाल दूतावास द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और अन्य दस्तावेज थे। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच के दौरान आव्रजन अधिकारी को एनओसी की प्रामाणिकता पर संदेह हुआ।

## बीआरएस नहीं लड़ेगी चुनाव

### विधानसभा चुनावों में बीआरएस नहीं उतारेगी उम्मीदवार, जेडी(एस) को देगी समर्थन



**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जद(एस) को समर्थन दे रही है। इसी के साथ बीआरएस ने 10 मई को होने वाले चुनाव में कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है क्योंकि उसकी मित्र पार्टी कर्नाटक जद(एस) उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

***चुनावों में बीआरएस ने नहीं उतारे उम्मीदवार***

बीआरएस जो पहले टीआरएस के नाम से जानी जाती थी, उसने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने के लिए पिछले साल दिसंबर में अपना नाम बदल लिया था और इसने कर्नाटक चुनाव लड़ने का फैसला किया। बीआरएस सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है क्योंकि जद (एस) उसका दोस्त है और चुनाव में उम्मीदवार उतारने की योजना बनाने के लिए पार्टी के पास पर्याप्त समय नहीं था।

***महाराष्ट्र चुनावों की तैयारी में जुटी बीआरएस***

बीआरएस द्वारा पड़ोसी महाराष्ट्र में पैर जमाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की ओर इशारा करते हुए सूत्रों ने कहा कि पार्टी पर्याप्त तैयारी और योजना के बिना चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं थी। बीआरएस सुप्रीमो और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव अब तक महाराष्ट्र के नांदेड़ क्षेत्र में दो रैलियों को संबोधित कर चुके हैं और 24 अप्रैल को छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) में एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

***जद(एस) के लिए प्रचार कर सकते हैं राव***

जद (एस) के उम्मीदवारों के अनुरोध पर राव उनके समर्थन में प्रचार करने पर विचार कर सकते हैं, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों ने कहा कि बीआरएस इस बात को लेकर भी चिंतित है कि भाजपा विरोधी वोटों के बंटने के बाद उसके अभियान से कर्नाटक में भाजपा को फायदा हो सकता है।

## ईडी ने आईएएस अधिकारी छवि रंजन को आज ही पूछताछ के लिए पेश होने को कहा

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले के मामले में आईएएस अधिकारी छवि रंजन की अपील खारिज कर दी है। छवि रंजन ने एजेंसी के सामने पेश होने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था। इसे मानने से इनकार करते हुए ईडी ने उन्हें आज ही पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। ईडी ने उन्हें 21 अप्रैल को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा था। इससे पहले जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने रंजन के पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में स्थित कई ठिकानों पर छापामारी की थी। एजेंसी ने पिछले सप्ताह इनसे पूछताछ भी की थी। एजेंसी ने छापेमारी के बाद झारखंड सरकार के एक अधिकारी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

सूत्रों के अनुसार, बंगाल सरकार के एक सहायक रजिस्ट्रार को भी गवाही के लिए बुलाया गया है। उन्हें दो मई को तलब किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित अवैध भूमि बिक्री से संबद्ध धन शोधन की जांच कर रही है। इसी सिलसिले में झारखंड के आईएएस अधिकारी छवि रंजन को इस सप्ताह के अंत में पूछताछ के लिए तलब किया गया था।

# पेड़ की डाल गिरने से युवती की दबकर मौत

**दुखद**

- गुरुवार की देर रात दो बजे के करीब आई आंधी
- आम बीनने के दौरान गड़बड़ा राजा गांव में हुआ हादसा

जनसंदेश न्यूज



घटना की जानकारी के बाद पहुंचे परिजन व ग्रामीण

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा ग्राम पंचायत के सेमरा कलां गांव निवासी रामलली चौरसिया की 21 वर्षीया बेटी की गुरुवार देर रात आई आंधी के दौरान हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव में आम बीनने के दौरान आम की डाल अचानक गिरने से दबकर मौके पर मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सेमरा कलां गांव निवासी रामलली चौरसिया अपने पैतृक आवास पथरही बरेज गांव में परिवार सहित रहते थे गुरुवार की देर रात दो बजे के करीब आई आंधी के दौरान उनकी पुत्री सुनीता आम बीनने के लिए घर के सामने खलिहान में सीमावर्ती हलिया थाना क्षेत्र के गांव गड़बड़ा राजा में स्थित आम के पेड़ के नीचे आम बीनने के लिए गई थी। उसी दौरान आम की डाल युवती के ऊपर टूटकर गिर पड़ी जिसके नीचे दबने से युवती की दर्दनाक मौत हो गई। आंधी को देखते हुए मां शांति देवी बेटी को आम बीनने से मना करने के लिए आम के पेड़ के पास पहुंची तो देखा तो आम की विशाल डाल जमीन पर टूटकर गिरी पड़ी थी और बेटी डाल के नीचे दबी हुई थी। बेटी को आम की डाल के नीचे दबी देखकर मां बदहवास होकर रोने बिलखने लगी। तब तक परिजन भी मौके पर पहुंच गए और आम की डाल को ग्रामीणों के सहयोग से अगल बगल कर युवती को बाहर निकाला लेकिन तबतक युवती की मौत हो चुकी थी। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## ब्लड कैंसर से पीड़ित बालक की मौत परिजनों में कोहराम

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के पथरही बरेज गांव में शुक्रवार सुबह ब्लड कैंसर की बीमारी से पीड़ित बालक की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पथरही बरेज गांव निवासी कृपा शंकर चौरसिया का आठ वर्षीय पुत्र इयूष चौरसिया काफी समय से ब्लड कैंसर की बीमारी पीड़ित था। जिसका उपचार प्रयागराज जिले के कमला नेहरू चिकित्सालय में चल रहा था कि शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में बालक की घर पर ही मौत हो गई।

## बाइक के धक्के से घायल बालक की मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज देवघाट मार्ग स्थित देवहट गांव में गुरुवार देर शाम बाइक सवार ने घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय बालक को धक्का मार दिया था गंभीर रूप से घायल बालक को उपचार हेतु ड्रमंडगंज स्थित निजी क्लीनिक पर ले गए ले गए जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

# सत्यपाल मलिक मुश्किल में

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से सीबीआई करेगी पूछताछ, बीमा घोटाले में भेजा नोटिस



**जम्मू।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को बीमा घोटाले में समन भेजा है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने इसके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई मेरे द्वारा रिपोर्ट किए गए मामले के संबंध में पूछताछ करना चाहती है। मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूर्व राज्यपाल को 27 और 28 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हालांकि जांच एजेंसी की तरफ से इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है।

दरअसल, केंद्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में दो प्रोजेक्ट में गड़बड़ियों को लेकर मामला दर्ज किया था। इसी मामले में सीबीआई ने उन्हें तलब किया है। इस मामले को लेकर पूर्व राज्यपाल मलिक ने दावा किया था कि उन्हें दो फाइल साइन करने के लिए 300 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी। सीबीआई ने पिछले साल अक्टूबर में भी उनसे पूछताछ की थी।

# देश में बढ़ रहा कट्टरवाद

## नरोदा गाम मामले पर फैसला 'कानून के राज और संविधान की हत्या' : शरद पवार



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने 2002 के नरोदा गाम दंगा मामले में सभी 67 अभियुक्तों को बरी किए जाने को शुक्रवार को कानून के शासन और संविधान की हत्या करार दिया।

उपनगरीय घाटकोपर में राकांपा के कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने खारघर में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह में लू लगने से लोगों की मौत के लिए महाराष्ट्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया और न्यायिक जांच की मांग की। गुजरात की एक अदालत ने 2002 में गोधरा ट्रेन आगजनी की घटना के बाद अहमदाबाद के नरोदा गाम इलाके में हुए दंगे के दौरान 11 मुसलमानों की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को सभी जीवित 67 आरोपियों को बरी कर दिया। पवार ने कहा, "कानून के शासन और संविधान की हत्या कर दी गई है। यह कल के फैसले से साबित हो गया है।"

उन्होंने कहा, देश में कट्टरवाद बढ़ रहा है और हमें सतर्क रहने की जरूरत है। हमें किसी भी कीमत पर इसके खिलाफ लड़ना होगा।

रांकपा प्रमुख ने खारघर में लू लगने से हुई मौतों के मामले में 16 अप्रैल के पुरस्कार सम्मान समारोह के आयोजन में एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा जांच से मामले में जवाबदेही तय की जा सकती है। पवार ने भाजपा पर विपक्ष के खात्मे को लेकर सत्ता के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

# शाइस्ता परवीन करेगी सरेंडर!

## माफिया पति अतीक और बेटे के मारे जाने के बाद शाइस्ता परवीन खौफ में, गुड्डू मुस्लिम के भी साथ होने की खबर



**प्रयागराज।** प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और बमबाज गुड्डू मुस्लिम जल्द सरेंडर कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम की जोरों से तलाश में जुटी है। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी माफिया अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम को 13 अप्रैल को यूपी एसटीएफ ने झांसी में मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद 15 अप्रैल को प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर माफिया अतीक और अशरफ को तीन हमलावरों ने गोलियों से भून डाला था। बेटे के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद भी शाइस्ता सामने नहीं आई। इसके बाद शौहर और देवर की हत्या के बाद आखिरी बार चेहरा भी देखने नहीं पहुंची। अब जानकारी मिल रही है कि अतीक का करीबी गुड्डू मुस्लिम शाइस्ता को बचाने में जुटा है। अभी तक दोनों पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है कि शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम दिल्ली या गुजरात में सरेंडर कर सकते हैं। वहीं, सरेंडर की चचाओं के बीच यूपी एसटीएफ की टीम भी अलर्ट हो गई है। दिल्ली और गुजरात के लिए टीम भेज दी गई हैं। ताकि सरेंडर करने के बाद दोनों को प्रयागराज लाया जा सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुड्डू मुस्लिम और अतीक की पत्नी शाइस्ता साथ में हैं। अब दोनों के आत्मसमर्पण करने की चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# मोदी के लिए 2024 में चैलेंज नहीं : उपेंद्र

## अमित शाह से मुलाकात के बाद पटना लौटे उपेंद्र कुशवाहा, एनडीए में जाने के सवाल बोले-कुछ बात तो हुई होगी, बीजेपी के गाये गुन




**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर सियासी बयानबाजी तेज होती दिख रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात के बाद पटना पहुंचे उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा है। अमित शाह से मुलाकात के बाद पटना लौटे उपेंद्र कुशवाहा ने यह भी कहा कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोई मुकाबला नहीं है। इस दौरान उन्होंने मुख?यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जिन पार्टियों के साथ बिहार में गठबंधन में हैं, उन्हीं के साथ दिल्ली में जाकर बैठक कर रहे हैं। इसमें उन्होंने नया कुछ नहीं किया है। वहीं, एनडीए में शामिल होने के सवालों पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि समय आने पर बता देंगे।

***मुलाकात हुई है तो कुछ तो बात हुई ही होगी: कुशवाहा***

मीडिया से मुखातिब होते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि देखिए हमारी मुलाकात कल केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह से दिल्ली में हुई। जब मुलाकात हुई है तो निश्चित रूप से कुछ तो बात हुई ही होगी। मुलाकात ही होती है बात के लिए, बात हुई होगी। बात क्या हुई, नहीं हुई अब मैं इसके बारे में आप लोग अटकल लगाने के लिए स्वतंत्र हैं। क्या बात हुई उसको जब आवश्यकता महसूस होगी, तब हम आपको बताएंगे। कौन सी बात बताएंगे, कौन सी बात नहीं बताएंगे, यह मेरे ऊपर है। इसलिए आप सभी से आग्रह है कि मेरे ऊपर रहने दीजिए।

***एनडीए में जाने के संकेत***

कुशवाहा ने एनडीए में जाने को लेकर साफ कहा कि जब बात बतानी होगी, तब बताएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उस स्तर तक अभी हम खुद को तैयार नहीं कर पाए हैं कि उन सब चीजों को शेयर कर पाएं। इससे साफ है कि शाह के साथ हुई पहले दौर की मुलाकात में अभी सारे मुद्दों पर सहमति नहीं बनी है। उपेंद्र कुशवाहा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के सामने 2024 में कोई चैलेंज ही नहीं है। नीतीश कुमार की विपक्षी एकजुटता के प्रयास पर उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि इसमें क्या नया था? मुलाकात के बाद जब नीतीश मीडिया से मिले तो उनके साथ वही लोग थे जो बिहार में साथ होते हैं। नीतीश कुमार ने जिन विषयों पर जो नीति बनाई है उनमें से अधिकांश नीति का खामियाजा आज राज्य भुगत रहा है।

## टीपू सुल्तान के गढ़ में होने वाला शाह का रोड शो टला भारी बारिश बनी वजह

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के पास देवनहल्ली में भारी बारिश के कारण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो टाल दिया गया है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री के रोड शो के लिए भविष्य में नई तारीख का एलान किया जाएगा। इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रवार को कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचने का प्लान था। जहां वे 21 और 22 अप्रैल को क्रमशः दावणगेरे और देवनहल्ली में रोड शो करने वाले थे। देवहल्ली 18वीं सदी में मैसूरू के शासक रहे टीपू सुलतान की जन्मस्थली है। वह इस दौरान 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बंगलूरु में भारतीय जनता पार्टी के संगठन स्तर की बैठकों में हिस्सा लेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शाह राज्य में कई नेताओं के साथ बैठक करेंगे।




जम्मू में एक स्कूल के बच्चों ने पुंछ हमले में शहीद हुए पांचों जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद, रिलायंस को मुनाफा

## सेंसेक्स 23 अंक मजबूत, निफ्टी में 0.40 अंकों की मामूली गिरावट दर्ज की गई



**बई।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन (शुक्रवार) शेयर बाजार में ल्की तेजी देखी गई। आज के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 23 अंक मजबूत हुआ। है, निफ्टी में 0.40 अंकों की मामूली गिरावट दर्ज की गई और कारोबार के अंत में निफ्टी 7,624.05 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 22.71 अंक यानी 0.04 फीसदी मजबूत होकर 59,655.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 59,781.36 की ऊंचाई तक या और नीचे में 59,412.81 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में कोई खास बदलाव नहीं आया। इसमें 0.40 अंकों की मामूली गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,624.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,663.20 की उंचाई तक गया और नीचे में 17,553.95 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 14 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। आटीसी, टीसीएस, विप्रो, एशियन पेंट्स और एचसीएल टेक सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा आइटीसी के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.99 फीसदी तक चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 16 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। टेक महिंद्रा, मारुति, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा मोटर्स सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान टेक महिंद्रा के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.26 फीसदी तक गिर गए।

*रिलायंस इंडस्ट्रीज का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 19 फीसदी बढ़कर 19,299 करोड़ रुपये हो गया*

देश की अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 19 फीसदी बढ़कर 19,299 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का यह अब तक का सर्वाधिक तिमाही लाभ है। रिलायंस ने शुक्रवार शाम को जनवरी-मार्च 2023 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजारों को भेजी। इसके मुताबिक, एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 16,203 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आरआइएल का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी एवं अंतिम तिमाही में परिचालन राजस्व भी एक साल पहले के 2.11 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.16 लाख करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ 66,702 करोड़ रुपये जबकि कुल राजस्व लगभग नौ लाख करोड़ रुपये रहा।

## वित्त वर्ष 2024 में भारत की जीडीपी 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान : मॉर्गन स्टेनली



**न्नई।** अर्थव्यवस्था का पूरी तरह से खुलना, कंजप्शन में सुधार, निजी क्षेत्र के कैपेक्स में वृद्धि और सरकारी खर्च में तेजी से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह बात मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में कही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से नीचे रहने की संभावना है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, निरंतर घरेलू मांग की सबसे बड़ी कुंजी कैपेक्स में तेजी है, जो अधिक रोजगार पैदा करने में मदद करेगी। मार्च में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) उम्मीदों के अनुरूप था। मॉर्गन स्टेनली ने कहा, हमें उम्मीद है कि अनुकूल बेस इफेक्ट और कमोडिटी की कीमतों में नरमी से जून की समाप्त तिमाही में महंगाई दर घटकर 5 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी। अप्रैल में मुद्रास्फीति के 4.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष 2024 में मुद्रास्फीति औसतन 5.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी।

रेपो रेट पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कार्रवाई पर, यह उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2023 में दरें स्थिर रहेंगी क्योंकि मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत के निशान से नीचे रहेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, वास्तव में, हम उम्मीद करते हैं कि जून में समाप्त तिमाही में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से नीचे होगी और वित्त वर्ष 24 में इसके 5.5 प्रतिशत का पूवानुर्मान है।

## हजारीगांव गैस क्षेत्र से केयर्न का उत्पादन शुरू

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने शुक्रवार को कहा कि असम के हजारीगांव स्थित क्षेत्र से परीक्षण उत्पादन शुरू हो गया है। कंपनी ने खोजे गए छोटे क्षेत्र (डीएसएफ) की नीलामी में यह क्षेत्र हासिल किया था। केयर्न ऑयल एंड गैस ने एक बयान में कहा कि हजारीगांव क्षेत्र से उत्पादित गैस को मुख्य ट्रंक पाइपलाइन और एक गैस भंडारण प्रणाली के जरिये असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल) तक पहुंचाया गया। इस गैस का इस्तेमाल चाय उत्पादक एवं अन्य उद्योग करेंगे। कंपनी ने कहा कि गैस भंडारण प्रणाली की मदद से हजारीगांव क्षेत्र से निकली गैस करीब 100 सीएनजी बसों में इस्तेमाल की जा सकेगी। केयर्न ऑयल एंड गैस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी निक वॉकर ने कहा, ₹पूर्वोत्तर भारत में किसी डीएसएफ से परिचालन शुरू करने वाली पहली कंपनी बनकर हम खुश हैं। इस इलाके में काफी संभावनाएं हैं और हमारे लिए यह अहम है। उन्होंने कहा कि कंपनी की असम के गोलाघाट, जोरहट और तिनसुकिया जिलों में अगले दो साल के भीतर खोज के लिहाज से पांच से 10 कुएं खोदने की योजना है।

## असरदार है मॉनेटरी पॉलिसी, महंगाई में आई पर्याप्त कमी : भारतीय रिजर्व बैंक



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि मौद्रिक नीति का असर दिख रहा है और महंगाई में पर्याप्त कमी आई है। लेख में यह भी कहा गया है कि जब तक मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य तक नहीं पहुंच जाती, तब तक सख्ती जारी रहेगी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह जिम्मेदारी दी है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रहे। मुद्रास्फीति जनवरी-फरवरी 2023 में 6 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर थी। हालांकि, इससे पहले नवंबर-दिसंबर 2022 में खुदरा महंगाई के अस्थाई रूप से छह प्रतिशत के दायरे में आने से राहत मिली थी। केंद्रीय बैंक ने महंगाई पर काबू पाने के लिए मई 2022 से ब्याज दर में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि की। हालांकि इस महीने की शुरूआत में हुई समीक्षा में दर नहीं बढ़ाई गई। इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई में एक दल ने इस लेख को लिखा है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक स्थिति अत्यधिक अनिश्चितता से घिरी हुई है। लेख के मुताबिक भारत में सकल मांग की स्थिति मजबूत बनी हुई है। मांग को होटल जैसे संपर्क से जुड़े सेवा क्षेत्रों से समर्थन मिल रहा है। इसमें आगे कहा गया कि रबी फसल अच्छी होने की उम्मीद, बुनियादी ढांचे पर जोर और चुनिंदा क्षेत्रों में कॉरपोरेट निवेश बढ़ने के कारण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं। आरबीआई बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक वाले लेख में कहा गया है, ह्यमौद्रिक नीति असरदार है। महंगाई में पर्याप्त कमी हो चुकी है, लेकिन मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर या उसके करीब लाने तक सख्ती जारी रहेगी। लेख में कहा गया है कि मौद्रिक नीति के तहत उठाए गए कदमों से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल मार्च में कम होकर 5.7 प्रतिशत पर आ गयी जो अप्रैल 2022 में 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी थी। इसमें आगे और कमी आने तथा 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 5.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

## यूजर्स को गायब मैसेजिस को सेव करने की अनुमति देगा व्हाट्सएप

**ई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने शुक्रवार को एक कीप इन चैट फीचर पेश किया, जो उपयोगकर्ताओं को गायब होने वाले मैसेज थ्रेड में एक मैसेज को लॉन्ग-प्रेस करने और इसे सेव करने की अनुमति देगा।व्हाट्सएप ने इसे सेंडर सुपरपॉवर कहा है और यह सेंडर की पसंद होगी कि वह चैट में दूसरों को बाद के लिए कुछ मैसेज रखने की अनुमति दे। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एक बयान में कहा, गायब होने वाले मैसेज थ्रेड में मौजूद कोई भी व्यक्ति मैसेज को बनाए रखने के लिए उस पर देर तक दबा कर रख सकता है। यदि इसे सहेजा गया था तो सेंडर को सूचित किया जाएगा जो यह तय कर सकता है कि यह गायब रहने वाला मैसेज है या नहीं। हालांकि प्राइवेसी की यह अतिरिक्त लेयर मैसेजिस को गलत हाथों में पड़ने से बचाती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा वॉयस नोट या महत्वपूर्ण जानकारी होती है जिसे आप रखना चाहते हैं।

## कोका-कोला का केरल सरकार को 35 एकड़ जमीन लौटाने का प्रस्ताव



**तिरुवनंतपुरम।** बहुराष्ट्रीय पेय कंपनी कोका कोला ने केरल सरकार को पलक्कड़ जिले में स्थित अपनी 35 एकड़ जमीन वापस करने की पेशकश की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जुआन पाब्लो रोड्रिग्ज ट्रोवेटो ने उक्त जानकारी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर बताया कि कंपनी ने जमीन और वहां की इमारत राज्य सरकार को सौंपने का फैसला किया है। सत्तारूढ़ वाम मोर्चे ने पहले ही किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को जमीन देने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। एफपीओ का संचालन किसान करेंगे। बिजली मंत्री के कृष्णनकुट्टी की अगुवाई में हुई बातचीत के बाद कोका-कोला आखिरकार जमीन देने को तैयार हो गई। स्थानीय लोगों ने संयंत्र को लेकर पर्यावरण प्रदूषण और भूजल के दोहन की शिकायत की थी, जिसके बाद कोका-कोला ने मार्च 2004 में पलक्कड़ जिले के प्लाचीमाडा में स्थित अपनी इकाई को बंद कर दिया था।

## शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले एक पैसा बढ़कर 82.16 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.11 पर खुला और बाद के कारोबार में 82.16 के स्तर पर पहुंच गया। इस तरह रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की बढ़त पर था। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.17 पर बंद हुआ था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर बढ़ाने के अनुमान के चलते भी प्रतिभागी सतर्क थे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी गिरकर 108.80 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.09 फीसदी गिरकर 81.03 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## न्यूज आउटलेट इनसाइडर अपने 10 प्रतिशत कर्मचारियों की करेगा छंटनी



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय समाचार आउटलेट इनसाइडर ने अपने 10 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, जिसमें कर्मचारी लेखक शामिल हैं।द डेली बीस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल प्रकाशन ने हालांकि इस बात से इनकार किया कि असाइनमेंट लिखने के लिए एआई चैटबॉट चैटजीपीटी के साथ इसका प्रयोग जॉब कट के पीछे है।

छंटनी एक मीडिया बाजार को दशार्ती है जो अभी भी एक संघर्षरत अर्थव्यवस्था को समायोजित कर रहा है।

इनसाइडर ने कहा, छंटनी से प्रभावित कर्मचारियों को चार साल तक काम करने वाले प्रत्येक वर्ष के लिए दो अतिरिक्त सप्ताहों के साथ 13 सप्ताह का आधार वेतन मिलेगा, अगस्त 2023 तक चिकित्सा कवरेज और करियर समर्थन सेवाएं, जिनमें रिज्यूमे की समीक्षा और कोचों के साथ एक-एक शामिल हैं।

कंपनी ने एक ईमेल में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हमारा उद्योग एक वर्ष से अधिक समय से काफी दबाव में है। हमारे कई ग्राहकों और साझेदारों को चोट पहुंचाने वाली आर्थिक विपरीत परिस्थितियां भी हमें प्रभावित कर रही हैं। दुर्भाग्य से हमारी कंपनी को स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए, हमें अपनी टीम के आकार को कम करने की आवश्यकता है। हमने यह कदम उठाने से बचने के लिए कड़ी मेहनत की है और हम आप में से कई लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए खेद है। गिज्मोडो की रिपोर्ट के अनुसार, छंटनी आउटलेट पर संघीकृत कार्यबल को प्रभावित करेगी, जिसका अर्थ है कि लेखकों को नौकरी में कटौती में शामिल किया जाएगा।

## महिला मित्र को कराई कॉकपिट की सैर डीजीसीए के रडार पर एयर इंडिया का पायलट



**ई दिल्ली।** एअर इंडिया के एक पायलट ने अपनी महिला मित्र को कॉकपिट में सैर कराया, जिसके बाद वो डीजीसीए की रडार पर आ गया है। दरअसल, पायलट ने ऊ्रअ सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए अपनी महिला मित्र को कॉकपिट में घुमाया। इतना ही नहीं, पायलट ने केबिन क्रू से कहा था कि जब उनकी मित्र कॉकपिट में आए तो उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाए। यह मामला 27 फरवरी का बताया जा रहा है। दरअसल, किसी भी बाहरी व्यक्ति को कॉकपिट में घुमाना डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) के सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करना है। पायलट ने अपनी मित्र के स्वागत के लिए उन्होंने केबिन क्रू को खास निर्देश भी दिया था। उसने केबिन क्रू से कहा था कि उनकी मित्र जब कॉकपिट में आए, तो वे सब उनका गर्मजोशी से स्वागत करें। यहां तक कि पायलट ने अपनी महिला मित्र को बिजनेस क्लास का खाना भी खिलाया।

***डीजीसीए ने पायलट को भेजा समन***

उसके खिलाफ किसी ने डीजीसीए में शिकायत दर्ज करा दी। डीजीसीए ने फ्लाइट के पायलट को समन भेजकर 21 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा था। एयर के एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया ने उठाए गए मुद्दों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। हमने रिपोर्ट की गई घटना को गंभीरता से लिया है और एयर इंडिया में जांच चल रही है। मामले की रिपोर्ट डीजीसीए को दी गई है और हम जांच में भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। हम अपने यात्रियों सुरक्षा और भलाई से संबंधित पहलुओं में जीरो टॉलरेंस रखते हैं।

***क्रू मेंबर से बात किए बिना फ्लाइट की ओर बढ़ा पायलट***

मुंबई से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-915 पर बोर्डिंग से पहले ही समस्या शुरू हो गई थी। दरअसल, सभी क्रू मेंबर पायलट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इसी बीच पायलट उन्हें बिना कुछ बोले अपनी फ्लाइट की ओर बढ़ गया। इसके बाद पायलट ने केबिन क्रू के एक सदस्य से पूछा कि क्या बिजनेस क्लास में कोई सीट खाली है, ताकि वो अपनी महिला मित्र को इकॉनोमी क्लास से हटाकर बिजनेस क्लास में बैठा सकें। ***एजेंसी***

## सोना 2,000 डॉलर के आसपास स्थिर है क्योंकि मंदी की आशंका सेफ-हेवन मांग को बढ़ावा देती है



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई, लेकिन कमजोर आर्थिक रीडिंग की एक कड़ी के रूप में प्रमुख स्तरों पर अटक गया, जिससे धीमी वृद्धि पर चिंता पैदा हुई और पीली धातु की सुरक्षित आश्रय मांग में कमी आई। जबकि इस सप्ताह सोने की कीमतों पर डॉलर में कुछ मजबूती का दबाव था, हाल के सत्रों में अपेक्षा से अधिक नरम विनिर्माण और रोजगार रीडिंग ग्रीनबैक पर तौला गया, जबकि इस वर्ष संभावित मंदी की आशंकाओं को भी हवा दी। इससे बुलियन की कीमतों को फायदा हुआ, जिससे उन्हें $2,000 के प्रमुख स्तर से ऊपर बने रहने में मदद मिली। लेकिन फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंकों के तेज संकेतों ने पीली धातु में किसी भी बड़े लाभ को सीमित कर दिया। सोना हाजिर 0.1% गिरकर 2,002.62 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि सोना वायदा 21:53 इटी (01:53 जीएमटी) तक 0.3% गिरकर 2,013.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। दोनों उपकरण सप्ताह के अंत में काफी हद तक अपरिवर्तित रहने के लिए तैयार थे। फिलाडेल्फिया फेड मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स अप्रैल में अपेक्षा से अधिक डूब गया, डेटा गुरुवार को दिखाया गया, जबकि साप्ताहिक बेरोजगार दावे अपेक्षा से अधिक बढ़ा। मार्च में अमेरिकी घरों की बिक्री भी काफी धीमी रही। रीडिंग ने चिंता जताई कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के बीच ठंडा हो रहा है। यूके और यूरो जोन से अपेक्षा से अधिक गर्म मुद्रास्फीति रीडिंग ने भी आने वाले महीनों में आर्थिक दबाव में वृद्धि की ओर इशारा करते हुए, अपने संबंधित केंद्रीय बैंकों से अधिक दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों को बढ़ा दिया। जबकि उच्च ब्याज दरों की संभावना सोने जैसी गैर-लाभकारी संपत्तियों के लिए खराब है, आगामी आर्थिक मंदी की चिंताओं ने पीली धातु को अपेक्षाकृत अच्छी बोली लगाई। मार्च के दौरान सोने में तारकीय प्रदर्शन हुआ क्योंकि कई अमेरिकी बैंकों के पतन ने सुरक्षित हेवन मांग को बहुत बढ़ावा दिया। जबकि विनियामक हस्तक्षेप ने एक बड़े बैंकिंग पतन की आशंकाओं को दूर किया, बाजार अधिक आर्थिक निशानों से सावधान रहे। अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि में एक अंतिम विराम की उम्मीदों ने भी सोने को बड़े पैमाने पर डॉलर से आगे निकलते हुए पसंदीदा सुरक्षित आश्रय के रूप में देखा, हालांकि कई फेड अधिकारियों ने उच्च मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक दरों में बढ़ोतरी का आह्वान किया है। शुक्रवार को अन्य कीमती धातुओं में प्लैटिनम वायदा में 0.2% की तेजी रही, जबकि चांदी में 0.1% की गिरावट आई। औद्योगिक धातुओं में, तांबे की कीमतों में सप्ताह के लिए भारी नुकसान हो रहा था क्योंकि दुनिया भर में धीमी विनिर्माण गतिविधि के संकेतों ने लाल धातु की अपील को बहुत कम कर दिया था।

## संक्षेप

### कोका-कोला कंपनी का केरल सरकार को 35 एकड़ जमीन लौटाने का प्रस्ताव

**तिरुवनंतपुरम।** बहुराष्ट्रीय पेय फर्म कोका कोला कंपनी ने केरल सरकार को पलक्कड़ जिले के प्लाचीमाडा में अपनी 35 एकड़ जमीन वापस करने की पेशकश की है। सीएमओ के एक बयान में कहा गया कि हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जुआन पाब्लो रोड्रिग्ज ट्रोवेटो ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को एक पत्र भेजकर संपत्ति और वहां की इमारत को राज्य को सौंपने के कंपनी के फैसले की जानकारी दी। सत्तारूढ़ वाम मोर्चे ने पहले ही किसानों के नेतृत्व में प्रस्तावित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के लिए भूमि जारी करने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। बिजली मंत्री के कृष्णनकुट्टी के नेतृत्व में हुई बातचीत की शुरूआत में पेय निमार्ता आखिरकार जमीन हस्तांतरित करने के लिए तैयार हो गया। कंपनी ने वहां के किसानों के लिए एक डेमो फार्म के निर्माण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने की भी पेशकश की, सीएमओ ने गुरुवार देर शाम एक विज्ञप्ति में कहा। स्थानीय लोगों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण की शिकायत और कंपनी द्वारा भूजल के दोहन की शिकायत के बाद कोका-कोला ने मार्च 2004 में प्लाचीमाडा में अपनी इकाई को बंद कर दिया था।

### टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता से उजागर हुई भारत के लिए बच्चों की सोच

**मुंबई।** टाटा समूह ने नई दिल्ली में टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता के 14वें और 15वें संस्करण के 48 राष्ट्रीय विजेताओं को सम्मानित किया। यह निबंध प्रतियोगिता कई राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर कलम के जरिए अपने विचार पेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता के संस्करणों में 7,500 से अधिक स्कूलों की भागीदारी देखी गई, जिसमें 400 से अधिक शहरों में 13 भाषाओं में 12 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषाओं में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, उड़िया, मलयालम, तेलुगु, असमिया, बंगाली, पंजाबी और उर्दू शामिल हैं। हरीश भट, ब्रांड कस्टोडियन, टाटा संस ने कहा, टाटा समूह राष्ट्र निर्माण और युवाओं को आगे बढ़ाने में सबसे आगे रहा है। इस निबंध प्रतियोगिता को जीतने वाले मेधावी युवा प्रतिभाओं से मैं कहना चाहता हूं कि आप हमारे देश के भावी नेता हैं। आपकी दृष्टि, रचनात्मकता और जुनून मुझे विश्वास दिलाता है कि हमारा भविष्य अच्छे हाथों में है। इस सम्मान के लिए बधाई। प्रतियोगिता के सभी संस्करणों में विद्यार्थियों को महान भारत बनाने के लिए पांच चीजें मैं करूंगा और भारत को एक स्वच्छ और स्वस्थ जगह बनाने के लिए आप कौन सी 5 चीजें करेंगे और इसे आदत बनाने के लिए आप और आपके दोस्त क्या कर सकते हैं? विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### डिज्नी स्टार ने अब तक के सबसे ज्यादा आईपीएल व्यूअरशिप के साथ इतिहास रचा

**नई दिल्ली।** टाटा आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारक डिज्नी स्टार ने मार्की टूनामेंट के पहले 19 मैचों के लिए दर्शकों की संख्या के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बार्क के अनुसार, 36.9 करोड़ दर्शकों ने डिज्नी स्टार के पहले 19 मैचों के लाइव प्रसारण को देखा, जो कि कोविड के दौरान खेले गए आईपीएल के दो संस्करणों पर विचार करने के बाद भी आईपीएल इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। ब्रॉडकास्टर ने पहले 19 मैचों के लाइव प्रसारण के लिए आश्चर्यजनक रूप से 11350 करोड़ (113.5 बिलियन) मिनट* का वाच टाइम भी देखा है। डिजनी स्टार ने अपने फैन-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ एक सम्मोहक, आकर्षक और इंटरैक्टिव उत्पाद बनाने के लिए एक निर्बाध और निर्बाध देखने का अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। ब्रॉडकास्टर ने पहले 19 मैचों के लाइव प्रसारण के लिए पिछले संस्करण की तुलना में मैच टीवीआर में 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी है, जो सगाई के स्तर को नई ऊंचाई तक ले गया है। यह विशाल वृद्धि मार्केटिंग अभियान की सफलता, डिज्नी स्टार नेटवर्क पर प्रसारण के मानक, और कुल दर्शकों के लिए टीवी की अतुलनीय क्षमता की एक बड़ी पुष्टि है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने समाप्त चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए मजबूत परफॉर्मेंस दर्ज की है। लाभप्रदता का प्रतिनिधित्व करने वाला वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 27.65 बिलियन हो गया। इस तरह सालाना आधार पर 27.8 फीसदी की वृद्धि हुई। वीएनबी मार्जिन भी एफवाई 2022 में 28.0 प्रतिशत से बढ़कर एफवाई 2023 में 32.0 फीसदी हो गया। इस प्रकार कंपनी ने एफवाई 2023 तक एफवाई 2019 के वीएनबी को दोगुना करने के अपने घोषित उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है। चार साल की अवधि में मजबूत वीएनबी ग्रोथ दरअसल 4पी रणनीति (प्रीमियम ग्रोथ, प्रोटेक्शन बिजनेस ग्रोथ, पर्सिस्टेंसी इम्प्रूवमेंट और प्रोडक्टिविटी एन्हांसमेंट) के सफल कार्यान्वयन से संभव हुई है, जबकि ग्राहक केंद्रितता को मुख्य रूप से रखते हुए, और ईएसजी को व्यवसाय प्रबंधन में एकीकृत किया गया है। एफवाई 2023 के दौरान, वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई), नए व्यवसाय का एक माप, साल-दर-साल 11.7 प्रतिशत बढ़कर 86.40 बिलियन हो गया। कंपनी ने वितरण चैनलों और उत्पादों में अपने प्रीमियम में मजबूत वृद्धि दर्ज करने में सफलता हासिल की है। इसके लिए विभिन्न आय क्षेत्रों में फैले एक विस्तारित ग्राहक आधार की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रोडक्ट प्रीपोजीशन के व्यापक विस्तार के साथ-साथ एक व्यापक डिस्ट्रीब्यूशन फुटप्रिंट जैसे कारकों ने भूमिका निभाई है। एफवाई 2023 के लिए, प्रोटेक्शन एपीई साल-दर-साल 14.5 प्रतिशत बढ़कर 15.04 बिलियन हो गया। न्यू बिजनेस सम एश्योर्ड साल-दर-साल 34.7 प्रतिशत बढ़कर 10.4 ट्रिलियन हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 की तुलना में सभी समूहों में पर्सिस्टेंसी में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। 11एम-एफवाई2023 में 13वें महीने के पर्सिस्टेंसी रेशियो में 90 बेसिस पॉइंट्स का सुधार हुआ है और यह 86.6 प्रतिशत हो गया है और 61वें महीने की पर्सिस्टेंसी 11एम-एफवाई2023 में 1130 बेसिस पॉइंट्स से सुधर कर 65.7 प्रतिशत हो गई है। डिजिटल तकनीकों में निरंतर निवेश ने कंपनी को भविष्य के लिए तैयार होने, उच्च उत्पादकता हासिल करने, लागत दक्षता को हासिल करने और बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाया है।

### 5,000 यात्री ईवी और 1,000 माल वाहक ईवी के लिए 633 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर

**नई दिल्ली।** 5,000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों को दिल्ली में तैनात किया जा रहा है, इसके परिणामस्वरूप एक लाख टन के बराबर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन बचाया जा सकेगा। देश में विद्युत क्षेत्र की अग्रणी एनबीएफसी और महारत्न कंपनी पॉवर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (जीईएल) को 5,000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और 1,000 माल वाहक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये 633 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया है। केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय का कहना है कि ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी प्रा. लि. (बीएमपीएल) को उसकी टैक्सी सेवा विस्तार हेतू पट्टे पर यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों को दिया जायेगा। ऋण की पहली किस्त जारी की जा चुकी है और इलेक्ट्रिक टैक्सियों की पहली खेप भी दिल्ली की सड़कों पर उतर चुकी है। पीएफसी के सीएमडी रविन्दर सिंह ढिल्लों ने ईवी की पहली खेप को रवाना करने के अवसर पर कहा, देश में ई-मोबिलिटी को अपनाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, और हमारा मानना है कि इस क्षेत्र में काफी संभावनाए हैं। इस वित्तपोषण के जरिए पीएफसी ने भारत के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्ध योगदान (एनडीसी) लक्ष्य में योगदान का प्रयास किया है। यह देश में परिवहन के एक स्वस्थ और टिकाउ तरीके को अपनाने की दिशा में काफी अहम साबित होगा। पीएफसी के वित्तपोषण वाले ये 5,000 चौपहिए यात्री इलेक्ट्रिक वाहन (ई4डब्ल्यूज) दिल्ली में तैनात किये जा रहे हैं और इनकी तैनाती के परिणामस्वरूप एक लाख टन के बराबर कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन को बचाया जा सकेगा।

# ट्रिपल इंजन की सरकार से ही हो पाएगा विकास : प्रभारी मंत्री



जनसंदेश न्यूज

मछलीशहर। नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिगत स्थानीय एक पैलेस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और प्रदेश सरकार के मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहाकि ट्रिपल इंजन की सरकार लाने से ही संपूर्ण विकास संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि आपका प्रत्याशी आपको सरकार से सीधे जोड़ने की क्षमता रखता है बशर्ते कि आप उसे चुनाव में विजई बनाकर मोदी और योगी को एहसान चुकाने के लिए विवश कर दें। कहा कि आज प्रदेश में एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार है। मोदी के भयमुक्त प्रशासन की कड़ी का ही नतीजा है आज अपराधी खुद से आगे बढ़कर सरेंडर कर रहे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन को क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज, जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, मेहीलाल गौतम, अनुराग सिन्हा, अर्चना शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने और संचालन जिला प्रभारी राजेश सिंह ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, राम लखन मौर्य, कमलेश सिंह, आशा मौर्या, वंदना पटेल, राजेश गुप्ता, कृपा शंकर श्रीवास्तव, रवि पटवा, जितेंद्र निगम, शैलेश गिरी आदि रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कौड़िया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के अक्खीपुर गांव निवासी 23 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र विजय व 22 वर्षीय राजमन पुत्र बुधु बीती देर रात बाइक से शाहगंज से घर जा रहे थे कि कौड़िया गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायलों की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## प्रचंड गर्मी आते ही विद्युत विभाग का खेल शुरू

**परेशानी**

**तापमान अधिक होने से लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर**

जौनपुर। अप्रैल महीने की शुरूआत होते ही प्रचण्ड गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की ओर से जारी घोर कटौती से आम जनमानस बेहाल है। भीषण गर्मी के साथ ही अघोषित विद्युत कटौती के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है। गर्मी के शुरूआती दौर में बिजली विभाग की घोर लापरवाही की पोल खुलती नजर आ रही है। गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती के चलते घरों एवं दुकानों के विद्युत पर आधारित उपकरण शोपीस बने हुए हैं। लोग भीषण गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। वहीं कूलर, पंखे, फ्रिज, एसी महज शोपीस बने हुये हैं। इन दिनों गर्मी से लोग बेहाल हैं। ऐसे में बार-बार बिजली कटौती से लोगों की मुसीबत काफी बढ़ गई है। तपिश से लोगों को घर में चैन है न घर के बाहर ही आराम है। वहीं लोगों में इस बात की समस्या बनी हुई है कि अभी तो अप्रैल माह ही चल रहा है मई और जून अभी बाकी है। ऐसे में गर्मी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में सूरज का तापमान अधिक होने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर सन्नाटा छाया रहता है। शाम छह बजे के बाद ही लोग घरों से बाहर निकल पा रहे हैं। इस प्रचण्ड गर्मी में बिजली की आपूर्ति भी बदतर है। महज 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उसमें भी बिजली की आवाजाही बनी रहती है। लगातार बिजली नहीं मिलने से लोग पड़ रही तेज गर्मी व उमस से परेशान हैं। घरों के भीतर रहने वाली महिलाओं व बुजुर्गों को काफी दिक्कत होती है। बिजली कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों का कहना है कि बिजली की आपूर्ति बेहतर हो व निर्धारित आपूर्ति के घंटे सुनिश्चित हों तो उन लोगों को गर्मी में दिक्कत नहीं होती, लेकिन स्थिति यह है कि गर्मी के साथ ही बिजली भी परेशान कर रही है।

## संक्षेप

### मस्जिदों व ईदगाह पर की गई साफ-सफाई



गौराबादशाहपुर। अलविदा जुमा के अवसर पर मस्जिदों व ईदगाह पर नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई व दवाओं का छिड़काव कराया गया। ईओ डॉ. अनुपम सिंह अपने कार्यालय के सफाई कर्मियों की चार टीम बनाकर प्रत्येक वार्डो में ईदगाह व मस्जिदों पर साफ-सफाई करवाया। ईओ के निर्देशन में जगह-जगह पानी के टैंकर खड़े कर दिए गए व तथा दवाओं का छिड़काव भी किया गया जिससे अलविदा जुमा पर मस्जिदों में आने वाले लोगों को काफी राहत मिली। इस दौरान ईओ खुद भ्रमण करते हुए साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### ईदुल फितर पर चुस्त दुरुस्त कराई गयी सफाई व्यवस्था



मड़ियाहूं। जिलाधिकारी के निर्देशन में ईदुल फितर के त्योहार के पावन पर्व को मद्देनजर रखते हुये नगरपंचायत अधिशासी अधिकारी डा. संजय कुमार ने शुक्रवार अलसुबह से ही सफाई कर्मियों को लेकर ईदगाह मैदान व ईदगाह जाने वाले रास्तों व पटरियों पर जमे गंदगी की साफ सफाई कराने में जुटे रहे। सफाई के साथ-साथ नालियों पर डीटीटी पाऊडर का छिड़काव व नगर के सभी वार्ड स्थित ईबादतगाहों के आसपास सफाई तथा फागिंग व ईदगाह मैदान पर टैंकरों से नमाजियों के वजू बनाने के लिए पानी की व्यवस्था कराने में जुटे रहे।

### अलविदा जुमा के दिन मांगी दुआएं

जफराबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कस्बा जफराबाद में तीन जगह अलविदा जुमे की नमाज संपन्न हुई जिसमें लोगों ने वतन में अमन शान्ति के लिए दुआएं मांगी तथा मोहल्ला नासही में स्थित शिया जामा मस्जिद में मौलाना मरजान हाशमी ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई और नमाज के बाद एक मजलिस ए अजा हुई जिसकी खिताबत मौलाना कैसर अब्बास साहब ने किया और मजलिस के बाद लोगों ने देश में अमन-चैन सुख शांति के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा जिसमें चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद आशीष पाण्डेय, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार सैनी, विपुल सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### गंगा जमुनी तहजीब के साथ आयोजित हुई इफ्तार पार्टी



जलालपुर। विगत वर्षो की भांति इस बार भी सहयोग वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश चेयरमैन एजाज अहमद हाशमी के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। हाशमी ने कहा कि इफ्तार पार्टी सामाजिक समरसता पर बल देता है। उक्त इफ्तार पार्टी में सर्व धर्म सम्भाव की भावना देखने को मिली। इफ्तार के बाद हाफिज आजाद ने मगरिब की नमाज पढ़ाई और मुल्क में अमन और शान्ति के लिए दुआ मांगी। उक्त अवसर पर महिमापुर पूर्व प्रधान संकठ गुप्ता, मीरू अहमद, रतन लाल मौर्या, मंसूर अली, आनंद मोदनवाल, अर्जुन गुप्ता, मोहम्मद इमरान, मो. इनाम, भुल्लन भारती, राजेंद्र प्रसाद, दिलशाद, मो. आरिफ, अनीता मौर्या, मुग्ना देवी, सरोजा, जरूरन, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बदलापुर। घनश्यामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मदापुर तिराहे के पास से शुक्रवार को पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को एक तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि बटाऊबीर चौराहे पर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि मदापुर तिराहे पर देवरामपुर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर नागेंद्र यादव उर्फ कल्लू खड़ा है जो किसी के आने का इंतजार कर रहा है। चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## संक्षेप

### टोल प्लाजा पर बैरियर लगाए जाने से रोष

गोपीगंज। लालानगर में स्थित टोल प्लाजा पर प्रशासन की मनमानी से बैरियर लगाए जाने के कारण सैकड़ों ग्रामीणों व राहगीरों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाला नगर से जिला मुख्यालय ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग को टोल प्लाजा के कर्मियों द्वारा बंद कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अनाधिकृत तौर पर हाईवे के डिवाइडर पर लोहे का बैरियर लगाया गया है। कृषि कार्य हेतु वाहनों को भी आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। लालानगर से जिला मुख्यालय जाने वाले मोड़ पर हाईवे के डिवाइडर पर बीचो-बीच कुछ महीने से टोल कर्मियों के द्वारा एक बैरियर लगा दिया गया है। नई कंपनी ने जब टोल हैंडओवर लिया तो उसने भी बैरियर नहीं हटाया। बताया जाता है कि अनाधिकृत तौर पर यह बैरियर लगाकर यातायात रोका गया है। इस समय गेहूं की मड़ाई और किसानों को अन्य कार्यों से अपने ट्रैक्टर और अन्य वाहन इस पटरी से उस पटरी करने पड़ते हैं, लेकिन बैरियर पर तैनात कर्मी वहां मौजूद नहीं होता और उक्त बैरियर को नहीं खोला जाता है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने कहा कि अगर टोल प्लाजा की मनमानी नहीं रोकी गई तो वह है आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नया टोल प्लाजा बनने के बाद हाईवे के डिवाइडर पर यह बैरियर नहीं लगाया गया था, लेकिन कुछ महीने पहले टोल पर तैनात कर्मियों ने मनमानी दिखाते हुए लोहे का एक अनाधिकृत तौर पर बैरियर लगा दिया था। मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, उन्होंने ट्रैफिक इंस्पेक्टर से वार्ता किया और उन्हें निर्देशित किया कि मामले समस्या का समाधान करें।

### औद्योगिक पार्क विकसित करने पर पूर्वांचल में 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट

ज्ञानपुर। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र भदोही द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगो को बढ़ावा देने हेतु निजी औद्योगिक पार्को के विकास की योजना लागू की गई है। जिसके अन्तर्गत निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने पर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल में 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट तथा औद्योगिक पार्क विकसित करने पर 1 प्रतिशत व्याज पर ऋण दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र भदोही में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

ज्ञानपुर। कोइरौना थाना क्षेत्र के मनोहरपुर केवटाही गांव निवासी 30 वर्षीय युवक की जंगीगंज में जीटी रोड पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों के बीच मातम पसर गया। बता दें कि केवटाही गांव निवासी आकाश उर्फ टिंकू सिंह पुत्र नन्हकू सिंह गुरुवार की देर रात गोपीगंज की ओर से बाइक से घर आ रहा था। वह करीब साढ़े 10 बजे जंगीगंज बाजार में तेज रफ्तार में हाइवे पर ओवरट्रैक करने के चक्कर में खड़ी ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ा। इस दौरान उसे गम्भीर चोटें आ गईं। स्थानीय लोग व पुलिस जब तक हॉस्पिटल भेजने का प्रयास कर रहे थे तब तक उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोपीगंज पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शव का स्थानीय गंगा घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। उधर परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की माँ अनीता देवी व पत्नी सहित अन्य परिजन दहाड़े मारकर रो रहे हैं। उनके करूँण क्रंदन को सुन लोगों की आंखें नम हो गईं। मृतक को एक छोटा पुत्र व पुत्री है।

### जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोल्ड चेन मैनेजर हुये सम्मानित

भदोही। कोरोना से बचाव के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान के दौरान वैक्सीन के कुशल प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क;ई. विनद्ध एवं कोविड वैक्सीनेसन में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. अपर्णा उपाध्याय ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश सिंह और ड्रिस्ट्रिक्ट वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर डॉक्टर प्रभात मिश्रा को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय इलेक्ट्रानिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क, ई.विनद्ध की कार्यशाला में टीकाकरण रखरखाव को बेहतर तरीके से बताया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक का कहना है की वैक्सीन के बनने से लेकर लाभार्थी तक पहुंचने तक उसे एक लम्बा सफर तय करना पड़ता है। ऐसे में तापमान और रौशनी के प्रभाव से कई वैक्सीन अपनी क्षमता खो देती हैं। इसीलिए कोल्ड चेन प्रबंधन के तहत जिले में 10 कोल्ड चेन स्टोर बनाए गए हैं। वहीं सप्लाई चेन के तहत यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वैक्सीन की पर्याप्त मात्राए सही समय, सही स्थान, सही तापमान पर ही सही लाभार्थी तक पहुंचे।

### शांतिपूर्ण तरीके से अता की गई अलविदा की नमाज



गोपीगंज। नगर गोपीगंज सहित आस पास के मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। नमाजियों ने देश में शांति और खुशहाली की दुआ की। नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। गोपीगंज के जामा मस्जिद में दोपहर करीब 1.15 बजे अलविदा जुमे की नमाज हुई। इसमें बड़ी संख्या में नमाजी जामा मस्जिद पहुंचे। नमाज पढ़ी। अपर जाधिकारी रविंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी आकाश, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय प्रभारी सदानंद सिंह, चौकी इंचार्ज मनोज राय सुरक्षा व्यवस्था पर पूरी तरह नजर रखे रहे। गर्मी को देखते हुए जामा मस्जिद के अलावा मदरसा में नमाजियों के लिए व्यवस्था कराई गई थी। जिससे रोजेदारों को परेशानी न होने पाए। मान्यता है कि रमजान के अखिरी जुमे की नमाज को अदा करने से दुआएं कबूल होती हैं। अल्लाह रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है। जामा मस्जिद के गुड्डू चौधरी, हसनैन, सरवर खान, सिराज अख्तर अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि रमजान ऊल मुबारक के आखिरी जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए हर तरह की व्यवस्था पहले ही दुरुस्त की गई थी। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में चार जुमे की नमाज पढ़ी जाती है। आखिरी जुमे की नमाज को अलविदा रमजान होता है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय नगर एवं ग्रामीण इलाकों में अलविदा की नमाज पूरी अकीदत के साथ पढ़ी गई। इस दौरान पुलिस व्यवस्था व साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मीनाक्षी चतुर्वेदी द्वारा रमजान माह के अंतिम जुमा के मौके पर नगर क्षेत्र के सभी मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई कराई गई और चूने का छिड़काव भी कराया गया। सुबह से ही नगर पालिका की टीम सक्रिय रही और नगर के आधा दर्जन से अधिक मस्जिदों के बाहर साफ सफाई कराई गई। ईद त्योहार के दृष्टिगत सभी मस्जिदों के पास नगर पालिका द्वारा पानी का टैंकर भी लगवाया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी दलबल के साथ नगर क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। सुरक्षा के लिहाज से मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।

## संत निरंकारी मिशन के तहत विश्वव्यापी रक्तदान शृंखलाओं का आयोजन




जौनपुर। मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविरों के आयोजन से 'मानव एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याण हेतु संत निरंकारी मिशन की समाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भारत वर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों सहित मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी रक्तदाता स्वेच्छापूर्वक सम्मिलित होकर 24 अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे। यह जानकरी मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताते हुए आगे कहा कि युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह ने सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया, साथ ही समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया जिनमें सादा शादियां, नशा मुक्ति एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया समाज के व्याप्त कुरीतियों के उस दौर के उपरांत बाबा हरदेव सिंह के प्रेरक संदेश ₹रक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों में₹ द्वारा सभी श्रद्धालुओं को एक नई सकारात्मक दिशा मिली उसी प्रेरक संदेश को प्रत्येक निरंकारी भक्त मानवता के उपकार हेतु निरंतर उसे जीवंत रूप में अपनाकर लोक कल्याण हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह महा अभियान भारत में स्थापित संत निरंकारी मिशन की 99 जोन की लगभग सभी ब्रांच में आयोजित किया जाएगा। इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जांच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रुप से ध्यान दिया जाएगा। साथ ही रक्त दाताओं हेतु जलपान की समुचित प्रबंध व्यवस्था भी की जा रही है। रक्तदान शिविरों में रक्त संग्रहित करने हेतु सरकारी अस्पतालों से योग्य एवं प्रशिक्षित टीम आएगी।

## शिक्षक पर अश्लील हरकत का आरोप, छात्राओं ने छोड़ा विद्यालय

बदलापुर। विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय ऊदपुर गेल्हवा के एक शिक्षक की डर से कई छात्राओं ने विद्यालय से अपना नाम ही कटवा लिया है। बताते चलें कि एक तरफ शासन प्रशासन शिक्षा ब्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने के लिए लगातार स्कूल चलो अभियान चला रही है। वहीं विकास खंड के ऊदपुर गेल्हवा कम्पोजिट विद्यालय के छात्राओं ने शिक्षक की डर से अपना नाम कटवा ली है। इस सम्बन्ध में जब पीड़ित छात्राओं और उनके अभिभावकों से बात की गई तो उन्होंने शिक्षक पर अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगाए हुए उक्त विद्यालय से नाम कटवा लेना ही अपनी छात्राओं को सुरक्षित समझा। फिलहाल इस सम्बन्ध में जब उक्त कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं कई बार उक्त शिक्षक को समझने बुझाने का प्रयास करती रही लेकिन वह हमसे भी लड़ने झगड़ने पर उतारू हो जाते हैं। फिर मैंने जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं होने के कारण वह अपने प्रधानाध्यापिका पद से इस्तीफा देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बदलापुर को लिखित पत्र देकर इस्तीफा की मांग की है।

# अकीदत के साथ अदा की अलविदा की नमाज



मोहल्ला कजियाना में अलविदा जुमा की नमाज अदा करते नमाजी



शहर के अजीमुल्लाह चौराहे पर एसडीएम के पी पांडेय से आवश्यक जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी

भदोही। जनपद में शुक्रवार को अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के निर्देश पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भारी पुलिस बल सहित मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात हैं। कई क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की टीम पैनी नजर रखे हुए हैं।

जनपद के गोपीगंज, भदोही, खमरिया, सुरियावां, घोसिया समेत विभिन्न इलाकों में अलविदा की नमाज के दृष्टिगत मस्जिदों पर सुरक्षा चाक-चौबंद की गई है। गोपीगंज में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई इस दौरान क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की सोशल मीडिया सेल के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अगर कहीं भी कोई अराजकता फैलाता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करे। अलविदा की नमाज व ईद को संपूर्ण तैयारियों के साथ शांतिपूर्ण व सकुशल मनाए जाने हेतु अजीमुल्ला चौराहा सहित जनपद के विभिन्न कस्बों में जिलाधिकारी गौरंग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासनिक व पुलिस की टीम के साथ लगातार निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी कहा कि जनपद में शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज अदा की गयी हैं ईद पर कही कोई परेशानी न हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबन्ध किये गए हैं।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

भदोही। थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-86/2023 धारा-363, 366 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राम उपाध्याय उर्फ बाबू पुत्र राम बहादुर उपाध्याय निवासी चक निरंजन थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

## अश्लील वीडियो बनाकर युवती ने किया ब्लैकमेल, युवक ने खाया जहर

**दुखद**

**गोपीगंज में सक्रिय ऐसी युवतियों का गैंग**

गोपीगंज। नगरीय क्षेत्र की एक युवती द्वारा अलग अलग लड़कों को अपना अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चले की इन्ही युवतियों द्वारा एक युवक को इसी तरह अपना अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करती रही, अपने मकसद में कामयाब न होने पर युवती ने उल्टा ही उस युवक के विरुद्ध थाने में अपने साथ अश्लील वीडियो और नाजायज तरीके प्रताड़ित करने और ब्लैक मेलिंग का आरोप लगाकर उसे जेल भेजवा दिया। स्थानीय पुलिस ने तह तक न जाकर युवती के बातों को विश्वास करते हुए, संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। गुरुवार को इन्ही युवतियों द्वारा सजातीय अपने मोहल्ले के युवक से प्रेम पसंग बढ़ाकर अपने विश्वास में लेते हुए बाथरूम में जाकर मोबाइल पर अश्लील वीडियो बनाकर और युवक का अर्धनग्न वीडियो बनाकर धमकी देकर अवैध वसूली करने लगी, युवक इसके कृत्य से समाज के डर से दिन बृहस्पतिवार को विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी इहलिला समाप्त करने का प्रयास किया, संयोग अच्छा रहा की परिजनों ने हालत खराब होते देख युवक को नजदीकी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां वह खतरे से बाहर बताया जाता है। अभी तक तो अज्ञात लोगों द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का मामला दिखता रहा, परंतु इस तरह के मामले अब अपने नगर में भी पांव पसार रहे है। और पुलिस इस तरह के मामले में युवतियों और औरतों की बातो में आकर बेगुनाहों के विरुद्ध ही कार्यवाही करती है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने ने बताया की हमारे संज्ञान में नहीं है, अगर हमारे पास आते तो जांचोपरांत कार्यवाही की जाती।

## शिक्षक समस्या समाधान दिवस में बीएसए ने सुनी फरियाद

**समाधान दिवस**

**सताइस में 16 मामलों का किया त्वरित निस्तारण**



विकास खण्ड सुरियावां के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षकों की समस्याओं को सुनते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

भदोही। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में विकास खण्ड सुरियावां के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को अपरान्ह दो बजे से किया गया।

शिक्षक समस्या समाधान दिवस के अवसर पर बीएसए ने सत्ताईस अध्यापकों की फरियाद सुनी। जिसमें सोलह अध्यापकों की समस्या का त्वरित समाधान कर दिया। शेष ग्यारह प्रकरण विचाराधीन श्रेणी में डाले गए। उनका निस्तारण अगले एक सप्ताह में कर दिया जाएगा। शिक्षक इस नवीन प्रक्रिया से अति उत्साहित दिखे और उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की इस पहल का स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वे शिक्षकों की समस्याओं का समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं और उनकी एवं शासन की अपेक्षा मात्र इतनी है कि वे निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां सुमन केसरवानी, सिराज, एसआरजी विनय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# आकस्मिक दंगा और बलवा से निपटने के लिए पुलिस तैयार

**तैयारी**

**एसपी के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास**

जनसंदेश न्यूज



आकस्मिक दंगा व बलवा से निपटने व नियंत्रण हेतु अभ्यास करते पुलिसबल

भदोही। आगामी पर्वों व नगर निकाय निर्वाचन के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था एवं समाज में सुरक्षित भयमुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक व उप जिला मजिस्ट्रेट भदोही सहित समस्त क्षेत्राधिकारी , थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ मुंशीलाटपुर स्थित खेल मैदान में ₹दंगा नियंत्रण स्कीम₹ का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया तथा पुलिस कर्मियों को दंगाइयों बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। दंगा नियंत्रण उपकरणों शस्त्रों का संचालन कराया गया एवं जानकारी दी गई। बलवा ड्रिल प्रशिक्षण सत्र में सभी पुलिसकर्मियों को बलवा व दंगा होने के दौरान बलवाईयो पर पुलिस की तरफ से की जाने वाली कार्यवाही को अलग-अलग टीम बनाकर प्रदर्शित किया गया। एसपी ने बलवा ड्रिल के दौरान पायी गयी खामियों पर विस्तृत रुप से सभी पुलिस कर्मियो से फीडबैक लेकर सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम आज

ज्ञानपुर। विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल के मौके पर "सेल्फी विद अमृत सरोवर" कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम में संबन्धित ग्राम के मनरेगा श्रमिकों, रोजगार सेवक, महिला मेट, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव एवं स्वयं सहायता समूह की दीदीयां, बी सी सखी संबन्धित ग्राम पंचायत के निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त, ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक के क्रम में अवगत कराना है कि अमृत सरोवर एक महत्वपूर्ण योजना है। उप मुख्यमंत्री द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम आयोजित करते हुए उसके फोटोग्राफ, वीडियो, वाइस मैसेज, मैसेज को ट्विटर एवं अन्य सोशल मिडिया पर अपलोड करने एवं उक्त सुअवसर पर एक गोष्ठी भी आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्देश प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।



ऐसा था पुराना सदन, जहां बैठती थी 'मिनी संसद'

# बिना सदन के यहां-वहां बैठके करता बीता नगर निगम का पांच साल का कार्यकाल

# वाराणसी देश का अकेला ऐसा नगर निगम जिसका कोई सदन नहीं



गदा कुछ इस तरह होता है, निगम के आन-बान शान का प्रतीक गदा

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी नगर निगम वाराणसी नगर का प्रशासकीय निकाय है। नगर निगम में लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए सदस्य सम्मिलित होते हैं, जिनका नेतृत्व महापौर द्वारा किया जाता है, तथा इनके द्वारा नगर के बुनियादी ढ़ांचे एवं सार्वजनिक सेवाओं का प्रबंधन किया जाता है। राज्य के विभिन्न अग्रणी राजनैतिक दलों के सदस्य नगर निगम के निर्वाचित सदस्य होते है। महापौर एवं पार्षदों का निर्वाचन 5 वर्ष के लिए किया जाता है। म्यूनिसिपल कारपोरेशन एक्ट 1959 के अन्तर्गत वाराणसी नगर निगम की स्थापना 24 जनवरी 1959 को नगर महापालिका के रूप में की गई थी, जिसे वर्ष 1994 में नगर निगम के रूप में उच्चीकृत किया गया। 90 वार्डों एवं कुल 82 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला नगर घनी आबादी वाला है तथा यहॉ पर बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का आगमन होता है। नगर के लिए योजनाएं तैयार करना, इसका विकास एवं रख-रखाव तथा अपने नागरिकों को जनोपयोगी सेवाएं प्रदान करना वाराणसी नगर निगम का दायित्व है। वाराणसी को एक गतिशील, जीवंत, सुन्दर, आत्म-निर्भर एवं समस्त बुनियादी सुख सुविधाओं सहित स्थायित्वपूर्ण नगर बनाना एवं बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराना वाराणसी नगर निगम का मिशन है। वाराणसी नगर निगम द्वारा उक्त मिशन की पूर्ति हेतु समस्त आवश्यक दायित्वों एवं स्व-विवेकाधीन कार्यों का निर्वहन किया जाता है। बावजूद इसके वर्ष 2017 से वर्ष 2022 का समय बीत गया लेकिन निगम के पास बैठक करने का अपना सदन तक नहीं हो सका, इन पांच सालों में महापौर रही मृद्ला जायसवाल ने कुल तीन बैठकें कर शहर की कई योजनाओं पर चर्चा की लेकिन सदन के बारे में पांच साल में कहीं भी ना तो प्रस्ताव लाया गया और ना ही बुनियादी ढांचा तैयार किया गया।

## कब होगा अपना सदन



प्रेक्षागृह और सदन की जमीन पर बना रूद्राक्ष।

वाराणसी देश भर के लिए कई मायनों में प्रमुख स्थान है, पहला तो यह विश्व की प्राचीन व जीवंत शहर में से एक हैं, दूसरा पूरे विश्व के लोगों के लिए आध्यात्म व मोक्ष का प्रमुख केंद्र है, अब बात तीसरे मूल्याकंन ही हो तो वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है, इन तीन कारणों से वाराणसी का कद देश भर के शहरों मुकाबले बढ़ा है, लेकिन अब वाराणसी के कद पर देश भर में बट्टा तब लगना शुरू होगा जब लोगों को मालूम होगा की वाराणसी नगर निगम का अपना कोई सदन नहीं है। यह एक हास्यास्पद स्थिति है, वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक चले कार्यकाल के दौरान संचालित बैठक सदन में नहीं हुई क्योंकि वाराणसी निगम के पास अपना सदन तक नहीं हैं। इन पांच सालों में मृदुला जायसवाल के नेतृत्व में जितनी भी बैठकें हुई सब या तो टाउनहॉल में या फिर चौकाघाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में आयोजित हुईं। अब देखना यह है कि आने वाले समय में निगम का अपना सदन होगा या फिर शहर के विभिन्न स्थानों पर ही बैठक करते हुए यह भी पांच साल बीत जाएगा।

**तत्कालीन महापौर राम गोपाल मोहले के कार्यकाल में हुई थी मिनी सदन की अंतिम बैठक**

**मृदुला जायसवाल के पूरे कार्यकाल 2017-22 के दौरान विभिन्न स्थानों पर 30 बैठकें हुईं**

**मिनी सदन की बैठक के दौरान महापौर के समक्ष रखा गदा निगम के आन-बान व शान का प्रतीक**

**गदा को एक स्थान पर रखने की है परम्परा घुमन्तु बैठकों के दौरान गदा लेकर टहलने का नियम नहीं**

### सवाल वही-कहां से चलेगी स्थानीय सरकार कहां होगी बैठक

वर्ष 2017 में जब जनता ने शहर की नई सरकार चुनी को इस बात का सुगबुगाहत शुरू हुई कि सरकार तो बन गयी अब यह सरकार किस पार्षद के घर पर चलेगी, यही सोचने में पांच साल बीत गया, और इन पांच सालों में कुल तीस बैठकें बिना सदन के विभिन्न स्थानों पर कर लिया गया। पांच साल बाद एक बार फिर पांच साल के लिए जनता की सरकार बनाने का समय आ गया और एक बार फिर वही सवाल जेहन में हैं कि जनता द्वारा चुनी गई शहर की सरकार कहां चलेगी। कहां होगी बैठक। सदन की कार्यवाही कहां संचालित होगी। इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### बिगाड़ने से पहले बनाना उचित नहीं समझा-यक्ष प्रश्न

मिनी सदन के लिए नई सरकार के गठन का समय आ गया इस पर कई पूर्व पार्षदों से बात करने पर सभी का एक मत रहा कि पांच साल बाद आज भी वही प्रश्न हैं कि नगर की सरकार बनने के बाद निर्वाचित सदन आखिर कहां चलेगी ? पिछली बार का पांच साल तो बीत गया इसमें कई कानूनी पचड़ों को शामिल किया गया था लेकिन इस बार की भी सरकार घुमन्तु ही रहेगी। कन्वेंशन सेंटर तो बना लेकिन मिनी सदन का पुरातन स्वरूप खत्म कर दिया गया पर उसका विकल्प नहीं तलाशा गया।

### तत्कालीन महापौर ने रखा था प्रस्ताव

वर्ष 2012 से 17 तक के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन वाराणसी के महापौर रामगोपाल मोहले ने पचास साल पुरान निगम के मिनी सदन के पुर्ननिर्माण की योजना बनाते हुए एक डिजाइन भी तैयार कराया था इसके लिए उन्होंने आर्किटेक्ट को बकायदा फीस भी दी थी, उस डिजाइन को केन्द्र की सरकार में दिखाया गया, इसके बाद उसका स्वारुप बदल दिया गया, कन्वेंशन सेंटर के रुप में उसमें भी तत्कालीन महापौर रामगोपाल मोहले ने एक प्रस्ताव रखा की इस सेंटर के बनने के बाद मिनी सदन की कार्रवाई इसी में संचालित हो।

### मेयर को अधिकार कहीं भी बुला सकता है बैठक

पांच साल ऊहापोह में बीत गया एक बार फिर नई सरकार की तैयारी में लोग लग गये चुनाव होगा और फिर नई सरकार का गठन होगा फिर सवाल आयेगा कि बैठक होगी कहां, नगर निगम अधिनियम के जानकार बताते हैं कि मेयर को यह अधिकार है को वह सभी संबंधित को 96 घंटे पूर्व सूचना दे कर कहीं भी बैठक बुला सकता है। लेकिन कहां, होटल में, सांस्कृतिक संकुल में, नागरी नाटक मंडली में, टाउन हॉल में, शहीद उद्यान में शामियाना लगा कर।

### वर्ष 2017-22 के कार्यकाल में सदन निर्माण की उठी थी बात

महापौर मृदुला जायसवाल के समय में मिनी सदन के निर्माण के लिए कार्य योजना बनायी गयी थी, जिसपर वाराणसी नगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया भी की गई थी। विधानसभा की तर्ज पर वाराणसी नगर निगम के मिनी सदन के निर्माण की बात की गयी थी। एक एकड़ में इसका निर्माण कराना था, लेकिन यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गयी।

## क्या है 'गदा' और क्यों इसे बचाते थे महापौर

मिनी सदन में होने वाली महापौर की बैठक में जहां शहर की कार्य योजनाओं पर प्रमुखता से वार्ता करते हैं वहीं प्रमुखता के साथ महापौर के पास एक गदा भी रखा रहता है, यह सिर्फ गदा ही नहीं बल्वि महापौर के सम्मान व निगम की गरिमा को इंगित करता है। बैठक के बाद गदा उठाना इस बात का घोतक हैं कि अब सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी गयी है। किसी भी हंगामे पर सबसे पहले गदा को निगम के कर्मचारी सुरक्षित करते हैं। यह गदा पूर्व में महापौर के दफ्तर की आलमारी में रखा जाता है, आलमारी खराब होने के बाद से यह गदा नाजिर के कार्यालय में रखा रहता है। इस गदा को घुमाने की परम्परा नहीं हैं लेकिन पांच साल से कोई सदन ना होने से इस गदा को सिर्फ घुमाया जा रहा है। कहीं टाउनहाल तो कहीं सास्कृतिक संकुल। चौकाघाट स्थित गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में नगर निगम सदन की पहली बैठक बुलायी गयी थी। एजेंडे के तहत कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन होना था। महापौर ने चुनाव कराने के लिए औपचारिक घोषणा कर दी। तभी दशाश्वमेध पार्षद नरसिंह दास ने सदन में शोक प्रस्ताव लाया। कुछ मामलों को देखते हुए सदन का स्थगित कर दिया गया, कुछ पार्षद नाराज हुए तो महापौर के न्यायदंड (गदा) को लेकर भागने लगे। इसके पूर्व वर्ष 2012 से 2017 के बीच तत्कालीन महापौर रामगोपाल मोहले की बैठक निगम स्थित मिनी सदन मे होती थी उनके कार्यकाल में भी कई बार पार्षदों की ओर से उनका न्यायदंड (गदा) को लेकर भागने की कोशिश की जाती रही है। ऐसे में हंगामा होने के बाद सबसे पहले महापौर अपनी गदा को सुरक्षित स्थान पर रखते थे।

### जापान व कोरिया के लोग भी आये थे देखने

वाराणसी निगम का मिनी सदन की बनावट व कार्यप्रणाली को देखने के लिए कोरिया व जापान का प्रतिनिधिमंडल भी देखने आता था, विधान सभा की तर्ज पर बने इस मिनी सदन में दर्शक दीर्घा के अलावा पत्रकारों को बैठने के लिए उचित स्थान, सभी पार्षदों के समक्ष माइक सहित अन्य सुविधाएं थी।

### चलते-चलते

जिस शहर में विकास की लहरें उठती धराएं बह रहीं हैं उसी शहर के विकास की चर्चा व कार्य योजनाओं पर वार्ता करने मॉडल पेश कर पार्षदों की ओर से अपनी बात को कहने का उचित स्थान ही नहीं हैं, खाना बदोशी के जीवन जैसा मिनी सदन का अस्तित्व हो गया है। पांच साल बाद फिर वही प्रश्न दोहराया जा रहा है कि अब नये पार्षदों की बैठक आखिरकार कहां होगी। क्या ऐसे ही घुमते घुमते एक बार फिर बैठक होगी। यह आज भी यक्ष प्रश्न है।

# गणपति रुद्र व दुर्गा सूक्त हवन से गंगा पुष्कर महोत्सव का शुभारंभ



### आदिशंकराचार्य को काशी में पहली बार हुआ था परमेश्वर का दर्शन: श्रीनिवास बंगरैया

अस्सी स्थित छोटानागपुर वाटिका में सायंकाल व्याकरणाचार्य ब्रहम्मश्री श्रीनिवास बंगरैया शर्मा (गुरूजी) का तमिल में प्रवचन हुआ। उन्होंने आदिशंकराचार्य जगद्गुरु के वैभव व काशी वैभव की विस्तृत व्याख्या की। कहा कि आदिशंकराचार्य का जन्म केरल में हुआ था। उन्होंने कैलाश मानसरोवर का तीन बार और पूरे भारत की परिक्रमा की। आदिशंकराचार्य ने ब्रह्म सूत्र का उपनिषदों व पुराणों का भागवत गीता का भाष्य लिख कर सनातन धर्म को पुर्नजीवित किया। आदिशंकराचार्य को काशी में पहली बार परमेश्वर का दर्शन हुआ था। आज दक्षिण भारत से हजारों श्रद्धालु काशी आते हैं और बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करते हैं। इसका मूल कारण जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ही हैं। अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य महास्वामी भारती तीर्थ के अनुग्रह व आशीर्वचन से यह कार्यक्रम काशी में आयोजित है। इस अवसर पर सायंकाल डा. अनंतलक्ष्मी (हैदराबाद), डा. शंकर शर्मा (हैदराबाद), किरणमयी (हैदराबाद) व सांगवेद सम्मुख शर्मा काशीवासी का भी प्रवचन हुआ।

प्रातः काल आदिशंकराचार्य के विग्रह का हुआ पूजन

कार्यक्रम स्थल से अस्सी घाट तक निकाली गई शोभायात्रा

अस्सी पर आन्ध्र, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु से जुटे हजारों भक्त, छोटा नागपुर वाटिका अस्सी में आदि शंकराचार्य जयंती व गंगा पुष्कर महोत्सव का आयोजन

**वाराणसी।** आदिशंकराचार्य भक्त समाज एवं तत्वम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से काशी में पहली बार मन और ज्ञान के लिए आदिशंकराचार्य जयंती व शरीर की शुद्धि के लिए गंगा पुष्कर महोत्सव आयोजित है। यह आयोजन अस्सी के समीप स्थित छोटा नागपुर वाटिका में त्रिदिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन शुक्रवार को प्रातःकाल गणपति रूद्र व दुर्गा सूक्त हवन से हुआ गंगा पुष्कर महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में हजारों की संख्या में तेलगु समाज के लोगों ने भागीदारी की। 25 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में नित्य गंगा पूजन, गणपति, शतचंडी रूद्र, सुदर्शन और सौर होम, सांय प्रवचन, 25 अप्रैल को आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव पर गंगा में जल बिहार सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान व 26 अप्रैल को नारायण बलि के साथ कार्यक्रम की पूणार्हुति होगी। इसका सजीव प्रसारण भी किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम दिन प्रातःकाल गणपति रूद्र सूक्त व दुर्गा सूक्त से हवन करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात सुबह जगद्गुरु आदिशंकराचार्य महराज के पंच धातुओं से बने विग्रह पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल से अस्सी घाट तक श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रमेश गुप्ता, मल्लय गुप्ता, सतीष एवं हैदराबाद के भीमसेन मूर्ति समेत काफी लोग मौजूद थे।

### 24 वर्षों से होता चला आ रहा है आयोजन

तत्वम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मश्री श्रीनिवासा बग्गारमया शर्मा ने बताया कि 24 वर्ष से यह आयोजन ट्रस्ट की ओर से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा व अन्य देशों में होता चला आ रहा है। बाबा विश्वनाथ वह मां गंगा की कृपा से इस वर्ष काशी में आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सुखद संयोग यह भी है कि इस समय 12 वर्ष बाद मां गंगा की पुष्कर जयंती पड़ रही है जिसका की बड़ी संख्या में तेलगु समाज के लोग लाभ प्राप्त करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि जीवन में प्रत्येक 12 वर्ष पर विशेष बदलाव होता है। 24 वें वर्ष में दूसरा, 36 वें वर्ष में तीसरा, 48 वें वर्ष में चौथा, 60 वें वर्ष में पांचवा, 72 वें वर्ष में छठॉ, 84 वें वर्ष में सातवां इसी तरह क्रम चलता रहता है। 12 वर्ष में एक बार नदी भी स्वयं को शुद्ध करती है। इस दिन का मानव शरीर को शुद्ध करने और पापों के नाश का अवसर प्राप्त होता है। तेलगु समाज के लोग उसका भी लाभ काशी में उठाएंगे। देश-विदेश से भी भक्त लोग उपरोक्त कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। आदि शंकराचार्य की बात दुनिया को भारत से जोड़ता है। उनके बताए रास्ते पर चलने और पूरी दुनिया को जोड़ने का दिन है। आदि शंकराचार्य की जयंती जो हमारे लोग भारत ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में मनायी जा रही है। आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर 25 अप्रैल को सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक अस्सी से मणिकर्णिका घाट तक बजड़े पर गंगा में जल बिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नारायण की बलि के साथ कार्यक्रम की पूणार्हुति होगी।

### माता गंगा के वंदन संग पावन पुष्करलू पर्व का श्रीगणेश



**वाराणसी।** शुक्रवार की सांझ चारों वेदों की ऋचाओं के उद्धघोष से गंगा की धारा तरंगित हो उठी। वैदिक अनुष्ठानों की ऐसी आभा कि आलोकित हो उठे गंगा के पथरीले घाट। अवसर था काशी तेलुगू समिति व श्रीराम तारक आन्ध्रा आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में पुष्करलू पर्व की पूर्व संध्या पर मां गंगा के वंदन अभिनंदन अनुष्ठान का। इसके साथ ही दक्षिण भारत के लाखों आस्थावानों के धमार्नुरागी मन को पुण्य फल से सिंचित करने वाले परम पावन स्नान पर्व का औपचारिक शुभारम्भ हुआ। विभिन्न पीठों के अधिपति, सैकड़ों वेदज्ञ व हजारों धमार्नुरागी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इसके पूर्व इन सभी ने 12 दिन के तप का संकल्प लेकर पंचामृत स्नान से अभिषिक्त गंगा का षोडशोपचार पूजन किया। इस दौरान मानसरोवर घाट पर आयोजित यह अनुष्ठान महोत्सव चारों वेदों के उद्धघोष से गूंजता रहा। तदनंतर सामवेद सन्मुख शर्मा प्रसिद्ध प्रवचनकार गुंटूर (आंध्रा) शिवा स्वामी व नारायणा नंद भारती स्वामी ने धर्म प्राण जनों का उद्धबोधन किया व दिवंगतजनों की स्मृतियों को समर्पित इस महापर्व की महिमा बतायी। अनुष्ठान का समारोप पंच पीठिकाओं पर आसीन बुदा राजु, हर्षवर्धन शर्मा, अनिरुद्ध कुमार चौबे,अनुराग कुमार चौबे व सुजल पाण्डेय आदि विप्रजनों द्वारा मां गंगा को समर्पित आरती से हुआ। संचालन बीएचयू तेलुगू विभाग के पूर्व अध्यक्ष के प्रो चल्ला श्रीरामचन्द्र मूर्ति ने किया। इस अवसर पर तेलुगू समिति के गौरवाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद जीवीएल नरसिंहांराव के प्रतिनिधि, समिति के उपाध्यक्ष प्रो नरसिंघ मूर्ति व वीएस सुब्रमण्यम मणि, सचिव वीवी सुन्दर शास्त्री, सह सचिव द्वय तुलसी गजानन जोशी, डा वेणु गोपाल आदि मौजूद थे।

**वैदिक अनुष्ठानों की आभा से आलोकित हुआ गंगा तट वेद की ऋचाओं की गूंज से भागीरथी की धार हुई तरंगित**

# आज की रात न जाओ सांवरिया...

**पद्मश्री डा. सोमा घोष की गायकी ने बागेश्वरी देवी को किया जीवंत**

**पं. देवाशीष डे की ठुमरी में दिखी पं. महादेव प्रसाद मिश्र की झलक**

**रुद्रशंकर मिश्र ने 'हटो जाओ रे न बोलो कान्हा' पर पेश किया कथक**

**प्रख्यात गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की याद में ठुमरी महोत्सव का आगाज**

**पूर्वायन चटर्जी ने सितार पर पेश कीं बंदिशें**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** प्रख्यात शास्त्रीय गायिका विदुषी स्व. बागेश्वरी देवी की याद में शुक्रवार को सायंकाल महमूरगंज स्थित रमन निवास में पांच दिवसीय ठुमरी महोत्सव का आगाज हुआ। ठुमरी गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में 22 साल बाद बागेश्वरी देवी ठुमरी महोत्सव आयोजित किया गया है। संस्कृति विभाग के सहयोग से मधु मुर्च्छना की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र, पद्मश्री डा. सोमा घोष, फिल्म निर्देशक शुभंकर घोष, पूर्व मेयर राम गोपाल मोहले, सुबह-ए-बनारस के संस्थापक अध्यक्ष डा. रत्नेश वर्मा, अजय गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित करके किया। ठुमरी महोत्सव की शुरूआत बनारस घराने के कलाकार पं. दुर्गा प्रसन्ना के शहनाई वादन की मंगल धुन से हुई। उन्होंने शहनाई पर ठुमरी की धुन पेश कर माहौल में रस घोल दिया। तत्पश्चात पद्मश्री डा. सोमा घोष ने मंच संभाला। उन्होंने अपनी गुरु स्व. बागेश्वरी देवी की पसंदीदा ठुमरी से महोत्सव की शुरुआत की। उन्होंने आज की रात न जाओ सांवरिया मोरी मानो जब सुनाया तो तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिवादन किया गया। इसके बाद उन्होंने बागेश्वरी देवी की ठुमरी जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाये पेश कर पूरे माहौल को रससिक्त कर दिया। कहा कि ठुमरी संवेदनशील गायकी है। इसमें गायिका को नायिका बनना पड़ता है। ठुमरी कभी बेचैनी, कभी इंतजार कभी विनती तो कभी नायिका का शर्माना दर्शाती है। रस और भाव का प्रधान्य, ठुमरी की विशेषता है। ठुमरी में हर भाव दिखती है। इसमें हर शब्द को गाना पड़ता है। बताया कि यह आयोजन अपने गुरु स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में कर रही हैं। बागेश्वरी देवी के निधन के एक साल बाद उन्होंने मुंबई में उनकी याद में ठुमरी महोत्सव किया था। अब 22 सालों के बाद यह आयोजन हो रहा है। जिसमें कई दिग्गज कलाकार आये हुए हैं।



ठुमरी गायन के बाद कोलकाता से आये पूर्वायन चटर्जी का सितार वादन हुआ। उन्होंने सितार के तारों को झंकृत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। उनके साथ तबले पर शुभ महराज ने बखूबी संगत की। सितार वादन के पश्चात प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे का गायन हुआ। उन्होंने गायन की शुरुआत ठुमरी अंग की रचना से की। बंदिश के बोल थे- ऐसी कैसी रीत नेहा की निराली। इसके बाद उन्होंने बनारसी दादरा सुनाया। बंदिश के बोल थे- हमें ना भावे यारी रे सांवरिया। इसके बाद उन्होंने चैती सुनायी। बंदिश के बोल थे-सारी-सारी रतिया जगाये हो रामा कोयली तोरी बोलियां। पं. देवाशीष डे के गायन में ठुमरी सम्राट पं. स्व. महादेव प्रसाद मिश्र की छाप दिखायी पड़ी। पं. देवाशीष डे ने अपने गायन से वहां मौजूद सभी श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। उनके साथ ललित कुमार (तबला) व पंकज मिश्र (हारमोनियम) पर जोरदार संगत की। तत्पश्चात बनारस घराने के कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र के युवा पुत्र रूद्रशंकर मिश्र का ठुमरी पर आधारित कथक नृत्य हुआ। उन्होंने नृत्य की शुरुआत शिव वंदना से की। उन्होंने पारम्परिक तीन ताल में तोड़े टुकड़े, बनारस की बंदिशें, स्व. पं. किशन महराज की बंदिशें व लयकारी के साथ ही थाली पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को अचम्भित कर दिया।



अंत में गायन शैली में पं. महादेव प्रसाद मिश्र की ठुमरी- हटो जाओ रे न बोलो कान्हा पर जोरदार नृत्य पेश किया। तत्पश्चात दादरा मो पे डालो रंग गिरधारी रे पर कथक पेश कर सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ उदय शंकर मिश्र (तबला), संतोष मिश्र (गायन) व अनीस मिश्र (सारंगी) पर जोरदार संगत कर कार्यक्रम में और भी चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चक्रवर्ती कर रहे थे।